सुप्रभात

रांची, मंगलवार

13.12.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 150




12 नोरा फतेही ने जैकलीन के खिलाफ दर्ज कराया केस

## न्यूज डायरी

### पति ने कराया था डेढ़ करोड़ का बीमा, पत्नी ने मार डाला

**रांची।** 30 मार्च को अरगोड़ा थाना क्षेत्र में दवा कारोबारी राकेश रंजन की हुई मौत मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। राकेश रंजन ने डेढ़ करोड़ का अपना बीमा कराया था। पत्नी प्रीति रंजन नॉमिनी थी। उसी पैसे की लालच में साजिश कर पति की हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में प्रीति के खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं।

### कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** सीएम हेमंत की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 14 दिसंबर को शाम 4 बजे से होगी। बैठक की अधिसूचना जारी की गयी है। बैठक में कई अहम फैसले संभव हैं।

### मदरसे में बच्ची से दुष्कर्म आरोपी इमाम गिरफ्तार

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के मदरसे में 8 वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत की थी। एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि आरोपी इमाम अमीनुल्लाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### विधायक ढुल्लू महतो को सरेंडर करने का आदेश

**रांची।** हाइकोर्ट ने सोमवार को भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को चार हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। पुलिस अधिकारी की वर्दी फाड़ने और पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में कोर्ट ने ये आदेश दिया है। निचली अलालत नें उन्हें 18 माह की सजा सुनायी है। वह इस केस में सरेंडर से छूट के लिए हाईकोर्ट गये थे।

# भारत और चीन में फिर झड़प, कई जवान घायल

## तवांग घाटी में चीन को भारी क्षति, खदेड़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई है। झड़प में दोनों देशों के सैनिकों के घायल होने की खबर है। इसमें चीन के ज्यादा सैनिक घायल हुए हैं और उसे क्षति भी अधिक हुई है। भारतीय जवानों ने अपनी सीमा में घुस रहे चीन के तीन सौ से भी अधिक जवानों को खदेड़ दिया। लद्दाख के बाद इस बार अरुणाचल के तवांग में दोनों के बीच झड़प 9 और 11 दिसंबर की रात हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस झड़प में 30 सैनिकों के घायल होने की खबर है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। झड़प के बाद शांति बहाली के लिए दोनों देशों के बीच फ्लैट मीटिंग भी हुई। तवांग में घायल हुए भारतीय सैनिकों को इलाज के लिए गुवाहाटी लाने की खबर है। इससे पहले डोकलाम में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी।

**चीन के ज्यादा सैनिक घायल :** इस झड़प में भारत के करीब 30 सैनिक घायल हुए हैं। चीन के भी कई सैनिक घायल हुए हैं, जिनकी संख्या अधिक है। हालांकि भारत का कोई भी सैनिक गंभीर नहीं है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के साथ पत्थरबाजी भी हुई। रिपोर्ट के अनुसार पहली झड़प 9 दिसंबर को हुई। इसके बाद 11 दिसंबर को भी झड़प हुई। (शेष पेज 11 पर)

## गुमला में बोले सीएम, जोहार यात्रा से वंचितों को मिल रहा न्याय

# 20 वर्षों तक झारखंड को खूब दूहा, गरीब बना दिया

### अब व्यवस्था बदली तो विपक्ष की बढ़ी बेचैनी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/गुमला।** खतियानी जोहार यात्रा के दौरान सोमवार को गुमला में सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि 20 वर्षों तक राज्य को चारागाह के रूप में उपयोग कर झारखंड़ियों को गरीब से गरीब बना दिया गया। आदिवासियों ने पेट में गमच्छा बांधकर राज्य के लिए संघर्ष किया, बलिदान दिया पर दुर्भाग्य है कि राज्य मिला तो सत्ता शोषण करने वालों के हाथों पर चला गया। झारखंड में शोषण का खेल इतना भयावह है कि हम बखान नहीं कर सकते हैं। आदिवासियों का जीवन नरक हो गया था। वर्ष 2019 में हमने सत्ता हासलि नहीं किया होता तो राज्य को बचाना मुश्किल हो जाता। सीएम ने कहा कि बीस सालों की व्यवस्था हमने बदल डाली। इसलिए अब विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। वे अपने किये भ्रष्टाचार का ठीकरा हम पर फोड़ रहे हैं। गुमला पहुंचने पर सीएम का जोरदार स्वागत किया गया। इसी दौरान मंच के नीचे बैठे थे पद्मश्री मधु मंसूरी को सीएम ने देखा तो खुद जाकर उन्हें मंच पर ले आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंचित समाज के युवा जज, वकील, आइएएस, आइपीएसए आदि बनना चाहते हैं, पर गरीबी बाधक बन जाती थी। अब हमारी सरकार ने उनके लिए योजनाएं बनायी है। पहले लोग अपने अधिकारों के लिए ब्लॉक ऑफिस का चक्कर लगाते-लगाते थक जाते थे, हमने इस व्यवस्था को बदला। पूर्व की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को घटा दिया था। हमने 1932 खतियान विधेयक और ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक विधानसभा से पारित कराया। इसे केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। हमनें पहली बार लोगों के दरवाजे तक शासन-प्रशासन को भेजा। युवाओं की पढ़ाई की व्यवस्था की। वर्षों से हक-अधिकारों से वंचित रहने को मजबूर लोगों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें सम्मान दिया। यही सब देख झारखंड विरोधी विपक्ष परेशान है। (शेष पेज 11 पर)

# पूजा की जमानत पर अब 2 को सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

### सुप्रीम कोर्ट ने इडी को जारी किया नोटिस



**रांची।** मनरेगा घोटाला और मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। उनकी जमानत याचिका पर सोमवार को जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अभय एस ओका की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इडी को नोटिस जारी किया है। अब सुप्रीम कोर्ट पूजा सिंघल की बेल पर 2 जनवरी को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान पूजा की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने अदालत से आग्रह किया कि पूजा की बेटी की तबीयत अच्छी नहीं है। उनकी बेटी को स्पीच सिंड्रोम नाम की बीमारी है, इसलिए उन्हें जमानत दे दी जाये। इसपर अदालत ने इडी को यह निर्देश दिया है कि मेडिकल कंडीशन को वेरिफाई किया जाये। गत 3 नवंबर को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के बाद पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट गयी थीं। ईडी ने 11 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था। (शेष पेज 11 पर)

### इडी दफ्तर नहीं पहुंचे डीएसपी प्रमोद मिश्रा

**रांची।** बरहरवा टोल प्लाजा मामले में 24 घंटे के अंदर क्लीन चिट देनेवाले डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा समन के बावजूद सोमवार को ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इडी ने पुछताछ के लिए सोमवार को बुलाया था। इडी ने इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को भी एक पत्र भेजा था। डीजीपी नीरज सिन्हा ने डीएसपी प्रमोद मिश्रा को एक लिखित निर्देश दे कर जांच में इडी का सहयोग करने के लिए कहा गया था। अधिकारी वेट करते रहे, पर वह नहीं आये।

# 16 मंत्रियों संग भूपेंद्र ने दूसरी बार ली गुजरात सीएम पद की शपथ



**गांधीनगर (एजेंसी)।** भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत अहमदाबाद में नये सचिवालय परिसर के अंदर हेलीपैड मैदान में उन्हें शपथ दिलायी। श्री पटेल के साथ 16 और विधायकों को मंत्री-पद की शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा शासित राज्यों के सीएम, झारखंड के तीन पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा भी शामिल थे। समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी , यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी समारोह में शामिल हुए। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से 156 सीटें जीत कर अपना नया रिकार्ड बनाया है।




## झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, भगवान बिरसा जैविक उद्यान, चकला (ओरमाँझी), राँची

### निविदा सूचना

भगवान बिरसा जैविक उद्यान के वन्यप्राणियों के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 में वयस्क–टिकट बुक छपाई की आपूर्ति हेतु इच्छुक एवं अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सं0 | आ0सा0 02 / 2022–23 |
| 2. | निविदा प्रपत्र एवं अभिलेख की प्राप्ति आरंभ की तिथि | 15.12.2022 |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 10.01.2023 (पूर्वा0 11.00 बजे तक) |
| 4. | निविदा समर्पित करने का स्थान | कार्यालय : सदस्य सचिव, झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, चकला, ओरमांझी, राँची– 835219 |
| 5. | निविदा खोले जाने की तिथि / समय | 10.01.2023 (11.30 बजे पूर्वा0) |
| 6. | निविदा खोले जाने का स्थल | कार्यालय : सदस्य सचिव, झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, चकला, ओरमांझी, राँची– 835219 |
| 7. | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD की राशि (तकनीकी बिड के साथ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD 1000 / – 10000 / – नोट : प्रत्येक बुक में 100 टिकट रहेगा |

निविदा शर्तें एवं निविदा प्रपत्र सदस्य सचिव, झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, ओरमांझी, राँची के कार्यालय से यथा निर्दिष्ट अवधि में प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाईट www.birsazoojharkhand.in से डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाईट देखा जा सकता है।

ह0 / –
सदस्य सचिव
झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, राँची
ईमेल : jharkhandzooauthority@gmail.com

PR 284846 Jharkhand Zoo Authority(22-23).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD), RANCHI**
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

### e-Procurement (Very Short Tender Notice)

Letter of Invitation (LOI) No.-12/2022-23
1st Call
e-Tender Ref No:– RCD/PI Div./Ranchi/12/764 Date:-09.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Feasibility Report for selection of suitable Alignment from Ch. 0.00 to 1.78 Km of Ranchi Ring Road (Section-VII) to Central University Road including Land Acquisition Proposal in the State of Jharkhand from empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid only. |
| 2 | Tentative Length | - |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand), Bank draft and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India Payable at Ranchi in favour of Executive Engineer, Planning& Investigation Division, Road Construction Department,(RCD), Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 17.12.2022,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid | 23.12.2022 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 23.12.2022 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 26.12.2022 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi Mob-94311-65712 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department (RCD), Ranchi.

PR 284839 Road(22-23)D



## कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2022-23

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

1. विभाग का नाम :–जिला परिषद सिमडेगा
2. विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–21.12.2022 (कार्यालय अवधि में अपराहन् 2:30 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 22.12.2022 (पूर्वाहन 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराहन तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.12.2022 (अपराहन 2:30 बजे)
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8. कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोलेबिरा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा | 8,95,307.00 | 18000.00 | 2500.00 | 60 दिन |
| 2 | ठेठईटांगर | रेफरल अस्पताल, ठेठईटागर | 13,34,600.00 | 26700.00 | 2500.00 | 60 दिन |
| | | कुल योग | 22,29,907.00 | | | |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, सिमडेगा।

PR.NO.284863 Rural Development(22-23):D



## Office of Executive Engineer
**Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh**

### Very Short Tender e- Procurement Notice
(मद का नाम : जिला अनाबद्ध निधि)

Tender reference :- 12/2022-23 Date :- 12.12.2022

| Sl. No | Particulars | Details | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of 200x165mm dia x 200 mtr depth High Yield Drilled Tube well with Submersible Motor Pump with its allied works for Muktidham Electric Cremation Ramgarh Near Thana Chowk, Ramgarh for the year 2022-23 | | | |
| | | Estimated Cost (in lakh) | E. M. Required (in Lakh) | Cost Of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
| | | 32.31048 | 0.65000 | 5000.00 | 3 Month |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 16.12.2022 at 05.00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 23.12.2022 up to 05.00 PM | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 24.12.2022 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 24.12.2022 at 05.00 PM | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06553-223193 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 06553-223193 | | | |

1. Only Registered Contractor in this department may participate in the said tender.
2. Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Note: - Updated estimated cost and earnest money should be taken as mentioned in the website.

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

PR 284813 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D


### बच्चों को स्कूल में एक दिन खाना नहीं मिला, तो बीइओ का दो दिन का कटेगा वेतन

# राज्य के 61000 से अधिक पारा शिक्षकों का कटेगा 12 % ईपीएफ

**खुशखबरी**

पारा शिक्षकों के मानदेय से कटेगा 6 प्रतिशत और 6 प्रतिशत सरकार देगी

राज्य सरकार पारा शिक्षकों के लिए कल्याण कोष का भी गठन करेगी

कल्याण कोष में जमा राशि से पारा शिक्षकों के रिटायरमेंट पर 5 लाख और किसी की आकस्मिक मृत्यु होती है, तो 5 लाख की आर्थिक मदद दी जायेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 61,421 पारा शिक्षकों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सहायक अध्यापकों के खाते में ईपीएफ में 12 प्रतिशत राशि जमा होगी। इसमें पारा शिक्षकों के मानदेय से कटेगा 6 प्रतिशत और 6 प्रतिशत सरकार देगी। स्कूली शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने इससे संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर कर दिया है। सरकार पारा शिक्षकों के लिए कल्याण कोष का भी गठन करेगी। कल्याण कोष में जमा राशि से पारा शिक्षकों के रिटायरमेंट पर 5 लाख और किसी की आकस्मिक मृत्यु होती है, तो 5 लाख की आर्थिक मदद की जाएगी। बताते चलें कि झारखंड में विद्यालयों की स्वीकृति, प्रधानाध्यापकों के पद सृजन तथा सहायक अध्यापकों से जुड़ी समस्याओं को लेकर यह समीक्षा बैठक बुलायी गयी थी।

इधर एकीकृत पारा शिक्षक संघ अध्यापक संघ के ऋषिकेश पाठक ने कहा कि इस सरकार ने मानदेय दिया है और यही सरकार हम सहायक अध्यापकों को वेतन मान भी देगी।

### मिड-डे मील की पूरी जिम्मेवारी अब प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पर : शिक्षा मंत्री



मंत्री जगरनाथ महतो ने बताया कि राज्य के सरकारी स्कूलों में अब मिड डे मिल का सारा जिम्मा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीइओ) पर होगा। स्कूल में अब एक दिन भी बच्चों को मिड डे मिल का भोजन नहीं मिलेगा, तो बीइओ का दो दिन का वेतन काटा जाएगा। समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों के पद सृजन को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य में मिडिल स्कूलों में 9000 प्रधानाध्यापकों के पद सृजित किए जायेंगे।

### शिक्षकों की नियुक्ति गृह जिला में ही होगी

सोमवार को आयोजित बैठक में फैसला हुआ है कि अब कई शिक्षकों की गृह जिला में ही नियुक्ति की जाएगी। इसमें महिला शिक्षक, अगर पति-पत्नी शिक्षक हैं या फिर कोई स्वास्थ्य कारणों का हवाला देने वाले शिक्षक शामिल हैं, तो ऐसे मामलों में राज्य सरकार उनके पदस्थापना को लेकर विचार करेगी। बैठक में सहायक अध्यापकों से जुड़ी समस्याओं में वेतन विसंगति, अनुकंपा, आकलन परीक्षा, कल्याण कोष, कर्मचारी भविष्य निधि आदि समेत कई विंदुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) निदेशक, झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के सचिव उपस्थित थे।

### पूजा सिंघल समेत तीन आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और बर्खास्त जेई राम विनोद प्रसाद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि 11 दिन तक बढ़ा दी गई है। सोमवार को तीनों आरोपियों को वीडिया कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 23 दिसंबर निर्धारित की है। मालूम हो कि खूंटी में हुये मनरेगा घोटाला मामले की ईडी जांच कर रही है। ईडी ने पूजा सिंघल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीए सुमन कुमार के आवास से 19 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। इससे पहले कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा को इस मामले में बर्खास्त कर दिया गया। फिलहाल, वह उक्त मामले में ढाई साल से जेल में है।

### सीए सुमन की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत 17 दिसंबर को आदेश सुनायेगी। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोज अतीश कुमार ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ मामले में आरोप गठन के ठोस सबूत हैं। आरोपी के ठिकाने से ईडी की छापेमारी में 17.49 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद की गयी थी। सुमन कुमार ने 2 नवंबर को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल कर मामले से मुक्त करने की गुहार लगाई है। सुमन कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। उनके आवास पर छापेमारी में 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये एवं उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये की राशि बरामद की गयी थी।

## बजट की आधी राशि भी खर्च नहीं, अब द्वितीय अनुपूरक की तैयारी में सरकार

विस के शीतकालीन सत्र में 20 दिसंबर को द्वितीय अनुपूरक बजट होगा पेश



इस बार करीब 3000 करोड़ रुपये तक की राशि द्वितीय अनुपूरक से लेने की तैयारी

वित्त विभाग आज दिनभर विभिन्न विभागों के साथ करेगा मैराथन बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 20 दिसंबर को द्वित्तीय अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। वित्त विभाग ने इसे देखते हुए सभी विभागों को पत्र लिखा है। द्वित्तीय अनुपूरक व्यय विवरणी 2022-23 के लिए प्रस्ताव मांगा है। इस बार करीब ₹3000 करोड़ तक की राशि द्वित्तीय अनुपूरक से लेने की तैयारी की जा रही है। प्रथम अनुपूरक में भी 3436 करोड़ की राशि ली गयी थी। मालूम हो कि झारखंड सरकार का वित्त वर्ष 2022-23 में 101101 करोड़ का बजट था। इसे पुनरीक्षित करके 103845 करोड़ का किया गया। इसमें से अब तक 44460 करोड़ यानि 43 प्रतिशत राशि व्यय हुई है। इसमें योजना बजट 59464 करोड़ का है जिसमें 22158 करोड़ यानि 37 प्रतिशत खर्च की गयी। वहीं, स्थापना बजट 44381 करोड़ का है जिसमें 23664 करोड़ यानि 53 प्रतिशत राशि मात्र खर्च हुई है। इधर, इस वित्त वर्ष की समाप्ति में महज साढ़े तीन माह बचे हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार वित्त विभाग आज ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, उर्जा, गृह, पथ इत्यादि सभी विभागों के साथ दिनभर मैराथन बैठक भी करेगा। केंद्र सरकार के द्वारा केंद्र प्रायोजित स्कीम, केंद्रीय सेक्टर स्कीम की हिस्सेदारी में परिवर्तन के कारण यदि बजट में संशोधन अपेक्षित हुआ तो इसका भी प्रस्ताव देने को कहा गया है। वहीं विगत वर्ष, चालू वित्त वर्ष में केंद्र प्रायोजित स्कीम या केंद्रीय सेक्टर स्कीम में भारत सरकार से राशि प्राप्त हो गयी और उसका उपबंध व्यय नहीं किया गया या उपबंधित राशि काफी नहीं हो तो इस पर भी प्रस्ताव मांगा है।

नियम 377 के तहत लोकसभा में किया आग्रह

### अंधविश्वास बढ़ाने वाली चंगाई सभाओं पर लगे रोक : संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को सांसद संजय सेठ ने नियम 377 के तहत अंधविश्वास बढ़ाने वाली चंगाई सभाओं पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड में डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास के कारण प्रत्येक वर्ष आधा दर्जन से अधिक लोग मौत का शिकार होते हैं। एक तरफ इस परिस्थिति से झारखंड जूझ रहा है। कुछ वर्षों में झारखंड में चंगाई सभा के नाम पर अंधविश्वास का खेल भी बढ़ा है। प्रार्थना महोत्सव के नाम पर मूल रूप से लोगों को स्वस्थ करने का झांसा दिया जाता है। इसके बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर छपते हैं। जिसमें गंभीर बीमारियों सहित शारीरिक दिव्यांगता को ठीक करने का दावा किया जाता है। अंधविश्वास बढ़ाने वाली इन सभाओं में मुर्दों के जी उठने की भी बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि यह कार्य झारखंड से बाहर के धर्म प्रचारकों और पादरियों द्वारा किया जाता है। इससे चंगाई सभाओं में भीड़ बढ़ी है और इसकी आड़ में धर्मांतरण भी हो रहा है। सांसद ने आग्रह किया कि इस तरह की सभाओं पर रोक लगे। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाएं जाये।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे गुमला

# विद्यार्थियों को पूरा सहयोग करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

सेंट पैट्रिक महागिरजाघर के परिसर में पारंपरिक रीति-रिवाज से किया गया स्वागत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गुमला।** सीएम हेमंत सोरेन जिला भ्रमण के दौरान सोमवार को गुमला के सेंट पैट्रिक महागिरजा घर पहुंचे, जहां सेंट अजेंला की छात्राओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को बौद्धिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है और इसका सबसे बेहतर माध्यम शिक्षा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से पूरी सहायता दी जा रही है। आप सब शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

**प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों के लिए मिलेगा आर्थिक सहयोग**

मुख्यमंत्री ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी बेहतर शिक्षा के लिए सरकार सभी समुचित कदम उठा रही है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे क्षेत्रों में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो सरकार आपको मदद करेगी। इसके अलावा यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता देने की योजना सरकार ने शुरू की है। छात्रवृत्ति की राशि में भी इजाफा किया गया है ताकि आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे पढ़ाई से अलग-थलग नहीं हों।

**विदेश में उच्च शिक्षा के लिए पूरा खर्च दे रही है सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलितों और अल्पसंख्यकों को अब विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक तंगी आड़े नहीं आयेगी। सरकार विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए पूरा खर्च आपको प्रदान करेगी। आप सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने साथ राज्य का भी भविष्य संवारने में सहयोग करें। मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की और जीगा सुसारण होरो मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण पर हमेशा जोर देने वाली कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का सम्मान नहीं!

जिला अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस की नवगठित कमिटी में महिलाओं को नहीं मिली पर्याप्त जगह महिला सशक्तिकरण की बात सिर्फ एक छलावा

**सत्येन्द्र**



**रांची।** कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती नहीं, जो करती है वह कहती नहीं। कुछ इसी तरह का वाक्या झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के विस्तार एवं जिला अध्यक्षों के चयन में देखने को मिला। महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर जब महिलाओं को सम्मान देने का समय आता है तो महिला सशक्तिकरण की बात भूल जाती है। इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी अपने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पार्टी की तत्कालीन महासचिव प्रियंका गांधी के द्वारा गत यूपी विधानसभा के चुनाव में महिलाओं के साथ किये गये वादे को भी भूल गयी। ज्ञात हो कि प्रियंका गांधी ने कहा था कि पार्टी, संगठन से लेकर सरकार में महिलाओं को 40 प्रतिशत की भागीदारी देगी। उन्होंने यहां तक कहा था कि देश और राज्य में सरकार बनी तो सरकारी पदों पर भी महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बीते दिनों झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी का गठन एवं जिला अध्यक्षों के चयन में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। प्रदेश कार्यसमिति में गौर करें तो पूरी कमिटी में महज 18 महिलाओं को जगह मिली है। जबकि जिला अध्यक्षों के चयन में प्रदेश कांग्रेस कमिटी को एक भी योग्य महिला नहीं मिली है। इससे कांग्रेस पार्टी से जुड़ी महिलाओं में प्रदेश संगठन के प्रति खासा आक्रोश है। गौरतलब है कि पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की घोषणा की थी। उसके तहत 11 उपाध्यक्ष, 35 महासचिव, 82 सचिव और 33 लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। वहीं कार्यसमिति में 36 लोगों को आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वहीं कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ नेताओं को पार्टी संगठन से जोड़े रखने के लिए 26 सदस्यीय राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) का भी गठन किया है। इसमें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री के अलावा कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को विशेष रूप से जगह दिया गया है।

इस स्थिति में प्रदेश कांग्रेस की नवगठित कमिटी पर नजर डालें तो प्रदेश उपाध्यक्ष में एक भी महिला को जगह नहीं मिली है। महासचिव पद पर तीन महिलाओं को जगह दी गयी है। अलग राज्य बनने के बाद वर्तमान विधानसभा में कांग्रेस सर्वाधिक विधायक जिसकी संख्या 18 है जीतकर आई हैं जिनमें 5 महिला विधायक हैं लेकिन एक को छोड़कर अन्य महिला विधायकों को प्रदेश कमिटी में जगह नहीं मिली है जबकि आमतौर पर यह देखा गया है कि कार्यकारिणी समिति में विधायकों और पूर्व विधायकों को जगह दी जाती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे भी नजरअंदाज किया है।

कमोबस देखा जाय तो जब झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी थी तो सभी दलों की बैठक में यह तय हुआ था कि चार विधायकों पर एक मंत्री पद दिया जाएगा। इसी के तहत गठबंधन की सरकार में कांग्रेस की ओर से चार विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। तत्कालीन समय में कांग्रेस की चार महिला विधायक भी जीतकर आयी थीं। बावजूद कांग्रेस पार्टी ने एक भी महिला विधायक को मंत्री बनाने का प्रयास नहीं किया। महिला विधायकों की मांग रही लेकिन कांग्रेस आलाकमान इसे नजरअंदाज करती रही। इसके बाद कांग्रेस पार्टी में महिला विधायकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी। बावजूद भी कांग्रेस आलाकमान मंत्रिमंडल महिलाओं को जगह नहीं दिला पायी। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती नही, जो करती है वह कहती नहीं। कांग्रेस पार्टी के लिए महिला सशक्तिकरण सिर्फ छलावा है।

# जनवरी 2023 से ई-विद्या वाहिनी एप जियोफेंसिंग के साथ हो जायेगा अपडेट

**100 मीटर के दायरे में रहकर शिक्षकों को दर्ज करनी होगी उपस्थिति, अन्यथा अनुपस्थित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ई-विद्या वाहिनी ऐप जियोफेंसिंग के साथ अपडेट करने की तैयारी कर रहा है। इसी से शिक्षक स्कूल में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। मालूम हो कि सरकारी स्कूलों को बेहतर करने के लिए राज्य सरकार कई कदम उठा रही है। हर साल एक मोटी रकम खर्च की जा रही है, फिर भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा का स्तर सुधर नहीं रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की अनुपस्थिति है। इसी को दुरुस्त करने के लिए सरकार जियोफेंसिंग बेस सर्विस ला रही है, जो शिक्षकों के स्कूल परिसर में उनकी उपस्थिति दर्ज कराएगी। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने बताया कि राज्य सरकार जनवरी 2023 से स्कूलों में जियोफेंसिंग तकनीक अपनाने जा रही है। इसके माध्यम से स्कूल के टाइम पर शिक्षकों को स्कूल परिसर के अंदर 100 मीटर की सीमा के भीतर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

**ई-विद्या वाहिनी ऐप के माध्यम से दर्ज कराते हैं उपस्थिति** : बताते चलें कि वर्तमान समय में शिक्षक ई-विद्यावाहिनी ऐप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यह ऐप ऑफलाइन और ऑनलाइन उपस्थिति डेटा दोनों को दर्ज कर सकता है, लेकिन शिक्षक केवल इंटरनेट के माध्यम से डेटा को अपडेट कर सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन के स्थान का भी पता नहीं लग जायेगा। इस कारण शिक्षक स्कूल में अनुपस्थित हो कर भी उपस्थित दर्ज कर लेते हैं। अब ई-विद्या वाहिनी ऐप को जियोफेंसिंग के साथ अपडेट किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिक्षक साइन इन या आउट करते समय परिसर में थे या नहीं? जियोफेंसिंग तकनीक जीपीएस या रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन का उपयोग करती है। यदि कोई शिक्षक स्कूल परिसर में 100 मीटर के दायरे के बाहर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं तो उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाएगी और वे अनुपस्थित चिह्नित हो जाएंगे।

**क्या है जियोफेंसिंग** : जियोफेंसिंग एक ऐसी तकनीक है, जिसकी मदद से कई दूसरे सॉफ्टवेयर और एप्स जीपीएस का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा वाई-फाई, सेलुलर डेटा और पहले से तय किए गए कई प्रोग्राम में भी इसका प्रयोग होता है। इसके अलावा इसका प्रयोग प्रचार, सोशल मीडिया और कई तरह के एलर्ट में भी होता है। अगर आप किसी गाड़ी की लोकेशन या फिर किसी व्यक्ति को ट्रैक करना चाहते हैं, तो जियो




फेंसिंग की मदद से उसकी सटीक लोकेशन ट्रैक कर सकते हैं।

# डेढ़ करोड़ रुपये के लालच में पत्नी ने की थी दवा करोबारी राकेश रंजन की हत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 30 मार्च को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के मंगलम अपार्टमेंट में रहने वाले दवा कारोबारी राकेश रंजन की हुई मौत मामले का पुलिस ने अपने अनुसंधान में खुलासा कर लिया है। राकेश रंजन की पत्नी ने बीमा के डेढ़ करोड़ रुपये के लालच में साजिश रचकर दवा कारोबारी की हत्या कर दी थी। अरगोड़ा पुलिस ने महिला प्रीति रंजन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में गिरफ्तार महिला प्रीति रंजन के खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं।

**राकेश रंजन ने डेढ़ करोड़ का कराया था बीमा** : पुलिस के अनुसार, मृतक राकेश रंजन ने डेढ़ करोड़ रुपये का बीमा कराया था। जिसकी नॉमिनी प्रीति रंजन थी। वहीं, घटना के दिन सीसीटीवी कैमरे की बिजली कट कर दी गयी थी। घटना के दौरान प्रीति, राकेश रंजन के साथ घर पर ही थी। उस वक्त तक सीसीटीवी कैमरा चल रहा था। इसके अलावा भी पुलिस को कई सबूत प्रीति के खिलाफ मिले हैं।

# रिम्स डेंटल कॉलेज : चेयर साइड अटेंडेंट की हुई नियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स के डेंटल कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी के चेयर साइड अटेंडेंट के रिक्त पदों पर नियुक्ति कर ली गयी है। 24 अगस्त को आयोजित परीक्षा के आधार पर 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रमाण पत्र के साथ प्रारंभिक जांच के बाद संबंधित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया।

**इनका हुआ है चयन** : नीलम कुमारी, खुशबू कुमारी, विकास कुमार चौधरी, दीपांकर सिंह, रसीनाथ हांसदा, पूनम कुमारी, शिव नंदन, कुलदीप सिंह, संगीता टोप्पो, सुशील कुमार मुंडा, गंधरी बेसरा, रेनु कुमारी, पिंकी कुमारी, मुन्नी मरांडी, बीरेंद्र दास, जयमन्ती कुमारी और सुनील कुमार शामिल हैं।

**उद्योग सचिव से मिले चैंबर प्रतिनिधि, कई मुद्दों से कराया अवगत**

# औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के विकास पर जोर दे सरकार : किशोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को उद्योग सचिव वंदना डाडेल से वार्ता की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं के विकास को जरूरी बताते हुए कहा कि कई औद्योगिक क्षेत्रों में एप्रोच रोड की सुविधा नहीं है जिससे उद्यमियों को कठिनाई हो रही है। जरूरी है कि जियाडा द्वारा प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक संगठनों को सफाई और मेंटनेंस के लिए अधिकृत किया जाये। उन्होंने योजनाओं का लाभ राज्य के 75 फीसदी एसटी लाभार्थियों के लिए आरक्षित करने, पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और एमएसएमई द्वारा उत्पादित उत्पादन का 25 फीसदी क्रय झारखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के लिए जरूरी है कि उद्योग विभाग द्वारा स्टेकहोल्डर्स के साथ एक नियमित अंतराल पर सीधा संवाद किया जाये।



**इन बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया** : कई औद्योगिक क्षेत्रों में एप्रोच रोड की सुविधा नहीं, पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की मांग, उद्योग विभाग द्वारा स्टेकहोल्डर्स के साथ एक नियमित अंतराल पर सीधा संवाद जरूरी और औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड की लीज अवधि 99 वर्ष करने।

इस पर उद्योग सचिव वंदना डाडेल ने जनवरी माह में चैंबर भवन में स्वयं उपस्थित होकर राज्य के उद्यमियों के साथ वार्ता करने की बात कही।

प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखंड की लीज अवधि 30 वर्ष से बढ़ाकर पूर्व की भांति 99 वर्ष करने, औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन प्रक्रिया में संशोधन करने, वाणिज्यकर विभाग द्वारा एसजीएसटी के रिम्बर्समेंट में दिखाई जा रही उदासीनता पर कार्रवाई करने, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए वनोपज से इथनॉल बनाने में फॉरेस्ट प्रोड्यूज का उपयोग किये जाने, जियाडा द्वारा निर्गत किये जानेवाले डेट ऑफ प्रोडक्शन सर्टिफिकेट के समय पर नहीं मिलने से परेशानी, जेएसएमडीसी से उद्योगों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और भूमि की कीमत के किस्त भुगतान की अवधि को पुनः विस्तारित करने की मांग की गयी। उद्योग सचिव ने सभी मुद्दों पर साकारात्मक रूख दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, ज्योति कुमारी, बिनोद अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्रिसमस से पहले मिलेगा सरकारी कर्मियों को वेतन

**रांची।** झारखंड के सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर। उन्हें क्रिसमस से पहले वेतन मिल सकता है। वेतन भुगतान के लिए विभाग सक्रिय हो गया है। फाइल बढ़ गई है। इसका आदेश भी जल्द जारी हो सकता है। जानकारी के अनुसार सरकार ने दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर अक्टूबर, 2022 का वेतन पहले ही दिया था। राज्य सरकार के निर्णय पर झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय और विधानसभा सचिवालय में सभी पदाधिकारी और कर्मियों को अक्टूबर के मासिक वेतन का भुगतान 20 अक्टूबर, 2022 से किया गया था। क्रिसमस 25 दिसंबर को है। यह क्रिश्चन समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। इस समुदाय के हजारों कर्मचारी सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत है। उनके साथ अन्य कर्मचारियों को भी वेतन का इंतजार है। यह पर्व से पहले मिल जाने पर उसकी खुशी दोगुनी हो जाती है।

**बात नहीं बनी तो जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन**

# आरआरडीए कर्मियों की वीसी के साथ बैठक आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार आरआरडीए के कर्मियों की वार्ता आज संस्थान के उपाध्यक्ष यानि वीसी से होगी। कर्मचारियों का कहना है कि यदि वीसी से उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता नहीं होती है, तो आगे भी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। आरआरडीए के कर्मचारियों ने 5 दिसंबर को कैंपस में धरना प्रदर्शन कर अभियंता व अधिकारियों के खिलाफ भड़ास निकाली थी। उनका कहना था कि आरआरडीए में राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त उत्पादित पदाधिकारियों अभियंताओं का सिर्फ नक्शा स्वीकृति पर ही ध्यान रहता है। आरआरडीए के विकास कार्यों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त अभियंताओं और पदाधिकारियों को 7वां वेतनमान दिया जा रहा है। परंतु बोर्ड के कर्मचारियों को बोर्ड की बैठक का हवाला देकर इस से वंचित रखा गया है। 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को अब तक किसी प्रकार की प्रोन्नति नहीं दी गई है। कुछ निम्न वर्गीय कर्मचारियों को जबरन सहायक का प्रभार देकर कार्य लिया जा रहा है।

**अक्टूबर तक 10682.99 करोड़ रुपये संग्रह, व्यय राशि 5753.85 करोड़ रुपये**

# खजाने में पड़ी है डीएमएफटी की राशि, जनता को बुनियादी सुविधा भी नहीं : दीपक प्रकाश

**केंद्रीय खान व कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राज्यसभा में सांसद दीपक प्रकाश के सवालों का दे रहे थे जवाब**

**अबतक इस फंड से 53 प्रतिशत राशि खर्च हुई**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय खान व कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि डीएमएफटी के अंतर्गत झारखंड में अक्टूबर 2022 तक 10682.99 करोड़ रूपये संग्रह हुआ है और व्यय राशि 5753.85 करोड़ रूपए है। श्री जोशी सोमवार को राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अबतक इस फंड से 53 प्रतिशत राशि खर्च हुई है। श्री प्रकाश ने कहा कि इस फंड का उपयोग जिलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यकतानुसार किए जाने का प्रावधान है लेकिन जो सूचनाएं मिलती हैं, उससे स्पष्ट है कि पैसे खजाने में पड़े हैं लेकिन जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है।



केंद्रीय मंत्री के उत्तर के हवाले से श्री प्रकाश ने बताया कि खान और खनिज, विकास और विनिमयन, संशोधन अधिनियम 2021 के तहत केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को डीएमएफटी की शासी परिषद में सांसदों-विधायकों और विधान पार्षदों को शामिल करने का आदेश 23 अप्रैल 2021 को ही किया है। इसके अनुसार जिले का प्रशासनिक पदाधिकारी डीएमएफ का अध्यक्ष और खनन क्षेत्र प्रभावित जिले के निर्वाचित सांसद-विधायक और विधान पार्षद उसके सदस्य होंगे।

दरअसल, सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के अंतर्गत बजट के उपयोग में संसद सदस्यों की भूमिका को बढ़ाने तथा झारखंड में डीएमएफटी निधियों के उपयोग की स्थिति के बारे में सवाल पूछा था।

# 25वीं बाल अधिकार कांग्रेस में नीरजा सहाय डीएवी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग केंद्र सरकार द्वारा आयोजित सामाजिक विज्ञान श्रेणी में जूनियर वर्ग में डीपीएस बोकारो में आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में बाल अधिकार कांग्रेस में राइट ऑफ एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन के लिए कक्षा आठवीं की श्रेया मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर सामाजिक विज्ञान संकाय एवं समस्त विद्यार्थियों को बधाई दी। राष्ट्रीय स्तर पर टीम दिल्ली में 17 दिसंबर को शामिल होगी। विद्यार्थी एवं विद्यालय इसके लिए कमर कस कर तैयारी कर रहे हैं।

# राजधानी रांची में बिजली कटौती 5 से घटकर 3 घंटे हुई, अन्य जिलों में 6-7 घंटे तक हो रही लोड शेडिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में बिजली की कटौती की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रही है। सोमवार को रांची जिले के विभिन्न इलाकों में 5 घंटे की जगह 3 घंटे ही बिजली कटौती हुई। वहीं अन्य जिलों में बिजली संकट बरकरार है। रांची को छोड़ अन्य जिलों में 6 से 7 घंटे बिजली कटौती जारी है। सोमवार को रांची को 20 मेगावाट अधिक यानी 260 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई। इसकी वजह से लोड शेडिंग कम हुई। राज्य में अब भी 400 से 500 मेगावाट बिजली की कमी जारी है। राजधानी में 300 मेगावाट बिजली की मांग है।

सेंट्रल पूल से बिजली की खरीद नहीं होने के कारण लोड शेडिंग का सिलसिला जारी है। रांची के अभियंताओं को निर्देश दिया गया है कि औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली कटौती नहीं हो, इस पर नजर रखी जाए। जहां भी बिजली की समस्या आती है, उसका तत्काल निदान किया जाए। इधर, राजस्व बढ़ाने को लेकर राज्य के विभिन्न इलाकों में बकायेदारों से वसूली का सिलसिला जारी है। बिजली चोरी के विरुद्ध भी झारखंड बिजली वितरण निगम छापेमारी कर केस दर्ज करा रही है।

**बिजली की अव्यवस्था पर हाईकोर्ट में याचिका दायर** : बिजली की अव्यवस्था के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता सुनील कुमार महतो ने जनहित याचिका दाखिल की है।

# छोटे कलाकारों को आड्रे हाउस में मुफ्त जगह मिले : अशोष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने कहा है कि छोटे कलाकारों के लिये आड्रे हाउस में निःशुल्क जगह उपलब्ध कराने की व्यवस्था होनी चाहिए। श्री बारला सोमवार को आड्रे हाउस में झारखंड के फिल्म नाट्य रंग मंच एवं कला संस्कृति से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छोटे आर्टिस्टों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। आर्थिक जगत में इनको छूट मिलनी चाहिये। इससे कला जगत में अपनी पहचान बना सकें। इनकी अवहेलना आये दिन होती रहती है। झारखंड के लोक कला संस्कृति को आगे बढ़ा रहे लोगों का जीवन कष्टमय है। सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि इनको मदद करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल, जंगल, जमीन का नारा सिर्फ चुनाव के दौरान बोलते हैं लेकिन गढ़वा में जब सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ तो उस कार्यक्रम में जमीन के कलाकारों की शुद्ध नहीं आती है। उन्होंने कहा कि सीएम की दोहरी नीति को झारखंड कि जनता जान गई। उन्होंने कहा कि झारखंड की लोक कला संस्कृति को संरक्षित रखने वालों को उचित सम्मान दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



बैठक में मुख्य रूप से विजय प्रकाश, आनंद, अनिल, सिकंदर, रविन्द्र पांडेय और प्रभाकर ने कहा कि नाट्य फिल्म जगत को आगे बढ़ाने में हम जैसे कितने कलाकार अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं, इसका हिसाब नहीं है। बैठक में दीपक लोहार, मनीष बरवार, पवन, दीपक चौधरी, सनी, रविन्द्र पांडेय, विजय प्रभाकर, पुलकित, चांदनी, अमरजीत इत्यादि उपस्थित थे।

# प्री मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : अख्तर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मिलने वाले मौलाना अबुल कलाम आजाद फैलोशिप, प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप को बंद कर अपनी अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। मोदी सरकार का नारा सबका साथ सबका विश्वास को खोखला साबित करती है। मोदी सरकार आए दिन कोई न कोई ऐसा कार्य कर अल्पसंख्यक समुदाय का हक वा हकुक छीनने का कार्य करती है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार अल्पसंख्यक में खास कर मुस्लिमो को हासिये में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ती। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार की इस नीति का घोर विरोध करती है। इस मसले को लेकर कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने संसद में पुरजोर आवाज उठाई है।



अख्तर अली ने मोदी सरकार से मांग किया है राज्यसभा में इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा उठाये गये आवाज का अनुसरण करते हुए स्कॉलरशिप को दोबारा लागू करने का काम करें।

**सरकार के स्तर पर तैयार हो रहा प्रस्ताव, बढ़ाये जा सकते हैं एडिशनल डायरेक्टर के पावर**

# आइएएस अधिकारी के हाथों होगी रिम्स की कमान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स की कमान किसी आईएएस के हाथों में देने का प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार किया जा रहा है। इसके तहत पूरे हॉस्पिटल प्रबंधन को देखने का काम उनके जिम्मे होगा। वहीं किसी के भी विरुद्ध एक्शन लेने का भी पावर उनके हाथों में होगा।

बताते चलें कि रिम्स की गवर्निंग बॉडी की बैठक में पहले भी निर्णय लिया गया था कि डॉक्टरों को प्रशासनिक कार्यों से दूर रखा जाएगा। वहीं, दूसरी ओर रिम्स में व्यवस्था सुधरने को लेकर हाईकोर्ट भी समय-समय पर सरकार को फटकार लगाती रही है। अधिकारियों को कोर्ट में बुलाया जा रहा है। इतना ही नहीं कोर्ट ने डायरेक्टर को यहां तक कह डाला कि काम नहीं करना चाहते तो अपने पद से इस्तीफा दे दें। इसके बाद भी रिम्स की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है।




**एडिशनल डायरेक्टर हैं आईएएस चंदन** : हॉस्पिटल में फिलहाल एक आईएएस को मैनेजमेंट में जगह दी गई है। चंदन कुमार को एडिशनल डायरेक्टर बनाया गया है लेकिन उनकी भी कुछ लिमिट्स हैं। अब नए प्रस्ताव के अनुसार उनके एडमिनिस्ट्रेटिव पावर को बढ़ाए जाने की उम्मीद है, ताकि हॉस्पिटल में व्यवस्था को सुधारने में उन्हें मदद मिले।

## विभागों में काम हो रहा प्रभावित

हॉस्पिटल में मेडिकल सुपरिटेंडेंट के पद पर पेडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ हिरेंद्र बिरुआ को जिम्मेवारी दी गई है। इस वजह से पेडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट में बच्चों की सर्जरी धीमी पड़ गई है। वहीं डॉक्टर की कमी से ओपीडी में भी मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा डॉ शिव प्रिये को डीन स्टूडेंट वेलफेयर बनाया गया है। और डॉ राकेश रंजन को मेडिकल ऑफिसर स्टोर में तैनात किया गया है। इस कारण मरीजों को बेहतर ईलाज में काफी परेशानी हो रही है।

# रिम्स में हेमेंद्र प्रताप देहाती से मिले मंत्री मिथिलेश, पूछा कुशल क्षेम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल एंव स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को रिम्स के न्यू ट्रामा सेंटर में भर्ती भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही के पिता पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती से मिलने पहुंचे। वहां उन्होंने उनका हाल-चाल जाना। मंत्री ने पूर्व मंत्री का ईलाज कर रहे चिकित्सक से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें सांस की नली में संक्रमण और यूरिन में समस्या है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भोजपुरी में हेमेंद्र प्रताप देहाती से बातचीत की तथा चाचा कह कर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि



कनहर सिंचाई परियोजना में पानी देखे के बा। इस दौरान भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही भी मौजूद थे। इसके अलावा मंत्री ने रिम्स में ईलाजरत गढ़वा के मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना एवं उनके बेहतर ईलाज हेतु चिकित्सकों को समुचित निर्देश दिया। उन्होंने सबके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## आज का राशिफल
13-12-2022

मेष : समय सामान्य है। दिन चिड़चिड़ापन वाला होगा।पर कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यो की तारीफ करेंगे। कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी। माता के आशीर्वाद ले।

वृषभ : पराक्रम में बृद्धि होगा। बेहतर होगा कहीं घुमने चले जाएं। आपके अपनों को आपकी जरूरत है। मौज मस्ती पर खर्च होगा। पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे।

मिथुन : समय सामान्य है। खर्च अधिक होगा साथ धन का आगमन होगा। मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है। उन्नति में बाधा आयेगी। कोई खुशखबरी सुन सकते हैं।

कर्क : कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा। किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे। संतान सुख की प्राप्ति संभव।

सिंह : दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी। खर्च संभाल कर करना चाहिए। किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी। अपने अधिनस्थों के किये कार्यो की सराहना करें, लाभ होगा।

कन्या : घर मे सजावट हो सकता है। कुछ नया सिखने को मिलेगा। जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती है। नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी।

तुला : किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा। साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें। मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे।

वृश्चिक : समय बहुत अनुकूल होगा। भाग्य साथ है। पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं। कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है। इष्ट बल मजबूत करें।

धनु : समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा। कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

मकर : मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी। राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पैसों का लेन देन संभव। खान पान पर ध्यान दें।

कुंभ : विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमान हो सकता है। जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे। धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें।

मीन : किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी। इससे मन खुश होगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। बुरी संगत छोड़ दें।

# 2000 से ज्यादा महिलाओं को वीडियो बनाने और प्रसारण की मिली ट्रेनिंग

## जेएसएलपीएस व डिजिटल ग्रीन के संयुक्त प्रयास से महिला किसानों को हुआ फायदा


खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जेएसएलपीएस और डिजिटल ग्रीन के संयुक्त प्रयास से महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना के अंतर्गत लर्निंग, शेयरिंग और कांसेप्ट सीडिंग पर सोमवार को स्थानीय होटल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के साथ साझेदारी में डिजिटल ग्रीन राज्यभर के 15 से अधिक जिलों में ऑडियो-विजुअल विस्तार के साथ आइसीटी समुदाय-आधारित दृष्टिकोण को पेश करने और संस्थागत बनाने के लिए 2014 से काम कर रहा है।

इस अवसर पर राज्य कार्यक्रम प्रबंधक महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना मोहम्मद आरिफ एम अख्तर ने कहा कि ऐसी कार्यशाला हमें प्रखंड स्तर पर हर महीने, जिला स्तर पर तिमाही और राज्य स्तर पर साल में दो बार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला किसानों को हमने बताया है, क्यों एक तरह का बीज चुनना है, कौन सी और क्यों कोई विधि अपनानी है और उनसे क्या फायदा होगा। साथ ही, किसानों को सीमित संसाधन का इस्तेमाल कर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। प्रोग्राम निदेशक, डिजिटल ग्रीन रवि शंकर शर्मा ने कहा कि ज्ञान को बांटना भी जरूरी है। इसलिए विभिन्न जिलों से इस कार्यशाला में पूरी टीम शामिल हुई है। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला किसानों द्वारा परिवर्तन लाना है और क्लाइमेट स्मार्ट खेती पर ध्यान केंद्रित करना है। डिजिटल ग्रीन से ही डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि राज्य में एटलस परियोजना 50,000 से अधिक आदिवासी महिला किसानों की क्षमतावर्धन के लिए चलायी गयी, ताकि उत्पादकता में सुधार, बाजार मूल्य श्रृंखला की समझ और आजीविका में सुधार हो सके। डिजिटल ग्रीन के रोनाली प्रधान और डॉक्टर रितेश कुमार द्वारा डिजिटल ग्रीन के कार्य और जीएसएलपीएस के साथ साझेदारी पर चर्चा की गयी। 16 जिलों के 1500 गांव की 2,000 से ज्यादा महिलाओं को वीडियो बनाने और इनके प्रसारण पर प्रशिक्षण दिया गया है, जिन्होंने अब तक 70 से ज्यादा वीडियो बनाये हैं। जीएसएलपीएस, डिजिटल ग्रीन की साझेदारी से 90,000 से ज्यादा महिला किसानों को फायदा भी मिला है।

# साइबर अपराध के प्रति अधिक जागरूकता की जरूरत : बिरेश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में साइबर सुरक्षा पर छह सप्ताह के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बिरेश कुमार, रजिस्ट्रार, दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (भारत सरकार) सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम के प्रतिभागी उद्योग (बंधन बैंक, भारती एयरटेल, बिरलासॉफ्ट, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, टीसीएस आदि जैसे संगठनों से) और अकादमिक (संकाय सदस्य और छात्र) दोनों से थे। प्रो. अजय सिंह, सर्टिफाइड कॉरपोरेट डायरेक्टर और इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स के फेलो उद्योग जगत के प्रमुख रिसोर्स पर्सन थे। श्री बिरेश कुमार ने कहा कि साइबर अपीलीय न्यायाधिकरण दूरसंचार विवाद न्यायाधिकरण का हिस्सा है। यह देखा गया कि प्रति वर्ष केवल 100 से 125 साइबर अपराध अपीलें की जाती हैं, जो कि हो रहे साइबर अपराधों का एक छोटा अंश है। यह कार्यकारी प्रबंधकों के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। अधिकांश साइबर हमले वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं। वहीं, विवि के सहायक डीन डॉ भगवत बारिक ने कहा कि यह प्रमाण पत्र कार्यक्रम विशेष रूप से गैर-आईटी पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करने और उन्हें साइबर तैयार करने के लिए तैयार किया गया था, ताकि वे डिजिटल क्रांति के लाभों का लाभ उठा सकें।

# मारवाड़ी सम्मेलन की उप समितियां गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थाई समिति की प्रथम बैठक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता बसंत कुमार मित्तल ने की। उन्होंने ने सभी स्थाई समिति के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में सर्वसम्मति से 2 वर्षों के कार्यकाल में झारखंड में मारवाड़ी सम्मेलन की सदस्यों की संख्या दस हजार का लक्ष्य पूरा किया जायेगा। सदस्यता शुल्क की 50 प्रतिशत राशि जिला शाखा को दी जायेगी। राष्ट्रीय से 10 प्रतिशत राशि लेने का आग्रह किया जायेगा।

मारवाड़ी सम्मेलन संगठन विस्तार, समाज सुधार, विकास, राष्ट्रीय एकता, समरसता एवं जन सेवा के क्षेत्र में सशक्त कार्य करेंगी। बैठक में उप समितियों का गठन कर संयोजक नियुक्त किया गया। इसमें प्रांतीय पंचायत समिति -भागचंद पोद्दार, प्रांतीय शिक्षा ट्रस्ट -विनय कुमार सरावगी, भवन निर्माण समिति ट्रस्ट- महेश पोद्दार, मारवाड़ी समाज सुधार समिति- मुकुंद रूंगटा, आदर्श आचार संहिता समिति-डॉक्टर विष्णु राजगढ़िया, संविधान सुधार समिति-रतनलाल बंका, चिकित्सा समिति-अजय मारू, रोजगार समिति-धर्मचंद जैन रारा, शाखा विस्तार समिति-मनोज बजाज को बनाया गया।

बैठक में अधिवेशन की समीक्षा की गई तथा प्रांतीय संविधान का राष्ट्र द्वारा अनुमोदन पर चर्चा की गई। अधिवेशन की सफल आयोजन के लिए महेश पोद्दार, ललित कुमार पोद्दार, सुभाष पटवारी, सुरेश चंद्र अग्रवाल सहित सभी विभागों के संयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल मारू ने वित्तीय एवं बैंकिंग स्थिति की प्रगति पर लेखा- जोखा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन रवि शंकर शर्मा ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन मनोज बजाज ने की। मौके पर प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ भी मौजूद थे।

# गीता चौबे झारखंड की सम्मानित लेखिका-कवयित्री : विनय सरावगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विनय सरावगी ने कहा है कि गीता चौबे गूंज झारखंड की सम्मानित कवयित्री व लेखिका हैं। श्री सरावगी सोमवार को गीता चौबे गूंज की तीन पुस्तकों की चर्चा कर रहे थे। यह आयोजन प्रेस क्लब में झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की ओर से किया गया था। मालूम हो कि इसके पहले भी गूंज की तीन कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं। जिनमें दो कविता-संग्रह और एक उपन्यास बंद घरों के रोशनदान, जो कृति-सम्मान 2021 से ग्वालियर में सम्मानित हो चुका है। संस्कृति मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ हरेराम त्रिपाठी चेतन तथा विशिष्ट अतिथि डॉ माया प्रसाद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अशोक प्रियदर्शी ने की। कृति चर्चा में डॉ जंगबहादुर पांडेय, अनिता रश्मि एवं डॉ राजश्री जयंती ने अपने उद्गार व्यक्त किये। मंच के संरक्षक विनय सरावगी, उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच के सचिव विनोद सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना कविता रानी सिंह ने तथा कार्यक्रम संचालन मुनमुन ढाली ने किया। इस अवसर पर डॉ पंपा सेन ने लेखिका की कृतियों का उल्लेख किया। डॉ अशोक प्रियदर्शी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि नये लेखक पुराने साहित्य का खूब अध्ययन-मनन करें और धैर्य से लेखन की ओर अग्रसर हों।

## खबर एक नजर में

### संसार में अपनी जगह बनानी है, तो कुछ कर गुजरने की जिद्द पालनी होगी : मेहता



**रांची।** विकास सेवा निकेतन की ओर से संचालित संस्था विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूसंस नेवरी में फ्रेशर्स पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विकास सेवा निकेतन के अध्यक्ष राम लखन मेहता, विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूसंस के डायरेक्टर राधा चरण सिंह, वाईस प्रिंसिपल एसके तिवारी, डा शिव प्रसाद सिंह और डा अकरम ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। फ्रेशर्स पार्टी के दौरान नये छात्र- छात्राओं का स्वागत किया गया। मौके पर छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूसंस के डायरेक्टर ने सभी फ्रेशर्स छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदैव कड़ी परिश्रम करने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। वहीं, मुख्य अतिथि ने छात्र- छात्राओं के बीच अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगर संसार में अपनी जगह बनानी है, तो अपने अंदर हौसला एवं कुछ कर गुजरने की जिद्द पालनी होगी। संस्थान में जिस उद्देश्य से आप आयें है उस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करें और जहां भी जायें संस्था का एवं अपने माता-पिता का नाम रौशन करे। फ्रेशर्स पार्टी के दौरान ड्राइंग प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजय प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र देकर मान बढाया गया।

### इस्लाम नगर के जरूरतमंद परिवारों में कपड़ा एवं स्वेटर वितरित

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव श्रीमती निगार सुल्ताना के मार्गदर्शन में रविवार को इस्लाम नगर रांची के जरूरतमंद परिवारों में कपड़ा एवं स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन रवि रंजन कुमार, केंद्रीय सचिव सैय्यद राशिद हुसैन, महिला प्रकोष्ठ से प्रदेश सचिव श्रीमती निगार सुल्ताना, रांची जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी बाला थापा, श्रीमती जेबा सबूही, सहायक सचिव श्रीमती शबाना अफरोज, श्रीमती रौशन आरा, उपसचिव श्रीमती रहनुमा परवीन बर्मन तथा श्रीमती रोजी खानम उपस्थित थी। श्रीमती निगार सुल्ताना ने बताया कि इसी महीने में कुछ अन्य स्थानों पर भी आइपीजीसी जरूरतमंदों में गरम कपड़े इत्यादि वितरित करेगी।

### द पाठशाला ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस

**रांची।** आइआइटी जेइइ के अग्रणी संस्थान द पाठशाला में तीसरा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दोनों सेंटर पर पूजा की गई और प्रसाद एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि द पाठशाला में अभी 800 से ज्यादा बच्चे दोनों सेंटर पर अध्ययनरत हैं जो शहर के प्रसिद्ध शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान के निदेशक शिव शंकर कुमार ने बताया कि बहुत ही कम समय में संस्थान ने बच्चों एवं अभिभावकों का विश्वास हासिल किया है और संस्थान का रिजल्ट भी काफी बेहतरीन रहा है। द पाठशाला में 8 जनवरी को स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया जा रहा है जिसमें छात्र 100प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइस प्राप्त कर सकते हैं। छात्र सेंटर पर आकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### राजीव रंजन ने किया आरके ट्यूटोरियल का उद्घाटन

**रांची।** समाजसेवी राजीव रंजन मिश्रा ने आरके ट्यूटोरियल कोचिंग सेंटर का उदघाटन सोमवार को किया। यह कोचिंग सेंटर आनंद प्लाजा, इंद्रा पैलेस के समीप हिनू में है। कोचिंग सेंटर के संस्थापक शशांक पाठक ने बताया कि कोचिंग सेंटर में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 10 तक कि पढ़ाई कराई जायेगी। श्री पाठक ने बताया कि सेंटर में इंग्लिश, गणित एवं विज्ञान विषय की पढ़ाई कराई जायेगी। समारोह में अशोक पाठक,अभिनव आनंद, जसबीर सिंह, जसकरन सिंह,पंकज कुमार,संजय कुमार, पीयूष आनंद, अंकित सिंह, वेणु गोपाल, संकल्प गोस्वामी, शिवम कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# आशा, शांति, प्रेम, विश्वास व खुशी लेकर आता है क्रिसमस : फादर तिड़ू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** क्रिसमस प्रत्येक वर्ष हम सभी के लिए आशा, शांति, प्रेम, विश्वास व खुशी लेकर आता है। आशा हमारे जीवन को और उज्जवल बनाती है। प्यार हमें मित्रों, परिजनों व अन्य को और अधिक प्रिय बनाता है। खुशी हमारे दिलों को और हल्का कर देती है। विश्वास हमारे रास्तों को और अधिक स्पष्ट बनाता है। शांति हम सबों को और भी करीब लाती है। क्रिसमस से पहले हमारे लिए आगमन का सप्ताह होता है, जो कि आशा, इंतजार और तैयारी का समय है। उक्त बातें फादर रोशन तिड़ू ने खबर मन्त्र को अपने विशेष भेंट में बताया।

उन्होंने कहा कि आगमन का शाब्दिक अर्थ आना है। परंतु खीस्तीय विश्वास के अनुसार आगमन का अर्थ प्रभु येशु खीस्त के इस दुनिया में आगमन को माना जाता है। यूं कहें कि खीस्त जन्मोत्सव के पूर्व के समय को आगमन काल माना जाता है। यह समय प्रभु येसु के संसार में आगमन अर्थात जन्म लेने की घटना से है। इसी को लेकर सभी मसीही या खीस्तीय प्रभु येसु के स्वागत व वास के लिए अपने मन, हृदय से तैयार करते है। वहीं दूसरी ओर कैथोलिक कलीसिया अपने पूजन विधि में प्रभु वचनों के द्वारा, प्रभु जन्म के पर्व में सहभागी होने के लिए पश्चाताप करने का आह्वान देकर सही तरीके से आत्मिक तैयारी कराती है। पुराने जमाने में आगमन का संबंध प्रभु ईश्वर के मंदिर में आगमन से संबंधित है। किसी राजा का अपने राज्य के किसी स्थान पर प्रथम बार आने को भी आगमन कहा जाता था। इस प्रकार की अभिव्यक्ति जैसे राजा या किसी महान व्यक्ति का किसी स्थान विशेष, गांव, शहर में आना आदि... आदि। इस परिपेक्ष में ही प्रभु येशु का जन्म लेना, इस संसार में आना, आगमन के रूप में माना जाने लगा है। ईश्वरीय वचन का, शाश्वत पिता का पुत्र का शरीर के रूप में हमारे बीच आने के अर्थ में आगमन है। शाश्वत राजा प्रभु का इस जगत में इस तरह आना खीस्तयों के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। कलीसिया के पूजन पद्धति कार्यक्रमों में यह नवंबर के आखिरी सप्ताह के आस-पास के रविवारीय संध्या प्रार्थना से प्रारंभ होकर चार सप्ताह, तक रहता है। और क्रिसमस की पहली शाम, संध्या प्रार्थना से अंत होता है। यह समय बहुत आनंद एवं खुशी की प्रत्याशा में है। खीस्तीय विश्वासी अपने आप को खीस्त जन्म के लिए तैयारी करते हैं। हम जानते हैं कि प्रभु येशु बेतलेहेम में जन्म लिए। वे हमारे बीच आये। यही प्रभु येशु दुनिया में हम प्रत्येक जन के दिलों में बार-बार जन्म लेंगे और जन्म लेना चाहते हैं। यही वजह है कि आगमन काल में मसीही आत्मिक तैयारी के साथ स्वयं को, अपने घरों व मुहल्लों को इस तरह तैयार करते हैं ताकि प्रभु येसु उनके हृदय, मन व गांव-घर व मुहल्ले में वास कर सके। प्रभु ईश्वर लगातार इस दुनिया में और हमारे जीवन में आते रहते हैं। आईए हम सभी मिलकर जरूरतमंद लोगों को मदद करें और एक दूसरे को खुशी बांटे।

# बीएयू में हुई बीओडी किसान सदस्यों की ओरिएंटेशन ट्रेनिंग



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (रांची) और नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट (कटक) के संयुक्त तत्वावधान में फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से जुड़े बीओडी किसान सदस्यों का एक दिवसीय ओरिएंटेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इसका आयोजन राज्य में एफपीओ की स्थापना एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से किया गया। मौके पर बीएयू-एनआरआरआई एफपीओ परियोजना के नोडल पदाधिकारी डॉ बीके झा ने प्रदेश में एफपीओ के विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर एफपीओ के गठन को बढ़ावा दिया जा रहा है। बीएयू, रांची-एनआरआरआई, कटक के संयुक्त प्रयास से प्रदेश के रांची जिलान्तर्गत कांके, नामकुम, मांड़र और लापुंग प्रखंड और गुमला जिलांतर्गत भरनो में स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिजनेस कंसोर्टियम द्वारा प्रायोजित 5 फार्मर्स प्रोडूसर कंपनी (एफपीसी) की स्थापना की गयी है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय छोटे किसानों को संगठित कर उनका आर्थिक विकास और प्रबंधकीय क्षमता का सशक्तिकरण किया जाना है। वहीं, गत दिनों बीएयू में आयोजित 15 दिवसीय ट्रेनिंग के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र के आधार पर कंपनी द्वारा बीज एवं खाद के लाइसेंस का आवेदन किया गया है। कंपनी द्वारा लाइसेंस के आधार पर बीओडी किसान सदस्यों के लिए बीज एवं खाद क्रय कर रियायत दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। डॉ झा ने बताया कि किसानों का प्रखंड चैन में निबंधन कराया गया है, जिससे उन्हें सरकारी बीज प्राप्त हुआ है। कंपनी द्वारा बाजार व्यवस्था के प्रबंधन के लिए ई - नाम पोर्टल पर निबंधन के लिए आवेदन किया गया है। कंपनी को प्रबंधकीय लागत की राशि एसएफएसी से प्राप्त हो गयी है। मौके पर परियोजना के सह परियोजना अन्वेषक डॉ एचसी लाल, डॉ विनय कुमार, डॉ रंजय कुमार सिंह एवं एस जयसवाल तथा परियोजना समन्वयक अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागी बीओडी किसान सदस्यों को परियोजना का उद्देश्य, गतिविधियों का क्रियान्वयन, भावी कार्यक्रम व रणनीति के सबंध में विस्तार से चर्चा की।

# देश-दुनिया में बज रहा तमिल फिल्मों का डंका : अन्नपूर्णा

## केंद्रीय मंत्री ने कहा, काशी तमिल संगमम के नेपथ्य में है पीएम की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/वाराणसी।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को कहा कि देश ही नहीं, विदेशों में भी तमिल फिल्मों का डंका बज रहा है। कई तमिल फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। भारतीय सिनेमा की शुरुआत से लेकर आज तक तमिल फिल्म उद्योग ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। निर्माता निर्देशक, संगीतकार, फिल्मकार, अभिनेता और अभिनेत्रियों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। शिवाजी गणेशन, एमजीआर, कमल हासन, रजनीकांत, विजय सतपति, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, श्रीदेवी, एआर रहमान जैसे कई नाम हैं, जो हर भारतीयों को गर्व करने का अवसर प्रदान करते हैं।

काशी तमिल संगमम में भाग लेने आईं केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी सोमवार को तमिल फिल्मों की तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन करने के बाद यहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थीं। समारोह में पहले दिन राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना को केंद्र में रखकर बनायी गयी फिल्म 'मामणितहं' को दिखाया गया। इसमें मुख्य भूमिका विजय सतपति की है। इसमें काशी की भी बात की गयी है। समारोह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना ही काशी तमिल संगमम के नेपथ्य में है। काशी और तमिलनाडु के लोग हर स्तर पर एक-दूसरे को समझ रहे हैं। उन्होंने देश और दुनिया में तमिल फिल्मों के योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर तमिल सिनेमा के निर्माता-निर्देशक सेनु रामास्वामी ने कहा कि मैं काशी, मां गंगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करने आया हूं। काशी का यह संगमम केवल दो राज्यों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए यादगार रहेगा। मुझे बेहद खुशी है कि फिल्म महोत्सव के पहले ही दिन मेरी फिल्म को दिखाया गया।

इससे पहले काशी तमिल संगमम के मुख्य समन्वयक पद्मश्री चमू कृष्ण शास्त्री ने अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर में बनारस के काफी स्कूली बच्चों सहित आम लोगों ने तमिल फिल्म देखी और इसकी सराहना की।

# वाईबीएन कांफ्रेंस में शोधार्थियों ने पेश किये शोध पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में आयोजित 8 दिवसीय राष्ट्रीय कंफ्रेस में सोमवार को स्कूल ऑफ नर्सिंग, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस व आइटी और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी में शोधार्थियो ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी ई. दीपक कुमार ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए उनका आभार प्रकट किया एवं सभी शोधार्थियो को शुभकामनायें दी।

आज का थीम ऑफ टॉपिक कंप्यूटर साइंस व आईटी और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के लिए रीसेंट ट्रेंड इन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी , इम्पोर्टेन्स ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इन रिसर्च इनोवेशन था। साथ ही नर्सिंग के लिए इम्प्लिकेशन्स ऑफ मल्टीडिसिपिलिनरी रिसर्च इन स्ट्रेंग्थेनिंग नर्सिंग प्रैक्टिस, सिग्नीफिकेन्स ऑफ मेन्टल हेल्थ इन लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन था। इस राष्ट्रीय कन्फ्रेस में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधी के रूप में डॉ टी वेनुमाधव प्रिंसिपल ऑडीशंकरा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आंध्र प्रदेश, डॉ घनश्याम दास प्रोफेसर एंड एसोसिएट डीन पीजी डिपार्टमेंट ऑफ मटेरियल एंड मेटॉलॉजिकल इंजीनियरिंग एनआईएएमटी रांची, डॉ चंदन कुमार एसोसिएट प्रोफेसर बीआईटी सिंदरी धनबाद, डॉ एसएस त्रिपाठी एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ इसीइ बीआइटी मिश्रा रांची आदि ने अपने शोध अनुभवों को साझा किया।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**ओरमांझी।** एनएच-20 फोरलेन ओरमांझी में एक सड़क दुर्घटना में बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। बताया गया कि थाना क्षेत्र के कोवालू निवासी राजू लिंडा 35 वर्ष व सत्यनारायण उरांव बाइक में सवार हो ब्राहमण भोज कार्यक्रम में शामिल होने हरचंडा गए थें। लौटने के दौरान जैसी ही डोमा नदी पुल से पहले एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दोनो को उपचार के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है।

## चान्हो: ट्रक के धक्के से युवक घायल

**चान्हो।** बिजूपाड़ा चौक खलारी रोड में सोमवार की सुबह 12 चक्का ट्रक की चपेट में आकर चोरेया के रहने वाले बसंत राम 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि वे सोमवार सुबह करीब 8 बजे से ऑटो से उतर कर सड़क पार कर रहे थे। तभी खेलारी की ओर जा रहे एक 12 चक्का ट्रक के पीछे के चक्का से टकरा गए। उनके हाथ और सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिससे वे सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना देने पर 108 एंबुलेंस वहां पहुंची और घायल को चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।वही चान्हो पुलिस ने 12 चक्का ट्रक को जब्त कर लिया है।

## चान्हो: आठ नामजद आरोपियों को जेल

**चान्हो।** सिलागाई में प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य को बाधित कर बाउंड्री में तोड़फोड़ करने तथा निर्माण कार्य के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करने के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं होने से नाराज झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा रांची के एसएसपी को फटकार लगाई गई थी। जिसके बाद रेस हुई चान्हो पुलिस ने सोमवार को आठ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगों में सिलागाई के पूर्व मुखिया बुधराम उरांवए सिलागाई निवासी मंगलेश्वर टाना भगत, धनई उरांव, सूरज उरांव, एतवा उरांव, अरबिंद उरांव, चटवल निवासी शंकर उरांव और मघी उरांव शामिल है।

## रातू: जेएनडी का उपवास कार्यक्रम आज

**रातू।** प्रखंड के किसानों की समस्याओं को लेकर जेएनडी का चरणबद्ध आंदोलन शुरू हो गया है। दल की ओर से मंगलवार को 11 बजे से मुख्यालय परिसर में उपवास कार्यक्रम होगा। इसमें सैकड़ों कृषक भाग लेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने सोमवार की शाम पत्रकारों को दी।

## चुरी पूर्वी पंचायत में पासवान समाज की बैठक में विचार-विमर्श

**खलारी।** पूरी पूर्वी के पंचयत भवन में की कृष्णा पासवान ;व्यास जीद्ध की अध्यक्षता में पासवान परिवार का बैठक किया गया। बैठक में एनके पिपरवार क्षेत्र से पासवान भाई उपस्थित हुये। इस दौरान पासवान समाज के विभिन्न समस्याओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। चर्चा में बाबा चूहड़मल जी का मुर्ति खलारी प्रखण्ड अन्तर्गत स्थापित करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। अपने समुदाय में दहेज प्रथा को खत्म करने का प्रस्तुत कर सर्वसहमति से प्राप्त किया गया। अपने के बीच शिक्षा एवं गरिब समुदाय पर बल दिए जाने पर जोर दिया गया।

## विधायक ने किया सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास

**सोनाहातू।** प्रखंड के टांगटांग मोड़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत टांगटांग, मानकीडीह, गाड़ाडीह तक 5 किलोमीटर सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किये। एक करोड़ 50 लाख लागत से सड़क मरम्मत कार्य को पूर्ण किया जायेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जायेगा।

# कांके : राजस्व उपनिरीक्षक से सरपंच ने की मारपीट, केस दर्ज

**अंचलकर्मी, सीओ, राजस्व उपनिरीक्षक और पूर्व मुखिया ने दर्ज कराई प्राथमिकी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** कांके अंचल कार्यालय में सोमवार की दोपहर बाद अचानक माहौल गर्म हो गया। जब राजस्व उपनिरीक्षक जयवीर भगत ने पंचायत समिति सदस्य सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अइनुल हक अंसारी और ईचापीढी पंचायत के पूर्व मुखिया सोमरा उरांव पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली गलौज करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए सभी कर्मचारियों के साथ कार्यालय समक्ष धरने पर बैठ गए और नेताओं पर कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे। धरना लगभग 4 घंटे तक चला। इसके बाद कांके सीओ दिवाकर सी द्विवेदी राजस्व उपनिरीक्षक जयवीर भगत और पूर्व मुखिया सोमरा उरांव ने अपने अपने आवेदन देकर कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई। प्राथमिकी में सभी ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना में दिए आवेदन अनुसार अचंल कार्यालय के राजस्व उपनिरीक्षक जयवीर भगत ने इचापीड़ी पंचायत समिति सदस्य अईनुल हक अंसारी व इचापीड़ी पंचायत के पूर्व मुखिया सोमरा उरांव पर मारपीट व गाली गलौज करने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने अनावश्यक काम का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आवेदन में जयवीर भगत ने कहा हैं कि सोमवार दोपहर लगभग एक बजे अइनुल हक अंसारी सोमरा उरांव व उनके साथ एक दर्जन लोग कार्यालय में आकर गलत तरीके से भू.संबधी सुधार कार्य करने का दबाव बना रहा था। मेरे द्वारा मना करने पर जाति सूचक गाली देते हुये मारपीट किया। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व पंजी. 2 फाड़ने का प्रयास किया। वहीं सीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने भी अईनुल हक अंसारी पर राजस्व कर्मचारियों व अंचलकर्मियों पर लगातार गलत कार्य करवाने का दबाव बनानेए धमकी देने सहित सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाकर कानूनी कारवाई करने की बात कही है। धरने पर बैठे राजस्व उपनिरीक्षक व अचंल कर्मियों ने दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कार्य बहिष्कार कर धरना पर बैठे रहे।

**कार्य बहिष्कार, धरना पर बैठे अंचलकर्मी**




## चार माह से ऑनलाइन पंजी में सुधार लंबित

पूर्व मुखिया सोमरा उरांव व ऐनुल हक अंसारी ने भी कांके थाना को दिये आवेदन में कहा है मेरे मरवा मौजा के नाईसू उराँव द्वारा अंचल कार्यालय को अपने तीन अलग अलग खाता की ऑनलाइन पंजी में सुधार कर मालगुजारी रसीद निर्गत करने के लिए आवेदन दिया था। उनकी जमीन की ऑनलाइन पंजी सुधार संबधी कार्य पिछले चार महीनों से लंबित है। जिसका कार्य नहीं किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि होने के नाते इसकी जानकारी लेने स्वयं राजस्व कर्मचारी के पास गये थे। इसी बीच हल्का कर्मचारी जयवीर भगत द्वारा उन दोनों को जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही दर्जनों की संख्या मे कांग्रेसी कांके थाना पहुँचे और देर शाम लगभग 5 बजे कार्यकताओं ने अंचल कार्यालय पहुंचे लेकिन सीओ 5 बजे कार्यालय से निकल जाने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। कांके थाना प्रभारी ने बताया किजांच के बाद कानूनी कारवाई की जाएगी।

# 35 हाथियों का झुंड पहुंचा सिकिदिरी, रौंद डाली फसल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** 35 जंगली हाथियों के झुंड ने रविवार की देर रात सिकिदिरी पहुंचा। इस दौरान हाथियों ने कुटे के भागलपुर गांव में खुर्शीद अंसारी के के करीब छह एकड़ और सलीम खान के एक एकड़ खेत में लगे मटर, टमाटर व बीन की फसल को खाकर और रौंद कर बर्बाद कर डाला। इस के अलावा हाथियों ने पांच अन्य किसानों के खेत में लगे धान के फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया।ग्रामीणों ने बताया की रविवार की देर रात हाथियों का झुंड अचानक भागलपुर गांव पहुंचा। हथियों के इतने बड़े झुंड और उनके चिन्घाड़ने की अवाज से ग्रामीणों के बीच भय व्याप्त हो गया। इधर कांके रेंज वन विभाग के कर्मचारी और ग्रामीण रात भर पटाखा फोड़ कर, मशाल जला कर और ढोल बजा कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने में लगे रहे। हाथियों के झुंड को जोबला जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। हाथियों का झुंड जोबला जंगल होते हुए सिकिदिरी पेन स्टॉक की ओर चले गए। सोमवार की शाम जल विद्युत परियोजना के पेन स्टाक के समीप जंगल में जमे हुए थे। इधर हाथियों की इतनी बड़ी संख्या को देखने ग्रामीणों की भीड़ पेन स्टॉक के जंगल की बढ़ने लगी। सिकिदिरी पुलिस व वन विभाग के कर्मचारी लोगों को हाथियों के नजदीक जाने से मना कर रहे थे।

# जमुआरी गांव में लगा सिंगबोंगा जतरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के जमुआरी गांव में सोमवार को सिंगबोंगा जतरा का भव्य आयोजन किया गया। जतरा की शुरूआत जतरा स्थल पर पारंपरिक पूजा के बाद की गई। पूजा में रतन तिर्कीए पूर्व मंत्री गीताश्री उरांवए प्रभाकर तिर्की एवं अन्य लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में अपनी परंपरा एवं संस्कृति को बचाना बहुत ही जरूरी है। परंपरा और संस्कृति के बिना हम झारखंड की पहचान मिट जाएगी। हमें अपनी भाषाए संस्कृतिए परंपरा ए रीति. रिवाजए धार्मिक विश्वास और मान्यताओं को हर हाल में सहेज करके रखना होगा। जतरा जैसे आयोजन इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करता है। कार्यक्रम में फादर महेंद्र पीटर पीटर तिग्गा, अनिल ठाकुर, दिव्यानंद महाराज, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक व जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बुंडू विधायक ने रखी चार सड़कों की आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने सोमवार को बुंडू प्रखंड के विभिन्न गांवों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 4 ग्रामीण सडकों की आधारशिला रखी।योजनाओं में मांझी टोली बुंडू से आमजोड़ाएपथ की लंबाई 2.30 किमी, हुमटा से मुयसुडीह 6.37 किलोमीटर, बाघाडीह से चिटोडीह 3.60 किमी तथा एदेलहातु बासीदा से पांचा भाया बानाबुरु 4.60 किमी की पथ शामिल है। मौके पर विधायक विकास मुंडा ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पर्क पथों का अब अभाव नहीं होगा। बुंडू के अलावे तमाड़ एवं अड़की में भी सड़क, पुल एवं कई सिंचाई योजना का शुभारंभ होगा।बुंडू के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण पैकेज जे के इंटरप्राइजेज के जितेंद्र कुमार को आवंटित किया गया है। मौके पर प्रमुख राजकुमार कलेश्वर मुंडा, बिंझिया, शिवनाथ मुंडा, मुखिया सिद्धार्थ मुंडा पंस सदस्य प्रतिनिधि गुरुपद गोराई, लखन सिंह मुंडा, अरुण मुंडा, परीक्षित मुंडा, कृष्णा मुंडा, गौन्धा मुंडा, प्रकाश मुंडा, चुन्नीलाल मुंडा, नरहरि महतो मौजूद थे।

## एक नजर में

### झामुमो नेता ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**रातू।** झामुमो नेता और समाजसेवी ओमप्रकाश तिवारी की ओर से सोमवार को बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा परिसर में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री तिवारी ने गड़ूए बिजुलिया, अगडू, चापाटोली, चिपरा, भोंडा, तिगरा, बाजपुर, हिसरी आदि गांवों के जरूरतमंदों को ठंढ़ से बचने के लिये कंबल दिया। इसमें दर्जनों लोग लाभान्वित हुये। कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। मौके पर मोर्चा नेता सह झारखंड आंदोलनकारी महावीर विश्वकर्मा, रामनंदन महतो, पाबइरुष तिर्की, शिवचरण महतो, कामेश्वर महतो, रमेशचन्द्र महतो, सूरज साहू, दीपक महतो, पंचम महतो, अमर सिंह व रौनक चौधरी मौजूद थे।

### महिला हिंसा के खिलाफ किया जागरुक



**सिकिदिरी।** महिला उत्पीड़न और विकास समिति रांची ने सोमवार को आनन्द नगर हरमू में महिला हिंसा प्रतिरोध पखवाडा दिवस मनाया। इस मौके पर लड़कियों मे गीत, संगीत, नाट्यकला एव चित्रकला के द्वारा लोगों को महिला हिंसा के खिलाफ जागरुक किया। संस्था की अध्यक्ष लक्ष्मी गोप ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए उन्हे भयमुक्त होकर आगे बढ़ने की बात कही है। सचिव माला विश्वास ने महिला हिंसा के विरुद्ध महिलाओं को कानून की जानकारी दी। संस्था की मंजू महेश, पूनम प्रसाद, झूमा विश्वकर्मा, धनवान्ति देवी व मीना देवी ने भी अपने विचार रखे। मौके पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

### कार्मेल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम ब्राम्बे स्थित कार्मेल स्कूल में सोमवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान विधायक ने स्कूल मे अव्वल आये छात्र. छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इससे पहले विधायक को शॉल ओढाकरए मोमेंटो व एक वृक्ष देकर सम्मानित किया। मौके पर बिशप स्वामीए शमसुल खान, जावेद खान, प्रकाश तिग्गा, इंदु तिग्गा, जयवंत तिग्गा उपस्थित थे।

### सिल्ली: देवी नेत्रालय का पहला वर्षगांठ मना

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ सिंहपुर चौक के समीप स्थित देवी नेत्रालय के पहले वर्षगांठ मनाई धूमधाम से गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। पहली वर्षगांठ के अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर केक काटा गया। इस मौके पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आज से एक साल पहले उन्होंने जिस उद्देश को लेकर इस अस्पताल का शुभारंभ किया था, वो काफी हद तक फलीभूत होता दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्र एक छोटे से अस्पताल बड़े ने अस्पताल की तरह सेवा प्रदान कर रही है।

### सिल्ली कॉलेज के वुशू खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता के लिए रवाना

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली के 16 वुशु खिलाड़ी इंटर कॉलेज वुशु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार को रांची के लिए रवाना हुए। रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता का आयोजन रांची विमेंस कॉलेज के सहयोग से मंगलवार को मोराबादी फुटबॉल मैदान में किया गया है। कॉलेज के 16 सदस्यीय दल में दीपक महतो, सूरज महतो, शशिकांत महतो, भुनेश्वर शर्मा, विनोद चक्रवर्ती, इंद्रसिश रॉय, समीर बावरी, अभिनेश कोइरी, शरद कुमार भगत, मनोज महली, सलोनी कुमारी, सविता कुमारी, अंजना कुमारी महतो, ज्योति कुमारी,वर्षा रानी, देवंती कुमारी शामिल है। सिल्ली कॉलेज सिल्ली के प्राचार्य मुकुंद महतो, प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो अनंत कुमार महतो, प्रो भवानंद चैधरी, प्रो नकुल चन्द्र महतो, प्रो हेमंत सिंह, श्यामल दे सुमन महतो आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।

### सीआइपी में कार्यशाला का आयोजन

**कांके।** केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (आरआईएनपीएएस) और हाशिया एनजीओ ने मिलकर सोमवार को सीआईपी कांके में मानसिक स्वास्थ्य परिप्रेक्ष्य में सभी के लिए गरिमा स्वतंत्रता और न्याय के विषय पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाने की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनीष मिश्रा उप सचिव झालसा रांची उद्घाटन सत्र में सीआइपी निदेशक डॉ बी दास ने सभा का स्वागत किया। इसमें दूसरों की गरिमा स्वतंत्रता और न्याय को बढ़ावा देने और सम्मान करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

# ग्रामीणों को मिली नालसा व झालसा स्कीम की जानकारी

**डोर-टू-डोर चलाया जागरूकता कार्यक्रम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त. सह. अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मार्गदर्शन में प्रखंड के ईटा पंचायत स्थित चिल्द्री गांव में सोमवार को डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सभी लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में पीएलवी शारदा देवी, ज्योत्सना गोराईं, सतीश कुमार, सधनी कुमारी एवं राजा उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी शारदा देवी ने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। सधनी देवी ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। सतीश कुमार एवं ज्योत्सना गोराईं ने लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में जानकारी दिया।

ज्ञात हो कि आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया है। पीएलवी के द्वारा लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

# मुआवजा के लिए सड़क पर शव रख प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** थाना क्षेत्र में रविवार के दिन ट्रक के चपेट में आकर युवक की मौत के बाद से ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने खलारी हजारीबाग मुख्य पथ पर शव को रखकर मुआवजे का मांग को लेकर 24 घंटे तक बंद रखा गया। बताना चाहते है कि चुरी बीओसी निवासी राजेन्द्र ठाकुर का इकलौता पुत्र राहुल कुमार ठाकुर का मौत ट्रक के चपेट में आने से हो गया था। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एनके प्रबंधन व पिपरवार प्रबंधन से मुआवजे को लेकर धरना दिन रात भर रखा गया। मुआवजे की मांग जब तक प्रबंधन के तरफ से मानी नही गयी तब तक युवक का शव सड़क पर रखकर डटे रहे। दोनों एरिया के प्रबंधन के तरफ से मुआवजा की राशि देने का मुहर लगने के बाद ग्रामीणों ने मानी। मुआवजे में एनके एरिया प्रबंधकएपिपरवार प्रबंधक व मोनेट कोलवाशरी के तरफ से 2 लाख रुपये का मुआवजा के रूप में शोकाकुल परिवार को दिया गया। वही खलारी प्रसासन के तरफ से तत्काल खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या ने पीड़ित परिवार को 5 हजार अथवा कुछ दिनों के बाद 15 हजार की राशि और दिया जायेगा। वही प्रसासन के तरफ से आश्वस्त किया गया कि लगभग दो महीने के अंदर राज्य सरकार से 1 लाखएकेंद्र सरकार से 2 लाख की राशि दिलवाने का आश्वासन के 24 घण्टा के बाद प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने शव को उठाया। शव को खलारी पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। मुआवजे की मांग को लेकर बीसीकेयू से दिनेश भर, जेएमएम से अनिल पासवान पूर्वीएखलारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी फरीद आलमएखलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गाएपूर्व जिला परिषद अब्दुल्ला अंसारीएपूर्व जिला परिसद पाश्चमी रतिया गंझूए प्रखंड अध्यक्ष जेएमएम अनिल पासवान आदि ने प्रदर्शन किया।

# स्कूली बच्चों के बीच नृत्य-गीत प्रतियोगिता

**अल कमाल स्कूल का मना वार्षिकोत्सव**

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित अल कमाल प्ले हाई स्कूल में विद्यालय का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके कार्यक्रम में नृत्य गान, चित्रकला वाद विवाद, हिंदी अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि समाजसेवी व पत्रकार अब्दुल गफ्फार के हाथों पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक सरफराज अहमद ने विद्यालय प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत की और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी स्कूल संचालित करना चुनौतीपूर्ण है। इन कठिन परिस्थितियों में भी अल कमाल स्कूल ने बेहतर शिक्षा का दीप जला रहा है। शिक्षकए विद्यार्थी और अभिभावकों के सामंजस्य से बच्चों को शिक्षित कर एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। शिक्षा से स्कूलए गांवए प्रदेश व राष्ट्र का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा 2023 आने वाले वर्ष में स्कूल मील का पत्थर साबित होगा।

स्थापना दिवस पर विद्यालय के शिक्षक रमेश सोनी, सालेहा खातून, शगुफ्ता प्रवीण, तरन्नुम नाज, आभा बोदरा एवं स्कूल के छात्र सद्दाम हुसैन, धीरज महतो, शाहनवाज हुसैन, नितेश कुमार, शाद अहमद, अनिता कुमारी, दीपिका कुमारी, अंजली कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।

# बेड़ो में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की हुई समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित सिमोन डैम के परिसर में सोमवार को केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिशिर लकड़ा ने किया। बैठक में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज का विकास करने के लिए शोषण व अत्याचार जैसे कुरीतियों को खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी आगे आएं। समाज को एकजुट होकर इसे रोकना होगा। समाज में जागरूकता लाने के लिए पंचायत के गांव.गांव में पड़हा संचालन समितियों का गठन किया जाएगा।

उपाध्यक्ष राकेश भगत ने कहा अब आदिवासी समाज अपना शोषण किसी भी कीमत पर नहीं सहेगा। समाज अपने हक के लिए आनेवाले समय में जन आंदोलन भी करेगा। जिसमें पूरे प्रखंड से समाज के लोगों को पड़हा व्यवस्था के माध्यम से एकजुट किया जाएगा। वहीं शिशिर लकड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज में किसी भी प्रकार का शोषण व अत्याचार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बुलंद हौसले से ही जीवन में मिलती है सफलता

**माता-पिता ने जरूरत पूरी की हमें उनकी उम्मीदें को पूरा करना चाहिए**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** विकास सेवा निकेतन नेवरी विकास में सोमवार को फ्रेशर्स-डे कार्यक्रम का आयोजित कर नये नमांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कई छात्राओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष रामलखन मेहता ने किया और कहा जीवन में सफल होने व अपनी पहचान बनाने के लिए हौसला व जिद्द होना जरूरी है। नर्सिंग क्षेत्र से जुड़ने का प्रथम उद्देश्य से मानव सेवा होना चाहिए है। निदेशक डॉ राधाचरण सिंह ने छात्रों का स्वागत किया और कहा किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए कड़ी परिश्रम जरूरी है। माता पिता हमारी जरूरतों को पूरा करते हैं। हमें भी उनकी उम्मीदों को पूरा करना चाहिए। इससे पूर्व नर्सिंग की छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम व नृत्य प्रस्तुत किया गया। राम लखन मेहता व डा राधाचरण सिंह के साथ प्राचार्य एसके तिवारी, डॉ शिव प्रसाद सिंह, डा एची सिंह, डा शिव प्रसाद सिंह, अनुपमा सुरिन, अनुपा खलखो, मोहम्मद इरसाद, कोमल कुमारी, सुरभि कुमारी, सुमन कुमारी, पुनम कल्लु सहित नर्सिंग छात्राए आदि उपस्थित थे।



छात्र को सम्मानित करते निदेशक।

# कृषि में तेज वृद्धि

देश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के सबसे भरोसेमंद कृषि क्षेत्र में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद हुई है, जिन्होंने पूरी दुनिया के विकास को धीमा कर दिया है। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध की भी बड़ी भूमिका है, जिसके चलते पेट्रो उत्पादों के दाम कुलांचे भरते रहे हैं। जहां यह क्षेत्र देश में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करता है वहीं रोजगार का भी बड़ा जरिया भी है। कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योगों में पूंजी निवेश बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। हालांकि, देश के शीर्ष अर्थशास्त्री भरोसा दिला रहे हैं कि देश की अर्थव्यवस्था अपने सात फीसदी के लक्ष्य को सहजता से हासिल कर लेगी। उन्हें विश्वास है कि अगली दो तिमाहियों में अर्थव्यवस्था बेहतर परिणाम देगी। देश का केंद्रीय बैंक भी भरोसा जता रहा है कि चौथी तिमाही तक देश की अर्थव्यवस्था अपनी पुरानी लय में लौट आएगी। सरकार को महंगाई के स्तर पर नियंत्रण के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। रुपये के मूल्य में कमी तथा बढ़ी ब्याज दरें भी महंगाई रोकने के मार्ग में बाधक बनी हैं। इसके अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के बावजूद भारतीयों की खपत बढ़ने से घरेलू बाजार में मांग बढ़ी है। इससे विदेशी निवेश में भी सुधार देखा जा रहा है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना के प्रभावों से मुक्त होकर यथाशीघ्र अपनी पुरानी लय में लौटेगी, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि से कोरोना काल में गरीबी की रेखा के नीचे जाने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया जा सके। तब बाजार में मांग व आपूर्ति का संतुलन कायम हो सकेगा। लेकिन जरूरी है कि देश के औद्योगिक क्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया जाये ताकि

# स्वागत योग्य कदम

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद की उपस्थिति में इस्लामिक विद्वानों और उलेमाओं के सम्मेलन में इस बात को स्वीकारा गया कि लोकतंत्र में नफरत के लिये कोई जगह नहीं है। दोनों ही देशों ने स्वीकार किया कि अभी दुनिया में आईएस समेत कई दिग्भ्रमित संगठनों से प्रेरित आतंकवाद का खतरा टला नहीं है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की इस बात से सहमत हुआ जा सकता है कि प्रगतिशील विचारों से कट्टरपंथ और चरमपंथ का मुकाबला करने में उलेमा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उलेमा समाज से गहरे तक जुड़े होते हैं, जो लोकतंत्र में पूर्वाग्रह व नफरत की सोच के खिलाफ प्रगतिशील दृष्टिकोण विकसित कर सकते हैं। दरअसल, भारत और इंडोनेशिया में अंतर-धार्मिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द की संस्कृति को आगे बढ़ाने में उलेमाओं की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन का निष्कर्ष यह भी था कि भ्रांतियों व अलगाव की सोच को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। जिससे कट्टरता की सोच पर प्रहार किया जा सके। यह जानते हुए कि भारत तथा इंडोनेशिया विगत में आतंकवाद से गहरे तक पीड़ित रहे हैं, यदि इस दिशा में दोनों देश गंभीर व सार्थक पहल करते हैं तो वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत लड़ाई लड़ी जा सकती है। विगत के अनुभव बताते हैं कि धार्मिक कट्टरता के जरिये युवाओं को बरगलाकर आतंकवाद को सींचा जाता रहा है। इससे न केवल उन युवाओं का भविष्य खराब होता है बल्कि उनका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को निशाना बनाने के लिये किया जाता है। अंतर-धार्मिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द की संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल एक स्वागत योग्य कदम है।

# विद्यापति का कवित्व

विचार-प्रवाह

-अशोक प्रवृद्ध

**महाकवि** की जन्म तिथि व जन्म स्थान की तरह ही उनकी बाल्यावस्था के बारे में भी विशेष जानकारी नहीं है।एक किंवदन्ती के अनुसार बालक विद्यापति बचपन से तीव्र और कवि स्वभाव के थे। एक दिन जब ये आठ वर्ष के थे तब अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ शिवसेंह के राजदरबार में पहुँचे। राजा शिवसिंह के कहने पर इन्होंनेदो पंक्तियों का पद्य निर्माण किया-

पोखरि रजोखरि अरु सब पोखरा।

राजा शिवसिंह अरु सब छोकरा।।

जनश्रुतियों के अनुसार विद्यापति ने प्रसिद्ध हरिमिश्र से विद्या ग्रहण की थी। विख्यात नैयायिक जयदेव मिश्र उर्फ पक्षधर मिश्र इनके सहपाठी थे। महाकवि अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ बचपन से ही राजदरबार में जाया करते थे। किन्तु चौदहवीं सदी का शेषार्ध मिथिला के लिए अशान्ति और कलह का काल था। राजा गणेश्वर की हत्या असलान नामक यवन-सरदार ने कर दी थी। कवि के समवयस्क एवं राजा गणेश्वर के पुत्र कीर्तिसिंह अपने खोये राज्य की प्राप्ति तथा पिता की हत्या का बदला लेने के लिए प्रयत्नशील थे। संभवतः इसी समय महाकवि ने नसरतशाह और गियासुद्दीन आश्रमशाह जैसे महपुरुषों के लिए कुछ पदों की रचना की। राजा शिवसिंह विद्यापति के बालसखा और मित्र थे, अतः उनके शासन-काल के लगभग चार वर्ष का काल महाकवि के जीवन का सबसे सुखद समय था। राजा शिवसिंह ने उन्हें यथेष्ठ सम्मान दिया। बिसपी गांव उन्हें दान में पारितोषिक के रुप में दिया।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## खामोशी की जीत

**खामोशी** से बदली महिलाओं ने तस्वीर बिहार में हुए चुनाव परिणामों का खुलासा करने वाला रहा। बिहार में मतदान प्रक्रिया में महिला वोटरों ने सशक्तीकरण की मिसाल कायम कर दी। चौथी बार नीतीश कुमार का पुनः मुख्यमंत्री पद संभालना बड़े गर्व की बात है। नीतीश विगत कार्यकाल में राज्य की महिलाओं की आशाओं पर खरे उतरे हैं।

**–अनिल कैथल, हजारीबाग**

## सस्ती राजनीति


**दिल्ली** में कोरोना के आंकड़े फिर से बढ़ते जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली की सरकार छठ मैया का पर्व घर पर ही मनाने का आह्वान कर रही है इस पर भी विरोधी दलों द्वारा गंदी सियासत की जा रही है। दिल्ली सरकार के फैसले पर उंगली उठाई जा रही है। इलाज मिले या न मिले, लेकिन विरोधी दलो का वोट बैंक नहीं बिगड़ना चाहिए।


**–हेमा सिन्हा, गुमला**

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो

**प्रधानमंत्री** ने कहा था कि लोकसभा एवं राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के विषय पर चर्चा शुरू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री के अनुसार अलग-अलग समय पर चुनाव होने से देश में हमेशा मतदान जैसा माहौल बना रहता है, जिससे प्रशासनिक असुविधाओं के साथ ही आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया में भी बाधा पहुंचती है।

बात यहां तक तो ठीक है, लेकिन एक ठोस सवाल यह है कि लगभग दो अरब लोग साथ-साथ मतदान करेंगे तो इसके लिए पुख्ता व्यवस्था कैसे हो पाएगी। यह भी मान लें एक निश्चित अवधि में, मसलन 12 हफ्तों के दौरान, मतदान की प्रक्रिया चलती है तो भी क्या इसका प्रबंधन करना आसान होगा? क्या इसमें प्रशासनिक एवं मतों की गिनती आदि में आने वाली दिक्कतों का अंदाजा लगाया जा सकता है? चुनाव आयोग इन विषयों पर विस्तार से सब कुछ बतानें की स्थिति में होगा। दूसरी तरफ एक विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ से बढ? पर होने वाले कुछ नुकसान से जुड़ा पहलू भी उठाया जा सकता है। आर्थिक सुधार तेज गति से नहीं होने से अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान पहुंचता है? अर्थशास्त्री इस पर विस्तार से बता पाने की स्थिति में होंगे।





- अभय कुमार सिंह

> पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है।

## निष्क्रियता का बहाना

तो क्या यह व्यावहारिक क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों बनाम उत्पादन नुकसान से जुड़ा विषय है, जो बाद में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का कारण बनता है? क्या यह स्थिति ठीक है? अगर ऐसा नहीं है तो स्पष्ट नजर आने वाली एक मुश्किल परिस्थिति का दूसरा विकल्प क्या है?

पिछले दो दशकों से मैं लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव साथ कराने की वकालत करता रहा है। मेरे कई सुझाव प्रशासनिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक आधारों पर खारिज किए जा चुके हैं। मैं इन आपत्तियों की समीक्षा करना चाहूंगा।

पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है। राजनीतिक दलों का मानना है कि मतदाता सत्तासीन दलों के प्रति पूर्वग्रह से ग्रसित होंगे, खासकर तब जब उनमें कोई केंद्र में सत्तारूढ़ होगा। हालांकि पहली आपत्ति के संबंध में साक्ष्य पूरी तरह निष्कर्ष पर पहुंचाने वाले नहीं हैं। इसके बजाय यह दूसरी चिंताओं की तरफ इशारा करता है।

मतदाता को नासमझ नहीं माना जा सकता। वे निवर्तमान सरकारों को सबक सिखाने के साथ ही लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बीच अंतर और महत्त्व को भली-भांति समझते हैं। तीसरी आपत्ति सांविधानिक है, जो अधिक गंभीर है। इनके लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी, जो कतई आसान काम नहीं होता है। अंत में मामला इस प्रश्न पर आकर टिकेगा कि साथ-साथ चुनाव कराने से संविधान के मूलभूत ढांचे में बदलाव आएगा या नहीं? मुझे ऐसा नहीं लगता, लेकिन कई दूसरे लोगों को ऐसा लगता है। केवल उच्चतम न्यायालय ही इसका निर्णय ले सकता है।

## अलग हो सोच

तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद हमें एक अच्छा एवं अनोखा समाधान चाहिए नहीं तो अनुच्छेद 370 की तरह ही हम इस विषय पर भी बहस करते रह जाएंगे। अगर ऐसा कोई समाधान निकलता है तो इसके तीन हिस्से हो सकते हैं। सबसे पहले चुनाव आयोग के पास ऐसी तकनीक उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे वह एक साथ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कार्य संपन्न कर सके। इसके साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल मौजूदा 60 महीनों से बढ़ाकर 66 महीने किया जाना चाहिए। यह अतिरिक्त छह महीने चुनावों- दो महीने लोकसभा और चार महीने विधानसभा- के लिए होना चाहिए।

## कुछ बेहतर प्रयोग

तीसरे उपाय के रूप में एक क्षेत्रीय संसद की व्यवस्था होनी चाहिए, जो लोकसभा के सदस्यों का चुनाव कर सके। मैं इसके लिए भी पिछले दो दशकों से जोर देता रहा हूं। क्षेत्रीय संसद का चुनाव राज्य विधानसभाओं का एक समूह करेगा। इस क्षेत्रीय संसद में शुद्ध स्थानीय हितों को जगह मिलेगी क्योंकि लोकसभा सांसद अपनी भूमिका बिल्कुल अलग रूप में देखेंगे। ऐसी व्यवस्था तैयार करने के लिए यूरोपीय संसद से सीख ली जा सकती है।

अंत में, गहरे राजनीतिक सुधार को परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना उपयुक्त नहीं माना जा सकता है और कम से कम इसे परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना तो और गलत बात होगी। 19वीं शताब्दी में इटली के अर्थशास्त्री विलफ्रेडो परेटो ने कहा था कि एक जगह विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ बढ़ता है। तभी सही माना जा सकता है जब इस प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता है।

सवाल यह भी है कि सरकारों पर अंकुश लगाने में इन बीच के चुनावों का बड़ा रोल होता है। आज पेट्रोलियम के बढ़ें मूल्य से आम लोग परेशान है महंगाई का एक बड़ा कारण है हिमाचल की हार का यह एक बड़ा कारण है। पांच साल तक अंकुशपूर्ण शासन की प्रकिया लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये आवश्यक है। आर्थिक पहलू परविमर्श आवश्यक है और चुनाव सुधार से आर्थिक कठिनाई कम हो जायेगी अगर चुनाव फिनलैंड की तर्ज पर ऑनलाइन करा दिया जाए।

एक छोटी आबादी को छोड़कर दूसरे समूहों के लिए इस सिद्धांत का लक्ष्य हासिल करना लगभग असंभव है। दुर्भाग्य से सभी गैर-सुधारवादी इसी मानदंड का पालने करने की तरफ झुकाव रखते हैं। यह निष्क्रियता एवं पूर्ण बरबादी के लिए तैयार नुस्खे जैसा ही है।

(ये लेखक दिशा साई फाउंडेशन हजारीबाग के संस्था प्रमुख हैं।)

.**माई**स्मार्ट सिटी में के विस्थापितों के लिए आवास हो या कमजोर तबके के लोगों के लिए बनहौरा में बना मकान रघुवर सरकार ने काम पूरा किया।लाभुकों को सौंपने में विलंब/तकलीफ क्यों? मामला क्रेडिट का है या इनके जर्जर होने का इंतजार है?

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**झारखण्डी** माटी के वीर सपूत, महान योद्धा परमवीर चक्र अल्बर्ट एक्का जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन।संघर्ष यात्रा के दौरान मुझे महान योद्धा के गाँव - जारी की वीर भूमि को नमन करने का सौभाग्य मिला था।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





**अन्नदाता** सड़कों-मैदानों में धरना दे रहे हैं,
और
झूठ टीवी पर भाषण!
किसान की मेहनत का हम सब पर कर्ज.है।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

खास बात

## कानून की अवधारणा

**सोमसुंदरम शेखरम**

भारत में कानून का एक अविभाज्य एवं मौलिक चरित्र यह है कि किसी अपराध के लिए आरोपित किए गए किसी भी व्यक्ति को अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यह अवधारणा संविधान के उस खंड में प्रतिष्ठापित है जिसे बुनियादी ढांचा माना जाता है और जिसे बदला नहीं जा सकता है। फिर भी बीते दशकों में इसे बदलने की कोशिशें बारंबार हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बहुमत से दिए अपने एक निर्णय में स्पष्ट, तर्कसंगत एवं प्रभावी तरीके से कहा है कि मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अधिकारियों के समक्ष की गई अपराध स्वीकृति को साक्ष्य के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है।

समाज के लिए पर्याप्त रूप से उकसाऊ माने जाने वाले मुद्दों पर बने कानूनों में खुद को दोषी न ठहराने के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन पाया जाता है। खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल एवं आतंकवाद से लड? के लिए बने कानूनों में आसानी से ऐसे प्रावधान पाए जाते हैं जो आत्म-दोषीकरण के विरुद्ध मिले संवैधानिक संरक्षण को कमजोर करते हैं।

आत्म-दोषीकरण के खिलाफ संवैधानिक सिद्धांत समाज के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक घटक है। अगर कानून खुद को दोषी ठहराने की अनुमति देते तो कार्यपालिका आपराधिक मामलों को निपटाने और अपराधियों की धरपकड़ के दावे कहीं आसानी से कर देती। असली अपराधी तो बच जाते लेकिन गरीबों को बुरी तरह से प्रताड़ित कर अपराध कबूल करने के लिए बाध्य कर दिया जाता और उस मामले की फाइल भी बंद हो जाती। इस तरह अपराध का सिलसिला जारी रहता क्योंकि असली अपराधी तो कानून की गिरफ्त में आने से बचे रहते और अधिक संख्या में वारदात को अंजाम देते। लेकिन अपराध के हरेक मामले को अपराध स्वीकृति के दम पर हल करने का दावा किया जाता। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह बात सिद्ध भी हो चुकी है कि इंसानी दिमाग एक अपराध-स्वीकृति के लिए गलत स्मृति भी विकसित कर सकता है।भारत में साक्ष्य का कानून किसी भी तरह के दबाव, वादे या धमकी के बाद किए गए कबूलनामे में हैं।

# स्वाधीनता संग्राम के महानायक सावरकर पर प्रहार क्यों?



**सुनीता सिंह**

अखंड भारत को तोड़कर देश को कई टुकड़े में विभाजित करने वाली कांग्रेस आज राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत को जोड़ने की बात कर रहे हैं।सवाल है कि वे किस भारत को जोड़ने की बात कर रहे हैं?क्या राहुल गांधी अपने पूर्वजों द्वारा की गई ऐतिहासिक भूल की सुधार के लिए यह यात्रा कर रहे हैं? या फिर मोदी सरकार के खिलाफ एक नई साजिश की तैयारी की जा रही है ।दक्षिण से शुरू हुई यात्रा जब महाराष्ट्र में पहुंचती है तो उन्हें वीर सावरकर को अपमानित करने की क्यों सुझती है।

क्या इस यात्रा से जिन्हें वे जोड़ना चाहते हैं वे जुड़ नहीं पा रहे हैं? सावरकर पर प्रहार यह साबित करता है कि वह भारत जोड़ो यात्रा में लोगों को प्यार ,सम्मान और सद्भावना का संदेश ना देकर सिर्फ एक राजनीति कर रहे हैं । कांग्रेस इस यात्रा के जरिए अपनी डूबती नैया को बचाने की कोशिश में है,लेकिन सावरकर पर प्रहार कर कांग्रेस ने खुद को ही नए सिरे से कटघरे में खड़ा कर लिया है।

राहुल गांधी ने अपने बयान में सावरकर को कायर कहा।कहा कि सावरकर ने अंग्रेजी सत्ता की मदद की और जेल से अपनी रिहाई के लिए माफी मांगी थी। क्रांतिकारी सावरकर पर जो आरोप राहुल ने लगाए उसके मायने समझा जा सकता है। राहुल मृतप्राय कांग्रेस को इस यात्रा के माध्यम से ऑक्सीजन देने की कोशिश कर रहे हैं

विचार

।लेकिन वह सफल नहीं हो पा रहे हैं ।उन्हें आभास हो गया है कि इस यात्रा से कांग्रेस के जनाधार को बढ़ाना और बचाना कुछ भी संभव नहीं है। सावरकर पर प्रहार के मायने हैं कि अब तो जो मुस्लिम मतदाता वर्षों वर्षों से कांग्रेस का वोट बैंक हुआ करता था ,उसका झुकाव भी धीरे-धीरे भाजपा की ओर बढ़ रहा है । नोट करने वाली बात है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत जी ने देश के सभी नागरिकों को एकजुट करने का लगातार आह्वान कर रहे हैं ,चाहे वह किसी भी धर्म के क्यों ना हो। सबसे बड़ी बात है कि केंद्र की सरकार तथा भाजपा शासित राज्य सरकारों में मुस्लिम समुदाय ने भी देश के एक नागरिक होने के नाते उनके सभी नीतियों और योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया। मुस्लिम समुदाय में' मोदी भूत 'का जो डर दिखाया जा रहा था ,इन 8 वर्षों में मोदी सरकार ने स्थापित कर दिया है कि उनके लिए देश के सभी नागरिक बराबर है ।आजादी के बाद वर्षों -वर्षों तक संघ और भाजपा का डर दिखाकर देश में सांप्रदायिक दंगे कराए जाते थे ।मुस्लिम समुदाय को यह भी समझ में आने लगा है कि उन्हें बेवजह डराया जा रहा था । और यही सब बातें हैं जो कांग्रेस और राहुल गांधी को सावरकर पर प्रहार करने के लिए मजबूर कर दे रहा है । सावरकर के नाम के पहले वीर शब्द उनके कर्म के जरिए जुड़ा है। वीर सावरकर शब्द साहस, वीरता , और देशभक्ति का पर्यायवाची बन गया है।

वीर सावरकर भारत के प्रथम छात्र थे, जिन्हें देशभक्ति के रूप में कॉलेज से निष्कासित किया गया था ।वे प्रथम युवक थे ,जिन्होंने विदेशी वस्त्रों की होली जलाने का साहस दिखाया था। वे प्रथम बैरिस्टर थे ,जिन्हें परीक्षा पास करने पर भी प्रमाण पत्र नहीं दिया गया था। वे पहले भारतीय हैं ,जिन्होंने लंदन में 1857 के तथाकथित गदर को 'भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम 'का नाम दिया था।

वे विश्व के प्रथम लेखक हैं ,जिनकी पुस्तक '1857 का स्वातंत्र्य समर 'प्रकाशन के पूर्व ही जप्त कर ली गई थी ।वे प्रथम भारतीय हैं जिनका अभियोग हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चला ।सावरकर पहले स्वाधीनता संग्रामी है,जिन्हें दो झदो आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

# जीएसटी कंपनसेशन क्या है? क्यों होता है विवाद



**अजयदीप बाधवा**

जीएसटी कंपनसेशन सेस क्या है जब भारत में सरकार ने वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लाने की बात आरंभ की थी तो कुछ राज्यों और राजनीतिज्ञों द्वारा उसका विरोध किया गया। कुछ राज्यों के विरोध के पीछे उनका अपनी आमदनी कम होने का भय था। ऐसा भारत के विकसित राज्य, जैसे महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात आदि ज्यादा सोच रहे थे। इस सोच के पीछे कारण भी गलत न था। वस्तुतः भारत में दो प्रकार के राज्य थे, (या आज भी हैं) एक वो जिनके यहां बहुत उद्योग धंधे थे और हैं वा विकसित हैं, और दूसरे ओर वैसे राज्य, जहां औद्योगिक विकास काफी कम था, पर जनसंख्या बहुत ज्यादा थी, जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि। पहले प्रकार के राज्यों को भय था कि जीएसटी आने के बाद ना सिर्फ विक्रय कर (सेल्स टैक्स / वैट) और एक्साइज ड्यूटी बंद हो जाएगी जो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा थी, साथ ही जीएसटी की कमाई भी कम होगी क्योंकि जीएसटी एक डेस्टिनेशन आधारित कर प्रणाली है जिसका इसका मतलब था उत्पादों को बनाने वाले राज्यों के स्थान पर उन राज्यों को अधिक जीएसटी आय मिलेगी जहां ये उत्पाद बिकेंगे। उनका मानना था

आर्थिक




कि वैसे राज्य जो स्वयं ज्यादा उत्पादन नहीं करते, बल्कि दूसरे राज्यों के उत्पादों का उपभोग करते है, की आमदनी बढ़ जाएगी क्योंकि उनकी जनसंख्या ज्यादा है।दूसरे शब्दों में कहें तो यह माना जा रहा था जो राज्य मेहनत कर औद्योगिक विकास बढ़ा रहे है उनकी आमदनी घट जायेगी और निकम्मे राज्यों की बढ़ जाएगी। चुकि यह बात कुछ हद तक सही भी थी तो भारत सरकार ने इसके लिए जीएसटी कंपनसेशन (क्षतिपूर्ति) सेस का रास्ता निकाला । भारत सरकार ने यह निर्णय लिया कि वह कुछ वैसे उत्पादों और सेवाओं पर सामान्य जीएसटी के अलावा जीएसटी सेस लगाएगी जिनका प्रयोग आम व्यक्ति नहीं करता है और उस से होने वाली आमदनी से वैसे राज्यों को भरपाई करेगी जिनकी आमदनी जीएसटी आने के बाद कम हो जाएगी। जीएसटी आने के बाद भारत सरकार ने ऐसा ही किया और कई उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस भी लगा दिया और उस से होने वाली आमदनी राज्यों के बीच उनको होने वाली हानि के हिसाब से वितरित करनी आरंभ कर दी। आरंभ में यह सेस 1 जुलाई 2017 से पांच वर्ष के लिया लगाया गया था पर इस वर्ष 1 जुलाई 2022 से इसे और आगे पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### छठ घाट निर्माण को लेकर बीडीओ को लिखा पत्र

**कुजू।** मांडू प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य रामचंद्र वर्मा ने क्षेत्र के चोथा नदी, हेसागढ़ा में छठ घाट निर्माण कराने की मांग की है इस बावत उन्होंने मांडू बीडीओ को पत्र दिया है। दिए गए पत्र में उन्होंने कहा है कि वर्ष 1997-98 से हेसागढ़ा स्थित चोथा नदी तट पर छठ हो रहा है। इस महापर्व में अर्घ्य अर्पण का विधान है लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक नदी तट पर घाट का निर्माण नहीं कराया गया है। वहीं दूसरी ओर भू माफियाओं द्वारा छठ घाट का धीरे-धीरे अतिक्रमण जारी हैं। श्री वर्मा ने चोथा नदी का सर्वे कराकर अतिक्रमण मुक्त कराते हुए छठ घाट का निर्माण व सरकारी सुविधा प्रदान कराने की मांग की है।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बरही।** न्यायालय के आदेश पर जिले में बरही थाना कांड संख्या 277/16 में फरार प्राथमिकी अभियुक्त व बरही थाना क्षेत्र के तिलैया रोड निपो उर्फ निक्कू कुमार पिता विपिन कुमार के घर पर सोमवार को बरही पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। दरअसल, प्राथमिकी अभियुक्त पर बरही थाना में धारा 147, 148, 149, 341, 342, 153, 353, 332, 333, 307, 504, 506 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज है। प्राथमिकी अभियुक्त कानून की नजरों से फरार चल रहा है। इधर, कोर्ट ने पुलिस को अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने का आदेश दिया है। इस कार्रवाई में एसआई मनीषा टोप्पो समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। उनके साथ बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, चौकीदार महादेव कुमार भी मौजूद रहे। पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि अभियुक्त निपो उर्फ नीकु कुमार काफी दिनों से फरार चल रहा है। आज उनके आवास पर इश्तिहार चिपकाया गया है। यदि वह जल्द ही अपने आप को आत्म समर्पण नही किया तो अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया जाएगा।

### साक्षरता कार्यक्रम को गति देने का लिया गया निर्णय

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड सभागार में प्रखंड साक्षरता समिति की बैठक बीपीएम विशेश्वर राम के नेतृत्व में किया गया। उक्त बैठक में साक्षरता कार्यक्रम को पुनः गति देने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। सभी साक्षरता कर्मी ने अपने-अपने पंचायत में साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम चलाने का संकल्प लिया। बैठक में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा साक्षरता कार्यक्रम को नए नामांकन नवभारत साक्षरता कार्यक्रम देकर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। बैठक में प्रेरक नरेश कुमार, मोहम्मद शमीम, कौलेश्वर प्रसाद दांगी, दशरथ कुमार, बलदेव राम, गीता देवी, बालेश्वर महतो, अनीता देवी, कामेश्वर सिंह, उर्मिला देवी, रिंकी देवी, किरण देवी, मुंशी महतो, गिन्नी वर्मा, यशोदा देवी, श्वेता भारती, गेंदिया देवी, अनिल कुमार सहित अन्य प्रेरक शामिल थे।

### वाहनों की टक्कर में चालक और उप चालक बाल-बाल बचे

**चरही।** सोमवार को चरही थाना क्षेत्र के मोहन होटल के समीप एनएच 33 पर दो वाहनों की भयंकर टक्कर में दोनों वाहनों के चालक और उप चालक बाल-बाल बचे ।जानकारी के अनुसार हजारीबाग से रामगढ़ जा रही प्लाई लोड वाहन नंबर जेएच 01एक्स/9622घाटी में पंचर हो गई थी ।इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही स्प्रीट से लदी टेंकर नंबर यूपी53डीटी/8966 में प्लाई लोड वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।

# मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर, इसे संजोये रखना हम सबों का दायित्व : अंबा प्रसाद

## पाली में दो दिवसीय पौष जतरा मेला संपन्न, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करतीं विधायक अंबा प्रसाद व झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया।

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर के पाली पंचायत में दो दिवसीय पुष जतरा मेले का भव्य आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद और झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है इसे संजोए रखना हम सबों का दायित्व हैं। उन्होंने कहा कि मेला में झारखंड की सभ्यता और संसति झलकती है। इस मेला को और भव्य बनाने को ले रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। मेला में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य और गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को झुमाए रखा। इस दौरान ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस परंपरा और संसति को साल दर साल इसी हर्ष और उल्लास से मनाने की कामना की। मौके पर पार्षद जयराम बेदिया, किसान बेराजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो, बलदेव राम, प्रदीप साहू, राजू नायक, मुकेश रावत, पंकज महतो, पाली पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील बेदिया, सचिव प्रेम बेदिया, कोषाध्यक्ष रामकुमार बेदिया, पाली मुखिया रेखा देवी, उपमुखिया सोनाली देवी, पंचायत समिति छोटेलाल बेदिया, पुष जतरा समिति के सदस्य भारत बेदिया, बिहारी बेदिया, राजेश बेदिया, नवीन बेदिया, सूरज बेदिया, सुनील बेदिया, कुलदीप बेदिया, राज बेदिया, अरविंद बेदिया, महेश बेदिया, छोटेलाल बेदिया, जगमोहन भबेदिया, कैलाश सिंह, जयपाल बेदिया, जग्गू बेदिया, देव बेदिया, लालू बेदिया, अरुण बेदिया, नेपाल यादव और धनंजय यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

**पूर्वजों की याद ताजा कराती है मेला : संजीव बेदिया**

मेला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। साथ ही ग्रामीणों को मनोरंजन का भी अवसर देता है। उन्होंने कहा कि मेला हमें अपने पूर्वजों की याद ताजा कराती है।

# गुस्से में घर से निकले नंदकिशोर का शव कुजू पुलिस ने किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** पत्नी के साथ हुई मामूली बकझक के बाद गुस्से में घर से निकले बोंगाबार कोयरी टोला निवासी नंदकिशोर गिरी(50 वर्ष)पिता स्व. द्वारिका गिरी का शव सोमवार को घर के समीप के कुएं में पानी में तैरता मिला। खबर पाकर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कुआं से निकलवा कर पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताते चलें कि नंदकिशोर गिरी की गुमशुदगी को लेकर उसके पुत्र ने कुजू ओपी में सनहा दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया था कि नंदकिशोर गिरी का गत गुरुवार को अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ मामूली विवाद हुआ था। एक दिन बाद शुक्रवार की संध्या नंदकिशोर गुस्से में घर से निकल गए। देर रात तक नहीं लौटने पर घरवालों ने काफी खोजबीन की। लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। मामले की लिखित सूचना उनके पुत्र ने कोई पुलिस को दी। इधर सोमवार को उनके घर के समीप के कुएं में पानी भरने गए पड़ोसियों की नजर पानी भरने के दौरान पानी के सतह पर पड़ी, शव तैरता देखा। यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर स्वजन व ग्रामीण कुएं की ओर दौड़े। यहां शव की पहचान नंदकिशोर के रूप में हुई। इधर शव मिलने के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के क्रंदन से पूरा गांव गमगीन है।



कुएं से शव निकाला गया।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता: अंबा प्रसाद



शिलान्यास करतीं विधायक व अन्य।

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत तालाटांड़ पंचायत में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत तालाटांड़ गांव के मुख्य सड़क से तहसील कचहरी होते हुए कुंबाटोला तक बनने वाली सड़क निर्माण का शिलान्यास 12 दिसंबर को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। मौके पर संवेदक शमशेर आलम ने बताया कि करीब 94 लाख रुपए की लागत से एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। मौके पर मुखिया रीझनी देवी, पंसस बेबी देवी, कांग्रेस पार्टी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, असगर अली, योगेंद्र सिंह खरवार, मुस्तफा अंसारी, रमेश बेदिया, इस्लाम अंसारी, कमरुल अंसारी, निर्मला देवी, अनीता टोप्पो, सज्जाद अंसारी, बुधनी देवी, मीना देवी, फुलेश्वरी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# खेलकूद के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाने का करूंगी पूरा प्रयास : अंबा

झारखंड ड्रैगन बोट एसोसिएशन के खिलाड़ियों को ड्रैगन वोट के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने 5 लाख की अनुशंसा की

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक अंबा प्रसाद के साथ एसोसिएशन के लोग।

**बासल (रामगढ़)।** झारखंड ड्रैगन बोट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से उनके हजारीबाग स्थित आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों के सुविधा हेतु ड्रैगन बोट उपलब्ध कराने की मांग की। विधायक अंबा प्रसाद ने तुरंत अपने विधायक कोष से 5 लाख रुपए की अनुशंसा पतरातू प्रखंड के ग्राम नेतुवा मे ड्रैगन बोट उपलब्ध कराने के लिए किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने श्री बिरसा टोप्पो को सम्मानित भी किया। जिन्होंने एशियन ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व किया था। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि खेलकूद के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाने के लिए हर संभव प्रयास व मदद करूंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान और खिलाड़ियों को मदद कर प्रोत्साहित करना मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर झारखंड ड्रैगन बोट एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार, संजय कुमार टोप्पो, मुकेश मुंडा, मुकेश महतो, अजय मुंडा, सिकंदर मुंडा, अशोक महतो, पंकज कुमार महतो, सुलेखा कुमारी, अंजू कुमारी, उषा कुमारी, सीमा कुमारी, प्रिया कुमारी सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखण्ड के सभागार भवन में सोमवार को रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक स्किल डेवलमेंट के शिव कुमार रमन व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भावेश कुमार ने किया। इस रोजगार सह मोबिलाइजेशन कैम्प शिविर का विधिवत क उद्घाटन चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जीप सदस्य बासुदेव करमाली, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, मांडू विस के चुरचू प्रखण्ड अल्प संख्यक विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी, चुरचू पंचायत के मुखिया पूनम बेसरा, इंद्रा पंचायत के मुखिया राधिका देवी, आंगो पंचायत मुखिया सीतामुनी मुर्मू ,इंदिरा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस रोजगार मेला का मुख्य उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताते हुए जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली ने बताया कि क्षेत्र के बेरोजगार युवक युवतियां को रोजगार से जोड़ना ही मुख्य उदेश्य है।

### मुखिया ने विभिन्न विभागों के कर्मियों के साथ की बैठक



**इचाक।** अलोंजा पंचायत के मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता ने पंचायत में स्थित विभिन्न कर्मियों के साथ बैठक किया, जिसमें स्कूल के शिक्षक, आंगनबाड़ी,सेविका, स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम, ,सहिया,रोजगार सेवक बीएफ टी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संयोजिका, कृषक मित्र, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य के साथ पंचायत भवन में बैठक किया गया । बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मियों से बारी बारी से विभाग की क्रियाकलाप की जानकारी लिया। मुखिया ने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि प्रति व्यक्ति सभी कार्ड धारियों को 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति देना है एंव अंतोदय कार्ड धारी को 35 किलो राशन देना है कटौती नहीं करना हैं। आंगनबाड़ी सेविका को निर्देश दिया गया कि छुट्टी का सूचना जिस तरह से सीडीपीओ को दिया जाता है उस तरह से मुखिया को भी जानकारी दें। साथ ही बच्चों को पूरा पोषाहार दिया जाए और समय से सेन्टर खोलने का काम करे। जलसहिया के द्वारा बनाया गया शौचालय को भी जांच करने की बात कही। वहीं एनम लोगो को लगातार अस्पताल खोलने की बात कहा गया। योग्य कार्ड धारियों का राशन कार्ड से नाम एंव मृतक ब्यक्ति का नाम हटाने एवं छूटे ब्यक्तियों को जोड़ने का डीलरों को दिया गया निर्देश। कृषक मित्रों को निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामीणों का केवाईसी करते हुए सुखाड योजना से जोड़ने का कार्य करें। स्कूल में बच्चों को पठन-पाठन कार्य नियमित एवं मध्यान भोजन गुणवत्तापूर्ण दिया जाए। सभी उपरोक्त विभागों को कहां गया की बात को अवहेलना करने वाले कर्मियों के ऊपर करवाई हेतु उच्च स्तरीय पदाधिकारी के पास अनुशंसा किया जाएगा। मौके पर उपस्थित ग्रामीण भी मौजूद रहे हैं।

### जलमीनार खराब होने से पानी को तरस रहे है बड़वार के बिरहोर

**दारू।** झारखंड सरकार एक तरफ जहां बिरहोरों की जीवनशैली को ऊपर उठाने के लिए उन्हें तमाम सुबिधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर है वहीं इरगा पंचायत के बड़वार के बिरोहर टोला में पानी जैसी मूल सुबिधा का भी अभाव है। यहां के बिरहोर टोला में सोलर प्लेट से संचालित पानी की टंकी लगी हुई है जिससे यहां के बिरहोरों को पेयजल, नहाने , कपड़ा धोने आदि की सुबिधा मिलती थी पर यहां का पानी की टंकी में लगे मशीन पिछले दो वर्षो से खराब पड़ा हुआ है पर इसकी सुध लेने वाला कोई नही है। टंकी खराब रहने से यहां पर रहने वाले बीस बिरहोर परिवारों को दूर से पानी लाना पड़ता है जिससे उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।इस बारे में सावित्री विरहोर पति रामनाथ विरहोर ने बताया कि पानी टंकी खराब होने की शिकायत कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से किये पर किसी ने भी इसकी सुध नही ली जिस कारण अबतक टंकी में आई खराबी को ठीक नही किया जा सका है। इस बारे में मुखिया अनिता देवी ने बताया कि उन्हें भी पानी टंकी के खराब होने की शिकायत मिली है जल्द ही इसे ठीक कर दिया जाएगा।

### लंपी वायरस से बचाव को बेडमक्का में किया गया टीकाकरण

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत बेडमक्का गांव में पशूलालन विभाग टाटीझरिया के चिकित्सक संतोष कुमार के द्वारा 12 दिसम्बर को खैरा पंचायत मुखिया कुमारी मधु के उपस्थिति में गाय बैल समेत अन्य लगभग 100 जानवरों को लंपि वायरस से बचाव को लेकर टीकाकरण किया गया। खैरा पंचायत की मुखिया ने क्षेत्रवासियों से अपील किया कि जानवरो में तेजी से फैल रहा वायरस से बचाव को लेकर अतिशीघ्र टीकाकरण करवाएं। ताकि पालतू जानवरों को भीषण महामारी संक्रमित वायरस से बचाया जा सके। डॉ. सन्तोष कुमार ने कहा कि लंपि वायरस के एक संक्रमण बीमारी है। जो पशुओं में त्रीव गति से फैल रहा । इस वायरस से बचाव को लेकर संक्रमित पशुओं को अन्य स्वस्थ पशुओं में दूरी बनाए रखना अतिवाश्यक है। मौके पर समाज सेवी सौरभ कु.सिंह,पप्पू प्रसाद,छत्रु ठाकुर,तेजो राम,धरम महतो मौजूद थे।

### विद्यालय के प्रभारी शिक्षक के वेतन वृद्धि पर लगी रोक

**कटकमसांडी।** झारखंड सरकार के शिक्षा सचिव के रवि कुमार के द्वारा हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड बुनियादी मध्य विद्यालय लुपुंग में औचक निरीक्षण किया गया था। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने विद्यालय के मैदान में काफी बड़ा बड़ा घास को देखते हुए,भडक गए। और उन्होंने बच्चों से पूछा कि शौच के लिए कहां जाते हो बच्चों के द्वारा जवाब में बच्चों ने बताया कि शौच के लिए हम लोग बाहर जाते हैं, इसी बीच शिक्षा सचिव ने शौचालय का निरीक्षण के दौरान शौचालय में काफी गंदगी, बंद, होने के कारण शिक्षा सचिव असंतोष जाहिर किया। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के द्वारा विद्यालय प्रभारी बगैर स्वीकृति के अवकाश पर गए हुए थे।

# गांव का विकास,देश का विकास : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



शिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत खोंडाहार पंचायत के कुण्डवा में जिला परिषद मद से 71 लाख रुपए की लागत से कुंडवा चोरपहरी तलहटी के नीचे से सुरेंद्र एक्का के घर होते हुए डीवीसी चेक डैम तक लगभग 1.04 किलोमीटर कालीकरण रोड का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के साथ महापौर रौशनी तिर्की, प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिप सदस्य मंजू देवी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया अनिता देवी, युवा नेता मनोहर यादव, उपमुखिया रोहित यादव उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल तोड़ कर किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बारी बारी से माला पहनाकर स्वागत किया ।लोगों को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया कि गांव का विकास देश का विकास है ।विधायक उमाशंकर अकेला ने केंद्र सरकार की गलत नीतियों को बताते हुए कहा कि आज देश के किसान आत्महत्या करनेबक लिए मजबूर है। उन्हें हर हठबको काम और हर खेत को पानी की जरूरत है ।कहा कि गांव के सड़क बनने से यहां के लोगों को काफी लाभ होगा। गांव के लोगों को मूलभत सुविधा से लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख मनोज रजक, जीप सदस्य मंजू देवी, ने सम्बोधित किया। मौके पर देवचंद यादव, रवि यादव, यमुना यादव, वार्ड सदस्य मालती देवी, परमेश्वर यादव, देवचंद यादव, राजेश उरांव आदि उपस्थित रहे।

# इचाक अलोंजा कला के कुलेश्वर प्रसाद मेहता की दबंगों ने की पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** सरकार और पुलिस के कार्यवाही का खौफ दबंगो के बीच इचाक प्रखंड में कितना है इसका एक नजारा प्रखंड के गांव के अलोंजाकला में देखने को मिला जहां एक ग्रामीण को खुलेआम पैरों को बांधकर घसीट कर बुरी तरह से मारा गया। इन दबंगो को पुलिस प्रशासन का कोई डर नहीं। कुलेश्वर प्रसाद मेहता उर्फ छोटेलाल पिता स्वर्गीय गणेश महतो के आरोप के अनुसार दबंग तीन के संख्या में थे। छोटेलाल को दबंग अजय प्रसाद मेहता, संजय प्रसाद मेहता और गुलाब मेहता ने अलोंजा कला से पल्सर मोटरसाइकिल में बैठा कर 2 किलोमीटर दूर छबेलवा जंगल में ले जाकर बुरी तरह से मार पीट की और तब कर मारते रहे जब तक वो बेहोश नहीं हो गए। छोटेलाल का आरोप है की होश आने पर दबंगो ने उन्हें मूत्र पीने पर विवश कर दिया। उसके बाद फिर मारा। पीड़ित ने बताया कि मुझे मरा समझकर वे छोड़ फरार हो गए । कुछ देर बाद उन्हें होश आया तो वह राहगीरों की मदद से घर पर सूचना दिया। उनके द्वारा छोटेलाल को सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

**जावा महुआ खेत में फेंकने से रोका तो भड़के दबंग**

दबंगो के बारे में बताया जाता है कि वे गांव में अवैध शराब का कारोबार भी करते हैं। 10 दिसंबर को दबंगो द्वारा शराब चूलाई के बाद जावा महुआ के अवशेष को खेत में फेक दिया गया था जिसपर कुलेश्वर उर्फ छोटेलाल ने आपत्ति जताई थी। मना करने पर बौखलाए दबंगो ने तब बदले की भावना से घटना को अंजाम दिया।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**रामगढ़।** दो दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 का सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के मैदान में दीप प्रज्जवलित कर एवं गुब्बारा छोड़कर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद पहुंचाने एवं उन्हें खेल के दिशा में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मौके पर उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर पूर्व में आयोजित हुए मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022- 23 के विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तर पर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने कि सभी खिलाड़ियों अपील की।

# ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाया जायेगा : अजय पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सोमवार को मेदांता अस्पताल रांची एवं भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र से दर्जनों महिला-पुरुष व बच्चों स्वास्थ्य जांच करवाया। शिविर में चिकित्सको द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, नाक-कान, गला आदि से संबंधित रोगों का जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में मेदांता अस्पताल के डॉ. जेनरल फिजिशियन डॉ. शैलेंद्र कुमार, ईएनटी सामान्य चिकित्सक डॉ. कृष्णा के दास, मार्केटिंग मैनेजर जितेंद्र राय, नर्स प्रियंका कुमारी, अंजली कुमारी द्वारा भुरकुंडा कोयलांचल से पहुंचे 110 महिला-पुरुष व बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा भी दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है। श्री पासवान ने कहा कि आगे भी स्वास्थ्य शिविर लगाकर पंचायतवासियों को इसका लाभ दिलाया जायेगा।

# अगर हौसला बुलंद हो और लक्ष्य के प्रति जुनून हो तो सफलता जरूर मिलती है : प्रवीण राजगढ़िया

खबर मन्त्र संवाददाता



बांस के बने प्लेटफर्म पर अभ्यास करते अग्रसेन स्कूल के विद्यार्थी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सोमवार को झारखंड ड्रैगन बोट टीम से मुलाकात की। करीब सौ विद्यार्थी शिक्षकों के नेतृत्व में पतरातू डैम के नेतुआ टापू पहुंचे। जहां पर विद्यार्थियों ने ड्रैगन बोट टीम की संसाधन के अभाव में चल रही प्रैक्टिस को देखा। इसके अलावा ड्रैगन बोट खेल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। टीम के उपकप्तान दिलेश्वर मुंडा ने बताया कि वे लोग संसाधनों के अभाव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, लेकिन उनका मनोबल टूटा नहीं है। फरवरी में बिहार में होने वाले नेशनल गेम में टीम ने गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य रखा है। टीम में लड़के और लड़कियों को मिलाकर कुल 35 सदस्य हैं। दिलेश्वर ने यह भी बताया कि यदि सरकार सुविधाएं उपलब्ध कराए तो अगला नेशनल गेम पतरातू डैम में कराया जा सकता है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हम विषम परिस्थितियों में भी किस प्रकार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं, इसी बात की सीख देने के लिये विद्यार्थियों को यह अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि हौसला बुलंद हो और लक्ष्य के प्रति जुनून हो तो सफलता प्राप्त करने से कोई रोक नहीं सकता है। इस अवसर पर उपकप्तान दिलेश्वर मुंडा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने बांस के बने प्लेटफर्म पर अभ्यास भी किया। दिलेश्वर ने सभी को चप्पू पकड़ने और चलाने का तरीका बताया।

स्पीड न्यूज

## गुजरात की प्रचंड जीत 2024 का ट्रेलर : अनिल

**जमशेदपुर।** भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी ने गुजरात के विधान सभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसके लिए गुजरात की जनता एवं असंख्य कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गुजरात की रिकार्डतोड़ प्रचंड जीत 2024 के लोकसभा चुनावों का ट्रेलर है ।उन्होंने कहा कि गुजरात में लगातार सत्तारूढ़ रहने के बावजूद इतनी प्रचंड जीत से साबित हो गया कि देश में अभी मोदी मैजिक कायम है।

## मुखिया मनोहर सिंह ने की ग्रामीणों संग बैठक

**चांडिल।** चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने ग्रामीणों की



समस्याओं को लेकर चांडिल हाटतोला में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने कहा ग्रामीणों की हर समस्या का निदान करना मेरा प्राथमिकता है। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलने पर मै हर संभव समस्या का निदान करने को लेकर प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा इस बैठक में कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसमें ग्रामीण सड़क, नाली एवं जल मीनार सामिल है। मौके पर माझला महतो, जितेंद्र सिंह, मुन्ना दां, रेखा प्रमाणिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## साईं देवस्थानम में 24 घंटे का अखंड रामचरित मानस पाठ शुरू

**जमशेदपुर।** साई परिवार विश्व सेवा



संस्थान, जमशेदपुर के संस्थापक सदस्य स्व प्रेमलता सिन्हा के जन्मोत्सव पर 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा -टेल्को में मुख्य यजमान राकेश रंजन सपत्नीक की उपस्थिति में हुई। अध्यक्ष अनुप रंजन ने बताया कि अखंड रामचरितमानस पाठ विगत रविवार को नियमपूर्वक प्रारंभ हुई जिसकी पूर्णाहुति सोमवार को हुई। समापन के बाद हवन कर लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया। पंडित नन्दलाल मिश्रा एवं शंभुनाथ तिवारी सहित बहुसंख्य भक्तों ने रामचरित मानस पाठ में भाग लिया।

## परसूडीह की समस्याएं दिखाने को भूख हड़ताल



**जमशेदपुर।** सोमवार को वीर युवा सेना की ओर से दो दिवसीय भूख हड़ताल केंद्रीय संरक्षक वीर सिंह देवगम केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भरत सिंह केंद्रीय उपाध्यक्ष नारायण कालंद्री केंद्रीय संगठन सचिव सचदेव कालिंदी के नेतृत्व में आज शुरु हुई। अनशनकारियों की मांग है कि परसुडीह क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से जनता परेशान है। पानी की पाइप लाइन बिछाने से सड़क पर पानी बह रहा है।

## दारैन एकेडमी ने नये कैलेंडर का हुआ विमोचन



**जमशेदपुर।** आजादनगर ईदगाह के निकट स्थित दारैन एकेडमी प्रांगण में वर्ष 2023 के नए कैलेंडर का विमोचन मुख्य अतिथि समाजिक कार्यकर्ता मसूद अली व अतिथि शिक्षाविद ताहिर हुसैन द्वारा किया गया। समारोह का आगाज उसमान गनी के कुरान के पाठ से हुआ। मुख्य अतिथि मसूद अली ने कहा कि दारैन एकेडमी धार्मिक शिक्षा के क्षेत्र मे बड़ी भूमिका निभा रहा है जो बधाई के पात्र है।

# निर्णय : खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफटी फंड से बनाये जायेंगे स्कूल बिल्डिंग, सिंचाई नाला और आंगनबाड़ी भवन

- डीएमएफटी ट्रस्ट की बैठक डीसी की अध्यक्षता में संपन्न
- सांसद प्रतिनिधि, विधायक और जिप अध्यक्ष थे उपस्थित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला सभागार, जमशेपुर में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विजया जाधव की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक हुई। डीएमएफटी मद से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास को लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु सिंचाई तथा जीविकोपार्जन प्रक्षेत्र की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, माननीय विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती, माननीय विधायक पोटका संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू शामिल हुईं। निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी संजय शर्मा तथा सभी तकनीकी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में खनन प्रभावित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से प्राप्त योजनाओं के प्रस्ताव को समेकित कर वर्ष 2022-23 के लिए तैयार की गई कार्य योजना का प्रारूप न्यास परिषद के समक्ष रखा गया।



साथ ही विधायक ने मौके पर अनुशंसित अन्य योजनाओं को भी इसमें शामिल किया गया। बैठक में डीएमएफटी फंड के तहत वैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई जिससे खनिज उत्खनन क्षेत्र के लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो सकें।

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पीएचसी, सीएचसी में आवश्यकतानुसार चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के लिए सिविल सर्जन से प्रस्ताव मांगा गया। बहरागोड़ा एवं चाकुलिया प्रखंड में प्रसूता महिलाओं के लिए महिला एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी जो दोनों प्रखंड में 3-3 तीन समय देंगी। भवनहीन सरकारी विद्यालयों में कमरा निर्माण एवं सिंचाई नाला निर्माण के प्रस्ताव को प्रमुखता से पारित किया गया। सरकारी विद्यालयों में चारदीवारी निर्माण के प्रस्ताव को दूसरे मद से लेने पर सभी ने सहमति जताई । वहीं जिन सरकारी विद्यालयों में कमरे की आवश्यकता है वैसे करीब 40 से ज्यादा स्थानों पर कमरा निर्माण की अनुशंसा की गयी। माननीय विधायकगण द्वारा सुझाव दिया गया कि जिन प्रखंडों में जल जीवन मिशन की योजना संचालित की जा रहीं वहां जलमीनार या चापाकल अधिष्ठापन जैसी योजनाओं का प्रस्ताव नहीं लें । डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए प्रमुख ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्या न्यास परिषद के समक्ष रखी। उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

### जमशेदपुर के अस्पतालों की बकाया राशि का मामला संसद में गूंजा

# हुजूर! अस्पतालों को आयुष्मान मद में जल्द दें पैसा, बंद है गरीबों का इलाज

- सांसद विद्युतवरण महतो ने कहा, बकाया भुगतान जल्द कराये सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बिद्युत बरण महतो ने आझ लोकसभा में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय आयुष्मान भारत का मामला उठाया । उन्होंने नियम 377 के अधीन सूचना के प्रावधान के तहत लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से विषय को उठाते कहा कि आज आयुष्मान भारत योजना से देश के करोड़ों गरीब, वंचित, बीमारियों से पीड़ित परिवारों को उक्त योजना का लाभ मिला है। यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच और गरीबों के प्रति समर्पण को प्रतिबिंबित करता है। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कई ऐसे अस्पताल हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान नहीं होने के कारण इन अस्पतालों में गरीबों का इलाज होना बंद हो गया है।

सांसद श्री महतो ने कहा कि उक्त मामले को पिछले सत्र के दौरान भी उठाया था। उन्होंने मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को



विद्युतवरण महतो।

धन्यवाद देते हुए कि उन्होंने अपने पत्रांक अर्ध शासकीय पत्र संख्या एस-12012/57/2022 दिनांक 05 दिसंबर 2022 के माध्यम से सूचित किया है कि उपरोक्त संबंधित अस्पतालों का भुगतान किया जायेगा। परंतु उक्त अस्पतालों का भुगतान अभी तक नहीं होने से इलाज कराने वाले गरीब मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त अस्पतालों का आयुष्मान भारत योजना के तहत बकाए राशि का भुगतान अविलंब कराने की कृपा की जाय, ताकि इन अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित गरीब परिवारों का समुचित इलाज हो सके।

**इन अस्पतालों को नहीं मिला है आयुष्मान भारत का पैसा**

1. ब्रह्मानंदा हॉस्पिटल सरायकेला,
2. मेडिटिरिना हॉस्पिटल सरायकेला, 3. गंगा मेमोरियल जमशेदपुर,
4. दया हॉस्पिटल जमशेदपुर,
5. अपूर्वा ईशान जमशेदपुर,
6. साकेत हॉस्पिटल जमशेदपुर,
7. डॉक्टर अभिषेक चाइल्ड जमशेदपुर,
8. मेहरबाई टाटा जमशेदपुर,
9. डॉक्टर डी मिश्रा यूरोलॉजी जमशेदपुर

## एक नजर में

### रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को भाड़े में छूट देने की मांग



**जमशेदपुर।** भारतीय रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ववत 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत भाड़े में छूट देने के लिए डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डीसी को सिंहभूम केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष शिव पूजन सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा। शिवपूजन ने कहा कि कोरोना काल में रेल किराये में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट बंद कर दी गई थी। अब चूंकि देश में कोरोना संक्रमण खत्म हो चुका है तो यह सुविधा बहाल करनी होगी।

### कल्याण समिति का सदस्यता सम्मेलन संपन्न



**जमशेदपुर।** गोराई (तेली) कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दयाल गोराई, महासचिव राजू गोराई, कोषाध्यक्ष संतोष गोराई और मीडिया प्रभारी करन गोराई के अध्यक्षता में डोभो सतनाला डैम में केंद्रीय सदस्यता सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में काफी संख्या में केंद्रीय सदस्य उपस्थित हुए, और आगामी रक्तदान शिविर का कार्यक्रम एवं गोराई (तेली) कुलु समाज पारिवारिक सम्मेलन सह वनभोज का कार्यक्रम के विषय में विचार विमर्श किया गया। पारिवारिक सम्मेलन सह वनभोज का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सदस्यता लेना अनिवार्य है।

### सन राइज पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न




**जमशेदपुर।** सनराइज पब्लिक स्कूल मानगो जाकिरनगर ने अपना 17वां वार्षिक उत्सव मनाया। इस उपलक्ष्य में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की पर्यावरण को बचाने के लिए एक बहुत ही सुंदर संदेश दिया गया। किस प्रकार कोरोना से हम लोगों ने जंग लड़ी उसका भी बहुत ही सुंदर प्रदर्शन नृत्य से किया। टैक्स दे देकर आम आदमी किस प्रकार परेशान है इसकी भी बहुत बेहतरीन नाटक द्वारा प्रस्तुति की गई। इसके अलावा कई रंगारंग नृत्य और नाटकों की प्रस्तुति की गयी। विद्यालय के बेहतरीन छात्रों को पुरस्कृत कर किया गया जूनियर सेक्शन से स्टूडेंट ऑफ द ईयर कक्षा 4 छात्रा अलीना अजगर को दिया गया वहीं सीनियर सेक्शन से कक्षा सात की छात्रा नाजिया बेगम को दिया गया। छात्र छात्राओं के साथ साथ बेहतरीन शिक्षिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया जूनियर सेक्शन से शफिया ताजीन टीचर और सीनियर सेक्शन से वसीला नौशीन टीचर को टीचर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। मोस्ट पंचुवल टीचर का अवार्ड आयशा कादरी टीचर को दिया गया। लौंग सर्विस अवार्ड से शाज़िया परवीन और निखत तबस्सुम टीचर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर शिवो कुमार सिंह चेयरमैन बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर डॉ सुनीता त्रिपाठी डीन मनिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, स्कूल के डायरेक्टर रूमी उस्मानी सेक्रेटरी मुसन्ना हसन उस्मानी प्राचार्या नीलोफर, कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

### संत मैरिज उवि के पूर्व छात्रों ने मनाया रियूनियन समारोह



**जमशेदपुर।** कोल्हान के सबसे पुराने अंग्रेजी माध्यम स्कूल (1943 में स्थापित) बिस्टुपुर स्थित सेंट मैरी इंग्लिश हाई स्कूल के पूर्व छात्रों ने रविवार को स्कूल के सभागार में अपना पहला रीयूनियन आयोजित किया। मुंबई, कोलकाता और दिल्ली के कुछ लोगों सहित स्कूल के लगभग 80 पूर्व छात्रों ने समारोह में भाग लिया, जो स्कूल के लगभग 30 पूर्व और वर्तमान शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया था। पूर्व छात्र संघ, जो जल्द ही झारखंड में सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत होगा, ने वर्तमान छात्रों के लिए करियर चयन और अन्य पहलुओं में मदद करने के लिए नियमित सत्र की मेजबानी के अलावा अपने अल्मा मेटर के वंचित छात्रों को उनकी पढ़ाई में मदद का संकल्प लिया है। एसोसिएशन ने जीवन के सभी क्षेत्रों में स्कूल के सदस्यों और वर्तमान छात्रों की मदद करने के लिए लगभग 800 सदस्यों की सामूहिक ऊर्जा का उपयोग का संकल्प लिया है।

### यादव समाज ने फूंका अविनाश-राजेश का पुतला



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में यादव समाज से किसी को भी प्रतिनिधित्व नहीं देने के विरोध में प्रदेश यादव महासभा ने सोमवार की शाम को साकची बिरसा चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का पुतला दहन किया। मौके पर प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश महासचिव प्रताप कुमार यादव ने कहा कि अगर तीन दिनों के अंदर प्रदेश कांग्रेस कमिटी में संशोधित कर यादव समाज को अगर जगह नहीं दी जायेगी तो राज्य के सभी जिलों में अविनाश पांडेय और राजेश ठाकुर का पुतला दहन कार्यक्रम चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यादव समाज से किसी को भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में अपने हक के लिए जोरदार आंदोलन किया जायेगा। कोल्हान के सभी विधानसभा सीटों पर यादव समाज निर्णायक भूमिका निभाता हैं, इसके बावजूद यादव समाज की अनदेखी करना समझ से परे हैं। जबकि यादव समाज के कई कांग्रेसी नेताओं पर आंदोलन के अनेक मामले दर्ज हैं। अपने अधिकार के लिए यादव समाज आवाज उठायेगा। कार्यक्रम में पप्पू यादव, ओमप्रकाश यादव, अरूण यादव, मनोज यादव, आकाश यादव, विनोद यादव, महेन्द्र यादव, विपीन यादव, लोहा यादव, कृष्णा यादव, राम दरस यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे।

## गदरा आनंदमार्ग जागृति में बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन संपन्न

- 200 नारायण भोज एवं 100 निशुल्क पौधा वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से 3 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन गदरा आनंद मार्ग जागृति में संपन्न हुआ साथ ही साथ लगभग 200 नरायण को भोजन कराया गया, लगभग एक ग्रामीणों के बीच 100 पौधा वितरण किया गया। कीर्तन समाप्ति के बाद आनंद मार्ग प्रचारक संघ के महासचिव आचार्य चितस्वरूपानंद अवधूत आज रांची से जमशेदपुर कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। उन्होंने कहा कि कीर्तन हरि का कीर्तन, यह जो हरि हैं अर्थात परम पुरुष हैं। इन्हीं का कीर्तन करना है अपना कीर्तन नहीं कीर्तनिया सदा हरि, मनुष्य यदि मुंह से स्पष्ट भाषा में उच्चारण कर



कीर्तन करता है उससे उसका मुख पवित्र होता है। जी हां, पवित्र होती है कान पवित्र होते हैं शरीर पवित्र होता है और इन सब के पवित्र होने के फलस्वरूप आत्मा भी पवित्र होती है। कीर्तन के फलस्वरुप मनुष्य इतना पवित्र हो जाता है कि वह अनुभव करता है।

## साकची बसंत सेंटर के सामने बनेगा भव्य मंदिर : बन्ना गुप्ता

- उत्सव समिति के शिष्टमंडल ने मंत्री बन्ना गुप्ता से की मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची बसंत सेंट्रल के नजदीक सनातन उत्सव समिति की अगुवाई में चल रहे श्री हनुमान मंदिर निर्माण पर जिला प्रशासन द्वारा आधी रात लगाई गई रोक और कारसेवकों पर हुए लाठीचार्ज का विवाद बढ़ता दिख रहा है। सोमवार को सनातन उत्सव समिति की ओर से मंदिर निर्माण से जुड़े चिंटू सिंह के नेतृत्व में राज्य शासन के मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर पूरे



मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलते अप्पू तिवारी और चिंटू सिंह।

प्रकरण से अवगत कराया और सहयोग मांगा।

चिंटू सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन की दमनकारी कार्रवाई हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण के पीछे पूर्वी के विधायक सरयू राय का दबाव है। समिति के नेताओं ने मंत्री बन्ना गुप्ता को बताया की उक्त मंदिर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित है, लेकिन पूर्वी के विधायक निर्माण कार्य में रोड़े अटका रहे हैं। वही व्यक्ति जब पश्चिम विधानसभा से विधायक निर्वाचित थें उन्होंने एकबार भी मंदिर निर्माण की सुध नहीं रही। अब केवल हिंदू मंदिरों के विरुद्ध राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। समिति ने लाठीचार्ज की घटना और मंदिर निर्माण पर रोक की उच्चस्तरीय जांच का आग्रह किया।

## टाटा मोटर्स इंटर टीम व इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप में गुलमोहर स्कूल और सफारी रॉयल्स बने चैंपियन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स इंटर टीम एवं इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप संपन्न हो गया। इसमें स्कूल (लड़कों) वर्ग में गुलमोहर हाई स्कूल और टीम वर्ग में सफारी रॉयल्स टूर्नामेंट के विजेता बने हैं। स्कूल वर्ग में फाइनल मुकाबला गुलमोहर हाई स्कूल व शिक्षा निकेतन स्कूल के बीच खेला गया। शिक्षा निकेतन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। गुलमोहर हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 134/5 का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए शिक्षा



विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान करते सीनियर जीएम मानस मिश्रा।

निकेतन स्कूल की शुरूआत अच्छी रही लेकिन अंत में 20 ओवर में 119/8 का स्कोर ही बना सकी। फाइनल मैच गुलमोहर हाई स्कूल ने 15 रन से जीत लिया। गुलमोहर हाई स्कूल के मास्टर अंकित सिंह को टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया; उन्होंने टूर्नामेंट में 153 रन बनाए और 4 विकेट लिये। टीम वर्ग में फाइनल मैच सफारी रॉयल्स और प्राइमा चैलेंजर्स के बीच खेला गया। प्राइमा चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

## स्वदेशी जागरण मंच ने बाबू गेनू की स्मृति में कराया 45 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच प्रणेता बाबू गेनू जिन्होंने 12 दिसंबर, 1930 को स्वदेशी के लिये प्रथम बलिदान दिया था जिनकी याद में स्वदेशी जागरण मंच ने उनके बलिदान दिवस को स्वदेशी दिवस के रूप में मनाता है तथा इस दिन उनकी याद में प्रत्येक वर्ष स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा रक्तदान शिविर लगाता है। यह बातें स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह ने बताया। आज इसी क्रम में जमशेदपुर महानगर इकाई ने ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 45 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन मनोज सिंह, अमरप्रीत सिंह काले ने रक्तदान शिविर आकर उनका उत्साह बढ़ाया। मौके पर प्रांत महिला प्रमुख मधुलिका मेहता, महानगर संयोजिका राजपति देवी, सहसंयोजक संजीत सिंह, विभाग संयोजक राजकुमार साह, विभाग सहसंयोजक अमित मिश्रा भी थे।

## केपीएस मानगो में स्कूली वैन-बस चालक किये गये सम्मानित

- सारथी दिवस के जरिए किया गया सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केपीएस मानगो ने 12 दिसंबर 2022 स्कूल के प्रांगण में 'सारथी दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना गीत से हुआ। प्रिंसिपल सुश्री रूपा घोष ने हमारे स्कूल के 'सारथियों' का स्वागत किया जो हमारे बच्चों का सुरक्षित परिवहन करते हैं। अपने भाषण में, उन्होंने कहा कि एक ड्राइवर की भूमिका एक सारथी की तरह है जो सही दिशा की ओर बढ़ती है। उन्होंने उनकी कड़ी मेहनत और सहायक मानसिकता को स्वीकार किया और सभी सारथी भैया के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री शरथ चंद्रन, निदेशक केपीएस स्कूलस इस अवसर पर इन मूल्यवान ड्राइवरों को सम्मानित करने के लिए उपस्थित थे, जो हमारे स्कूल के सुचारू संचालन में अभिन्न भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित 30 वैन व ऑटो चालकों को टी-शर्ट वितरित की।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑटो और वैन चालक माता-पिता और स्कूल के बीच की खाई को भरते हैं। माताएं अपने बच्चों को सुबह ऑटो



चालकों के हवाले कर देती हैं और आश्वस्थ हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि उनके योगदान को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। निदेशक ने बच्चों से कहा कि यदि वे जीवन में कुछ बनना चाहते हैं तो उन्हें समाज के प्रत्येक सदस्य का सम्मान और धन्यवाद करना चाहिए और उनका प्यार और आशिर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

श्री मुख्तार आलम, अभिभावक प्रतिनिधि, इस कार्यकर्म से बहुत प्रभावित हुए और हमारे स्कूल के सारथी के प्रति सम्मान दिखाने के लिए केपीएस मानगो में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल के प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

उन्हें अपने बेटे की स्कूल में 10 साल की पढ़ाई याद आ गई। उनके बेटे को पांच बार 100% उपस्थिति का पुरस्कार मिला और उनके पुत्र डॉक्टर जहांजेब खान समय पर स्कूल पहुंच कर अपनी पढ़ाई सफलतापूर्वक कर एमजीएम से एमबीबीएस कर के आज एक सफल डॉक्टर है क्योंकि उसका ऑटो चालक उसे सुरक्षित और समय पर स्कूल ले जाता था। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए और सारथियों को उनके योगदान के लिए मान्यता दी जानी चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### गुजरात में आप की सफलता पर बधाई



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विस से आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी कन्हैया कुमार उर्फ के विश्वा ने एमसीडी समेत गुजरात और हिमांचल में बेहतर प्रदर्शन पर राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आप अब केवल दिल्ली नहीं गुजरात और देश के राज्यों के अपना स्थान बना लिया है। गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी के रूप में अपना विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी बहुत जल्द एक मजबूत संगठन के रूप में उभरेगी, दिल्ली और पंजाब में पार्टी की सरकार है। साथ ही गोवा और गुजरात में हमारे विधायक हैं।

### धनंजय बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हुसैनाबाद के धनंजय तिवारी को झारखंड कांग्रेस का प्रदेश सचिव और मोहम्मदगंज के सत्यनारायण सिंह को प्रदेश महासचिव बनाया है। श्री तिवारी ने राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति आभार जताया है। वहीं हुसैनाबाद अनुमंडल से दो नेताओं को पार्टी ने प्रदेश में जिम्मेवारी देने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष है। बधाई देने वालों में कामेश्वर तिवारी, नवल किशोर पाठक, हसनैन जैदी, लल्लू सिंह, अवध बिहारी सिंह, शंभु सिंह, मसरूर अहमद, शैलेश सिंह, रघुराई यादव, नदीम खान, गुप्तेश्वर पांडे, जुबेर आलम, अमित पांडे, जगदीश राम, कमल कौशल, प्रवीण तिवारी, अंबिका सिंह , संजय सिंह, राजेंद्र पासवान आदि हैं।

### उंटारी रोड : खिलाड़ियों के बीच बंटे ड्रेस



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा पंचायत के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच सोमवार को ड्रेस बांटा गया। ड्रेस वितरण मुखिया कमला देवी ने अपने आवास पर किया। बताया कि जोगा टीम के खिलाड़ियों के आग्रह पर 15 सदस्यीय टीम के बीच निजी खर्च से ड्रेस बांटा है। युवा खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। मौके पर समाजसेवी रामकृष्ण पाल, उपमुखिया रूपेश कुमार सिंह, पंसस प्रतिनिधि काशीनाथ चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी भी थे।

### ड्रेस से बच्चों में आती है समानता : प्रमिला



**मनातू पलामू।** बंसी पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र सिलदीलिया यूपीजीपीएस सिलदीलिया खुर्द, राउमवि गवही और उमवि गौरवा टांड़ सहित अपने पंचायत के विद्यालय में विद्यार्थियों को कीट स्कूली बैग और पोशाक बांटे गये। इस दौरान मुखिया प्रमिला देवी ने सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य को हिदायत दी कि बंसी पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों को पठन-पाठन ठीक से करें, ताकि बच्चे आगे जाकर बेहतर कर सकें। कहा कि ड्रेस से स्कूली बच्चों में समानता आयेगी। मौके पर वार्ड सदस्य ईश्वरी रवि, सुरेश सिंह, नरेश साहू समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

### 16 को विजय दिवस मनायेंगे पूर्व सैनिक




**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने रेड़मा स्थित 1971 के वीर सैनिक शिवजी सिंह के कार्यालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष गयानंद पांडे तथा संचालन महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में 16 दिसंबर 1971 के विजय दिवस मनाने पर चर्चा हुई। 16 को विजय दिवस धूमधाम से मनेगा। समारोह में भारत-पाक युद्ध में शामिल वीर योद्धा सम्मानित किये जायेंगे। बैठक में गयानंद पांडे, दिनेश गुप्ता, गिरवर प्रजापति, कामख्या नारायण सिंह, अशोक मेहता, हरिहर तिवारी उपस्थित थे।

### महान देशभक्त थे सुब्रमण्यम भारती : धीरज



**मेदिनीनगर।** महान देशभक्त और तमिल साहित्यकार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनायी। मौके पर ने मेदिनीनगर शहर स्थित धीरज क्लासेस में छात्रों के बीच मातृ भाषा में हस्ताक्षर अभियान चलाया। अध्यक्षता नगर सह मंत्री नितीश दुबे ने की। नगर उपाध्यक्ष धीरज उपाध्याय ने कहा कि महान दार्शनिक एवं महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी की जयंती पर लोगों को अधिक भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को विविधता में एकता का अनुभव कराने के लिए भारतीय भाषा दिवस मनाया जा रहा है। मौके पर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान, जिला स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के संयोजक गोविंद मेहता, जिला संयोजक अभय वर्मा जिला, सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, विनीत पांडे, रोहित गुप्ता राहुल चेरो, पल्लवी कुमारी जया कुमारी, शशिभूषण यादव, प्रकाश पांडे, रोहित पांडे, गणेश लाल लाल कॉलेज के कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### विडंबना : आमजनों को सुरक्षा देनेवाले पुलिस चेक पोस्ट पर लटका ताला



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण एवं अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस कई हथकंडे अपनाकर अपराध पर नियंत्रण करने में जुटी है। इसके तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस पिकेट बनाना एवं जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस चेक पोस्ट बनाना शामिल है। पुलिस चेक पोस्ट का निर्माण पलामू जिला मुख्यालय के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्र में कराना था, जिसमें सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखांड मोड़, सिंगरा अमानत नदी पुल, पांकी रोड स्थित टेड़वा पुल एवं कोयल नदी शाहपुर पुल पर चेक पोस्ट निर्माण तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा कराया जाना था। लेकिन उस समय कोयल पुल के समीप शाहपुर में पुलिस चेक पोस्ट बनवाया गया। जिसका उद्घाटन तत्कालीन एसपी संजीव कुमार व तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक संदीप गुप्ता ने 17 सितंबर 2020 को किया था। पुलिस चेकपोस्ट बनाने के पीछे सोच थी कि बढ़ते अपराध पर नियंत्रण हो सकेगा। साथ ही तेज रफ्तार बाइक चालकों पर रोक लगेगी। अवैध धंधा करने वाले या तस्करी करनेवालों पर रोक लगेगी। पर बंद शाहपुर स्थित पुलिस चेकपोस्ट ने सब पर पानी फेर दिया है।

# पलामू प्रमंडल में फलों की खेती का हो विस्तार : आयुक्त


- रसदार फलों के उत्पादन की बेहतर संभावनाएं
- पॉलीहाउस में हो रही खेती से प्रेरणा लें क्षेत्र के किसान


■ चियांकी स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का परिभ्रमण कर कृषि संबंधी अनुसंधान की बारीकियों को जाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चियांकी के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का जायजा लेते पलामू आयुक्त व अन्य।



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने सोमवार को चियांकी स्थिति क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का परिभ्रमण कर रसदार फलों की खेती एवं कृषि संबंधी विभिन्न प्रजाति के बीजों पर हो रहे अनुसंधान कार्यों की बारीकियों को देखा और उससे संबंधित जानकारी ली। उन्होंने रसदार फलों की खेती यथा संतरा, मौसंबी, किनो एवं नींबू वर्गीय अन्य प्रजाति के पौधों एवं फलों का अवलोकन किया। साथ ही पेड़ों पर लगे फलों को देखा और उसके लिए तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रयोगों से अवगत हुए। पेड़ों पर लगे सामान्य से अत्यधिक फलों को देख प्रभावित हुए।

उन्होंने सक्षम प्रभेद के अमरूद के बाग को भी देखा। साथ ही पॉली हाउस में लगे टमाटर, ब्रोकली, शिमला मिर्च पर किए गए अनुसंधान को देखा और उसकी बारीकियों से अवगत हुए। साथ ही क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र परिसर में लगे चना, गेहूं आदि रवि फसल के साथ-साथ सरसों के विभिन्न प्रभेदों को देखा और पलामू में उसकी उत्पादन क्षमता की जानकारी ली। इसके अलावा आयुक्त ने आम, अमरूद, आंवला, नींबू, संतरा, किनो मौसंबी आदि के नर्सरी को देखा। साथ ही ड्रैगन फ्रूट के पौधों का अवलोकन किया और पलामू के मिट्टी में ड्रैगन फ्रूट के फल के स्वाद की जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में रसदार फलों की खेती की जा रही है। साथ ही रसदार फलों एवं अन्य फलदार पौधों की नर्सरी तैयार की गई है। इन पौधों को किसानों को ले जाकर अपने खेतों में पौधरोपण करने की आवश्यकता है, ताकि पलामू प्रमंडल क्षेत्र में फलों की खेती का विस्तार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में पॉली हाउस में खेती की जा रही है। इसे आसपास के किसान को आकर देखने की जरूरत है। इससे खेती के प्रति उनके मन में भावना जागृत होगी और वह अपना किचन गार्डन विकसित कर अपने द्वारा उत्पादित फल एवं सब्जियों की का सेवन कर सकेंगे। इससे उनकी खेती सेहत ठीक हो सकेगी। आयुक्त के परिभ्रमण के दौरान वैज्ञानिक प्रमोद कुमार एवं लिपिक ऋषि सुमन झा ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में किए जा रहे कृषि संबंधी विभिन्न प्रभेदों के अनुसंधान से संबंधित जानकारी दी।

# बेहतर खेल से पलामू का नाम रोशन करें युवा : सुरजीत सिंह

■ पुलिस लाइन स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का अपर समाहर्ता ने किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में सोमवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिले के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह व सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते ने फुटबॉल को किक कर जिला स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर सहायक समाहर्ता विसपुते ने प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और विजय हासिल कर अपने एवं जिले का नाम रोशन करें। वहीं अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपने अच्छे खेल के माध्यम से अपना व जिला का नाम रौशन करने की अपील की।

■ ज्ञात हो कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक-बालिका वर्ग की विजयी टीम भाग ले रही है। इसी क्रम में सभी मैच बालक वर्ग के बीच ही खेला गया। जिला स्तर पर विजेता टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी। बालक वर्ग के पहले मैच में मनातू ने पिपरा को 0-1 से हराया। दूसरे मुकाबले में हुसैनाबाद ने पांकी को 0-1 से हराया। तीसरे मुकाबले में तरहसी ने छतरपुर को 0-1 से हराया। चौथे मुकाबले में नौडीहा बाजार एवं विश्रामपुर के बीच खेला गया जिसमें विश्रामपुर की टीम 0-1 से विजयी रही। पांचवें मैच में मोहम्मदगंज ने हरिहरगंज को 0-2 से हराया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, कमलानंद दुबे, संजय त्रिपाठी, सौराज सिंह, साहेब सिंह व अन्य मौजूद थे।

# शिवा बद्री रिसॉर्ट में किंग एंड क्वीन कंपनी करायेगी न्यू ईयर सेलिब्रेशन

- 31 दिसंबर को चैनपुर में होगा रंगारंग कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रांची के विग ईवेंट कंपनी किंग एंड क्वीन द्वारा 31 दिसंबर को चैनपुर प्रखंड के बंदुआ रोड स्थित शिवा बद्री रिसोर्ट में 31 दिसम्बर को ईयर सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया है। किंग एंड क्यून कंपनी यह कार्यक्रम का आयोजन करवा रहा है। महाप्रबंधक प्रवीण आर राणा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध बैंड ग्रुप, एंकर, डीजे डेजलिंग आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में इंट्री के लिए टिकट रखा गया है जिसका कीमत 1500 रुपये से 40 हजार रुपये तक रखा गया है। जिसमे बैठने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। सभी टिकट की दर फैमिली पैकेज, कपल पैकेज के हिसाब से रखा गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रसिद्ध अदाकारा आरसी बार्बी एंकर होंगी।

इसमें रशियन ग्रुप डांसर और रशियन फायर डांसर भी आ रही है। इस कार्यक्रम में बेहतरीन साउंड, एलईडी वॉल और लाइट की व्यवस्था के लिए दिल्ली से मंगाया गया है। अतिथियों की सुरक्षा के लिए 20 बाउंसर को भी बुलाया गया है। इसमें एसआईएस के दस-दस महिला एवं पुरुष सुरक्षाकर्मी लगाये जायेंगे।

अभिषेक सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम में वेज नॉनवेज के साथ ही साथ शॉफ्ट एवं हार्ड ड्रिंक की भी व्यवस्था की गई है। इसके लिए टिकट बुकिंग प्रारंभ कर दिया गया है। इस मौके पर संजय कुमार, प्रवीण कुमार, अखिलेश कुमार, जूही शर्मा मौजूद थे।

## भविष्य में कलाकारों को एक नयी दिशा प्रदान करेगी आर्ट गैलरी

- प्रख्यात चित्रकार नैयर ने किया रंग संग आर्ट गैलरी का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज में रंग संग आर्ट गैलरी का उद्घाटन प्रख्यात चित्रकार नैयर जमाल ने किया। विशिष्ट अतिथि मासूम आर्ट ग्रुप के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय व कला शिक्षिका आशा शर्मा थीं। मौके पर गैलरी के संचालक सह आर्ट डायरेक्टर संजीत प्रजापति की कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। चित्रकार एसएम नैयर जमाल को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि रंग संग आर्ट गैलरी भविष्य में कलाकारों को एक नई दिशा देगी। संजीत द्वारा प्रदर्शित कला संग्रहों का मुआयना कर इसकी प्रशंसा की। संजीत ने बताया कि यहां हर आयु वर्ग के लोगों को चित्रकला के ऑयल पेंटिंग, वाटर पेंटिंग, फेबरिक पेंटिंग, पेंसिल स्केचिंग विधा के पारंपरिक व मॉर्डन तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए हर आयु वर्ग के लिए अलग-अलग क्लास में नामांकन की सुविधा है। इसके शुल्क भी विभिन्न कैटेगरी के हैं। रंग संग आर्ट गैलरी में चित्रकला के अलावा वुड ड्राफ्टिंग, स्टोन आर्ट और क्ले आर्ट के लिए अलग से कक्षाएं चलाई जायेगी।

## हॉस्पिटल संचालक डॉ मुरली ने पिता की पुण्यतिथि पर लगाया जांच शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत के लक्ष्मीनगर में स्थापित मां ललिता हॉस्पिटल ने हॉस्पिटल के संचालक डॉ मुरली मनोहर प्रसाद के पिता स्व रघुराज प्रसाद की द्वितीय पुण्यतिथि चिकित्सा शिविर लगाकर मनाया गया। हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा व जांच शिविर लगाया गया। इसमें सुबह 9 बजे से डॉ संतोष प्रसाद, डॉ एमएम प्रसाद, डॉ सत्यम गौरव, डॉ तौहीद अहमद व आंख विशेषज्ञ डॉ मनोज ने हृदय रोग, मधुमेह, दमा, फेफड़ा, मलेरिया, खांसी बुखार, आंख, सहित चर्म रोग व बच्चों का निःशुल्क जांच व इलाज कर निःशुल्क दवा दिया। चिकित्सा शिविर के आयोजक डॉ मुरली मनोहर प्रसाद ने बताया कि वैसे लोग जिनके पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु सोमवार को शाम 5 बजे लॉटरी से 7 आयुष्मान कार्डधारकों को लगभग 60 हजार रुपये तक का उपहार पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे। मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### शराब उत्पादन और बिक्री पर कार्रवाई की मांग



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज थाना क्षत्र के बिचलाडीह टोला के लोगों ने अवैध शराब उत्पादन व बिक्री के खिलाफ थाना में आवेदन दिया। उन्होंने बताया है कि बीचलाडीह के कई घरों में अवैध देसी शराब बन रहा है। टोकाटोकी करने पर अक्सर शराबियों से ग्रामीणों की लड़ाई होती है। अन्य कई घटनाएं भी होती रहती हैं। ग्रामीणों ने इसकी जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में विनोद पासवान, डोमनी देवी, सुशीला देवी, प्रेमचंद मेहता, शोभा, सरिता, पुष्पा अनिता, उषा, मनोज, श्रीसाव, नंदजी मेहता व अन्य कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

### उंटारी रोड : युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत



**उंटारी रोड पलामू।** थाना क्षेत्र के पांडेपुर के फेकनडीह टोला निवासी श्रीराम रजवार (45) की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिफन राजवंशी का पुत्र कमलेश रजवार (30) रविवार देर शाम शराब के नशे में अपने ससुराल फेकनडीह पहुंच सास-ससुर और पत्नी को पीटने लगा। जिससे डर कर सास-पत्नी घर से भाग गयी। वहीं श्री राम घर में ही सो गया। जब सुबह पत्नी-बेटी आये तो देखा कि श्रीराम रजवार बिस्तर पर मरा पड़ा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उंटारी रोड थाना को दी। थाना प्रभारी अशोक महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि दामाद ने ही उसे पीट-पीट मार डाला। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### सदाबह नदी के समीप अवैध ईंट भट्ठा और कोयला खनन का कार्य बंद करायें : चंदेश्वर



**पंडवा पलामू।** झामुमो के पंडवा प्रखंड अध्यक्ष ने जिला खनन पदाधिकारी को आवेदन देकर पंडवा प्रखंड के पंचायत पंडवा में राजहरा कोलियरी 12 नंबर सदाबह नदी के समीप अवैध ईट भट्ठा निर्माण तथा अवैध कोयले का उत्खनन बंद कराने की मांग की है। साथ ही इसमें शामिल संचालनकर्ता पर कानूनी कार्रवाई की बात कही है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि पंडवा में राजहरा कोलियरी 12 नंबर सदाबह नदी के समीप दिलीप सिंह व सुनील सिंह का दो बंगला ईट भट्ठा संचालित है। जो अवैध तरीके से ईट भट्ठा चलाया जाता है। नदी के मिट्टी का कटाव अधिक मात्रा में किया गया है और पर्यावरण प्रदूषित किया जा रहा है। सदाबह नदी के पास अवैध कोयले का उत्खनन अवैध ढंग से किया गया है।

## जन-जन तक राहुल गांधी का संदेश पहुंचा रहे कांग्रेसी कार्यकर्ता : बिट्टू

>> मोहम्मदगंज में कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के कादल पंचायत में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पार्टी की अगुवाई में नफरत छोड़ो भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा में सैकड़ों कांग्रेसियों ने हाथों में तिरंगा एवं पार्टी का झंडा लेकर नफरत छोड़ो भारत छोड़ो नारा लगाते हुए लगभग 4 किमी की यात्रा पर प्रखंड मुख्यालय मोहम्मदगंज पहुंचे। मौके पर आयोजित सभा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि नफरत बेरोजगारी महंगाई को समाप्त करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाला गया है। पलामू जिला के सभी पंचायत प्रखंड एवं गांव टोला मोहल्ला बूथ तक कांग्रेस जन पहुंचकर राहुल गांधी के संदेशों को पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

### तीन प्रखंड में पांच स्थानों पर बनेगा चेक पोस्ट

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने गत 2 दिसंबर को क्षेत्र में हो रहे बालू के अवैध धुलाई पर रोकने के लिए बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अनुमण्डल क्षेत्र के तीनों प्रखण्डों में 5 स्थानों पर कुल 20 डंडा अधिकारीयो का प्रतिनियुक्ति की हैं। उन्होंने अनुमण्डल कार्यालय के पत्रांक 693 दिनांक 9/12/22 हुसैनाबाद सीओ व पत्रांक 512 दिनांक 6/12/22 हैदरनगर, तथा पत्रांक 687 दिनांक 6/12/22 के पत्र के माध्यम से दंडाधिकारी नियुक्त करने की प्रस्ताव प्राप्त है।

## देवरी कलां, पतरा खुर्द और रानीदेवा ने हासिल की जीत

- टूर्नामेंट से बाहर हुआ लंगरकोट व जपला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत सोमवार को भी तीन मैच खेले गये। पहला मैच देवरी कलां बनाम जपला के बीच खेला गया जिसमें देवरी कलां ने शानदार खेल के दम पर जपला को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दूसरा मैच पतरा खुर्द बनाम कुकही के बीच खेला गया जिसमें पतरा खुर्द ने कुकही को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में जीत दर्ज किया। तीसरा मैच लंगरकोट बनाम रानी देवा के बीच खेला गया जिसमें रानीदेवा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लंगरकोट को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज किया। इस हार के साथ लंगरकोट की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

# महर्षि अरविंदो रचित हरिमोहन का सपना नाटक का भव्य मंचन

- पलामू के कलाकारों ने चंडीगढ़ में किया नाट्य मंचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चंडीगढ़ में नाटक का मंचन करते पलामू के कलाकार।

**मेदिनीनगर।** कला और संस्कृति को समर्पित पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में अपनी नाट्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंडीगढ़ में हरियाणा व पंजाब के अरविंदो सोसाइटी के द्वारा महर्षि अरविंदो की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमीस्ट्रेशन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर पलामू के कलाकारों द्वारा मंचित नाटक की सभी ने तारीफ की। नाटक की रचना महर्षि अरबिंदो ने जेल में की थी । मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में महर्षि अरविंदो द्वारा रचित नाटक हरिमोहन का सपना का मंचन किया। यह नाटक महर्षि के द्वारा श्रीकृष्ण के कथित वातार्लाप पर आधारित है। इसकी रचना महर्षि ने तब की थी जब उन्हें अंग्रेजों द्वारा कारावास की सजा सुनाई गयी थी और वे जेल में बंद थे।

**खास बातें :** नाटक से ईश्वर और मनुष्य के बीच के प्रेम और अंतर्द्वंद को दर्शाया गया। बताया गया कि इस दुनिया में हर रिश्ता, बंधन, कार्य, चाह सभी मोह माया है। इससे मुक्ति का एकमात्र मार्ग परमात्मा की साधना ही है। नाटक में श्रीकृष्ण बने उज्ज्वल और हरि मोहन बने कामरूप ने शानदार अभिनय किया। हरिमोहन की मां की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्ती और हारान चाचा की भूमिका में अमर कुमार भांजा ने भी शानदार अभिनय किया। सूदखोर जमींदार तीनकोडी शील की भूमिका में सैकत चटर्जी ने अपने अभिनय में कुटिल और शैतानी भाव से चरित्र को उभारा। भजहरी की भूमिका में राज प्रतिक पाल, पुरोहित की भूमिका में गुलशन मिश्रा, प्रहरी की भूमिका में आदर्श पांडेय, राहुल चंद्रवंशी, ग्रामीण व राक्षस की भूमिका में गिरीन्द्र यादव व आनंद गुप्ता, परान की मां की भूमिका में कनकलता तिर्की थी।

# एचपीएल का चैंपियन बना हैदरनगर

- फाइनल मैच में छतरपुर को किया पराजित

■ खेल के आयोजन से खिलाड़ियों में आयेगा निखार : कमलेश सिंह

■ आयोजन का मकसद खेल में हुसैनाबाद का नाम हो रौशन : सूर्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में एचपीएल की शुरुआत कर युवाओं और खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचार किया है। गांव-गांव में युवा खेल के प्रति उत्साहित हैं। वह जल्द ही स्टेडियम तक जाने के लिए दाता नगर की ओर से पुल का बनवायेंगे। पुल बन जाने से स्टेडियम तक जाने में सुविधा होगी। आवश्यकतानुसार स्टेडियम को भी सुसज्जित किया जायेगा। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि ऐसा आयोजन पलामू प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आयेगी। उन्होंने आयोजन के लिए टीम सूर्या के सदस्यों की सराहना की। कहा कि हुसैनाबाद में एचपीएल का आयोजन अपने आप में अनोखा प्रयास है। इससे युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा। फाइनल मैच अंशु अग्रवाल की टीम हैदरनगर ब्लास्टर और छतरपुर के बीच खेला गया। जिसमें छतरपुर की टीम 98 रन बनायी थी। जिसके जवाब में हैदनगर तीन विकेट से विजेता बनी। मौके पर आयोजनकर्ता एसएम रजा, असगर खान, दशरथ झा, रामजी पासवान, अफजल हुसैन (गुरु), अनवर खान, अमित पासवान, जिसान हसन, रविन्द्र कांस्यकार, क्वाल, मिंटू, सिकंद्र, अनिल ने इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने व खिलाड़ियों में निखार लाने को लेकर टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में एचपीएल आयोजित किया गया। सोमवार को फाइनल मैच छतरपुर व हैदरनगर के बीच खेला गया। जिसमें हैदरनगर टीम ने छतरपुर को हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। इसमें भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों को बोली लगाकर लोगों ने खरीदा था। आईपीएल की तरह लोकल स्तर पर यह आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने किया है। टीम सूर्या के बैनर तले सूर्या सिंह ने पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट की शुरुआत अनुमंडल मैदान से की है। फाइनल हुसैनाबाद के गुलबग स्टेडियम में खेला गया।

स्पीड न्यूज

## कोरोनाकाल सहित नगर निगम ने वसूला भाड़ा

**सिन्दरी।** एफसीआईएल सिन्दरी क्षेत्र में धनबाद नगर निगम ने दुकानों से भाड़ा वसूली का कैंप शहरपुरा बाजार में सोमवार को आयोजित किया गया। इसमें कोरोनाकाल सहित अभी तक के भाड़ा की वसूली की गई। मौके पर मौजूद तहसीलदार राम कुमार शर्मा ने बताया कि निगम के दुकानों से कुल लगभग सात लाख रुपए राशि का भाड़ा बकाया है। आयोजित कैंप में लगभग 45 हजार रुपए की भाड़ा वसूली की गई है। यह कैंप नगर निगम द्वारा प्रत्येक माह लगाया जा रहा है और दुकानदारों से अपील की जा रही है कि भाड़ा को ससमय दे दिया जाए। उन्होंने बताया कि कोरोनाकाल में बंद रहे दुकानों से भी भाड़ा वसूली की जा रही है।

## बीएलओ ने किया कार्यों का भौतिक सत्यापन

**चिरकुंडा ।** एग्यारकुंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने प्रपत्र 6, 7,8 के तहत चिरकुंडा कुमारधुबी क्षेत्र में बीएलओ के द्वारा किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया ।उन्होने मतदान केंद्र संख्या 358, 351, 349, 347 ,346 ,306, 305, 308 मतदान केंद्रों पर जाकर आवेदक के आवास पर जाकर स्थलीय जांच किया व जांच के क्रम में सही पाया गया ।उनके साथ एग्यारकुंड प्रखंड निर्वाचन कोषांग प्रभारी प्रमोद कुमार झा,पर्यवेक्षक चंदन मिश्रा, मनसूर रहमान थे।

## 4 नंबर पीपल धौड़ा में सीआईएसएफ ने की छापामारी

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के 4 नंबर पीपल धौडा में सीसीएल सुरक्षा बल एवं सीआईएसएफ क्यू आर टीम के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर किया गया। छापेमारी मे 80 बोरा पोडा कोयला को जब्त किया गया। छापेमारी का नेतृत्व सीसीएल के सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूकेए सुरक्षा प्रभारी उमाशंकर महतोएजगन्नाथ साहूए मानिक दिगारए गौतम कुमारए जितेंद्र रजकए सीआईएसफ के एएसआई पंकज कुमार सिंहए पंकज कुमारए विपुल कुमार आदि शामिल थे।

## कोल वाशरी प्लांट से 10 लाख की संपत्ति लूटी

**धनबाद।** कोयलांचल के धनबाद जिले में अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है और पुलिस अपराधियों की अपराधीक गतिविधि को रोकने में असफल साबित हो रही है। जहां एक और रविवार देर रात कोयला व्यवसाई पप्पू मंडल के करीबी के ऊपर गोली चलाई गई जिसके कारण इलाज में उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर शहर के जाने-माने बिजनेसमैन राजीव तुलसियान के भाई प्रशांत तुलसियान के कोल वाशरी प्लांट पर लुटेरे ने धावा बोलकर लाखों रुपए की संपत्ति लूटकर चंपत हो गए। बताते चलें कि लूट की घटना को अंजाम देने के लिए लगभग दो दर्जन अपराधी पिस्टल तलवार भुजाली से लैस होकर कोल वाशरी प्लांट में घुसे थे और लूट की घटना को अंजाम दिया। हथियार के बल पर अपराधियों द्वारा मौजूद कर्मियों को बंधक बना लिया गया, एवं लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की तांबा इलेक्ट्रिक वायर पार्टस अपराधियों द्वारा लूट ली गई। घटना की सूचना मिलने पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## उपायुक्त से अलाव की व्यवस्था कराने की मांग

**राजगंज।** सरकार द्वारा चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण के सोशल मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने धनबाद उपायुक्त से अलाव व्यवस्था करने की मांग की हैं। जिले मे बढ़ती ठंड ने लोगो को सुबह ओर शाम को घर से निकलना दुर्लभ हो गया है। दिन मे कनकनी ओर रात मे ठीठुरन से लोग परेशान हो रहे हैं ठंड के कारण क्षेत्र में लोग बीमार भी पड़ रहे हैं।

# कोयला व्यवसायी की गोली मार कर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में अपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने में पुलिस असफल हो रही है। रविवार देर रात नया बाजार निवासी सहविज सिद्दीकी उर्फ बबलू को बैंक मोड़ विकास नगर में गोली मार कर हत्या कर दी गई हैं। आनन फानन में धनबाद के सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने ईलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। घटना बैंक मोड़ थाना क्षेत्र का है ।सूत्रों की माने तो घटना रविवार देर रात 1 से 2 बजे की बताई जा रही हैं। इधर बबलू की हत्या की खबर से पूरा नया बाजार में मातम छा गया है। मृतक बबलू की उम्र लगभग 30 से 32 तक बताई जा रही हैं।गोली लगने के बाद बबलू को ईलाज के लिए पप्पू मंडल ही धनबाद के सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचाया था।मृतक बबलू पप्पू मंडल के साथ कोयला का काम करता था। ये वहीं पप्पू मंडल हैं जिसके आवास पर कुछ दिन पूर्व गोली चला था। बबलू की हत्या के बाद धनबाद की पुलिस सवालो के घेरे में आ गई हैं।धनबाद में आए दिन खुलेआम गोली बारी घटना और अब यह हत्या हो जाना, जिससे लगता है की अपराधी पुलिस को खुली चुनौती दे रहा है।और पुलिस हाथ पे हाथ देकर बैठी हुई हैं।




## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**तोपचँची।** सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । घटना तोपचाँची के मानटाँड चौक पर घटी। मृतक की पहचान मानटाँड निवासी 85 वर्षीय हुबलाल महतो के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार हुबलाल महतो दोपहर लगभग 2 बजे सड़क पार कर रहा था तभी बरवड्डा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार टोयटा कार संख्या बीआर02बी/4874 हुबलाल महतो को अपने चपेट मे ले लिया और रौंदता हुआ बगोदर की ओर भाग गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चलने मे असमर्थ रहने के कारण डुमरी टोल प्लाजा के पास कार खड़ी कर कार सवार फरार हो गए। तोपचाँची पुलिस मौके पर पहुँच कर कानुनी कार्रवाई में जुट गई है।



## खेल, संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए लोग

**हैप्पी स्ट्रीट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी प्रोग्राम के तहत बोकारो संयंत्र द्वारा आयोजित हैप्पी स्ट्रीट में बच्चेए बूढ़ेए जवान हर उम्र के लोग निर्धारित समय से कुछ समय पहले ही पहुंच गए और कसरत एप्राणायाम ए गीत.संगीत ए नृत्यए चित्रकारीए एरोबिक्सए पेंटिंग आदि गतिविधियों में व्यस्त दिखे। बोकारो मॉल से लेकर सेक्टर.4 गांधी चौक तक की एक तरफ की सड़क को दो घंटे के लिए रोककर आमलोगों के लिए हैप्पी स्ट्रीट की शुरूआत की यहां की गई है।मकसद है लोगों को सेहतमंद बनाने के साथ.साथ उनके लिए तनावमुक्ति हेतु मनोरंजनए क्रीड़ा व अन्य गतिविधियों का साझा मंच उपलब्ध कराना है। महिला समिति की ओर से भी खास स्टॉल लगाकर लोगों को चायए नमकीन आदि मुहैया कराया गया तो स्वयंसेवी संस्था श्सखी बहिनपाश मैथिलानी समूह के स्टॉल पर मिथिला पेंटिंग की कलात्मकता लोगों को आकर्षित कर रही थी और अमिता झा व उषा झा सहित आशा झाए भारती झाए जयंती पाठकए प्रीति प्रियाए बीनू चौधरीए वीणा झाए पूनम झाए मंजू कुमार आदि ने मैथिली भगवती वंदना की प्रस्तुति दी।मौके पर इडी संजय कुमारए सीजीएम वीएस पोपलीए अनिमेष कुमार झाए जीएम अविनाश कुमारएपूर्व ईडी पी के झाए अधिवक्ता जय प्रकाश झाए सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



## पांच हजार से अधिक के बिजली बिल बकायेदारों का कटेगा कनेक्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

सिन्दरी। गौशाला स्थित विद्युत सबस्टेशन में सिन्दरी क्षेत्र के विद्युत कनीय अभियंता शशि मुंडा के नेतृत्व में बिजली कर्मियों को राजस्व संग्रह के लिए दिशानिर्देश देते हुए सोमवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें पाँच हजार से अधिक राशि के 600 बिजली बिल बकाएदारों का बिजली कनेक्शन काटने का निर्देश दिया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि पाँच हजार से अधिक राशि के बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन मंगलवार से काटने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद भी टोका लगाकर बिजली जलाने वालों को चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सिन्दरी के कई आवासों व प्रतिष्ठानों में 50 हजार से अधिक के बकाएदारों पर बताया कि गलत बिलिंग के कारण उनका बकाया राशि अभी तक जमा नहीं हो पाया है। इसके लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड सुधार की प्रक्रिया जल्द करेगी। बैठक में बिजली विभाग के लोकेश बनर्जी, ब्रोनो हाँसदा, कंचन, मदीना, दीपक प्रमाणिक, रवि भूषण, सोहन दुबे, संत सिंह, संजय महतो, कंचन मंडल, गोपाल जी, जिउत दुबे, शंकर मुर्मू, मगाराम हलदर, गौतम दत्ता, जयनंदन पटेल, अजय सिंह, सूरज राय, मुकेश शर्मा, सिद्धेश्वर झा आदि मौजूद थे।

## बेरमो: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अभ्यास वर्ग संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद विभाग अभ्यास वर्ग जो कि अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेरमो में 9ए10 और 11 दिसम्बर के अंतिम सत्र में प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन जी ने विषय कार्यक्रम से कार्यए कार्य से कार्यकर्ता पर कहा की राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के व्यापक उद्देश्य प्राप्ति हेतु व्यक्ति निर्माण को अधिक महत्व दिया गया है। व्यक्ति निर्माण के लिए कार्यक्रम को विद्यार्थी परिषद् में प्रभावी माध्यम माना गया है। इसलिए कार्यक्रम को साम्य के रूप में न देखते हुए हमने उत्तको साधन के रूप में देखा है हम कार्यक्रम केवल करने के लिए नहीं करते कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण व विकास की फल श्रुति में परिणत होना चाहिए तभी कार्यक्रम की सफलता है। और कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथि भोजन भी रखा गया था किसमें बहुत सारे अतिथि गण शामिल हुए थे। इस अभ्यास वर्ग के व्यवस्था में लगे सभी कार्यकताओं का धन्यवाद किया गया।व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता धनबाद विभाग विश्वविद्यालय संयोजक विवेक पाठकए धनबाद विभाग संयोजक नवीन महतोएभरत वर्माए बोकारो जिला संयोजक मनजीत सिंहए बोकारो महानगर मंत्री पवन कुशवाहाए बोकारो सोशल मीडिया संयोजक रोशन जयसवाल एव्यवस्था प्रमुख अश्विनी मिश्राए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ममता कुमारी एरिशु कुमारए चेतन कुमारए संदीप कुमारए देवराज सावए अंकित सिंहए कमल सिंहए संदीप सिंहए रोनित कुमार ए कार्तिक गुप्ताए विकास कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता थे।

## दादा के सपनों को धरातल पर उतारेंगे: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक समरेश सिंह के निधन पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में संपन्न श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता समाजसेवियों ने स्व सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि समरेश सिंह की जीवनी प्रेरणा देती है। दलगत भावना से हटकर वे हर किसी के साथ थे। दादा के नाम से चर्चित समरेश सिंह अविभाजित बिहार से लेकर झारखंड तक बड़ा राजनीतिक स्तम्भ थे। संघर्ष की बदौलत ही उन्होंने अपनी पहचान बनाई थी। एक स्पष्टवादी जननेता के रूप में समरेश सिंह को हमेशा के लिए याद रखा जाएगा। दादा का जो भी संकल्प व सपना होगाए उसे बोकारो की धरती पर उतारूंगा।मौके पर विनय सिंहए रोहितलाल लाल सिंहए केके बोरालए राधू रायए त्रिलोकी सिंहए आदि ने भी दादा के साथ बिताए अपने पलों को साझा किया। इस क्रम में दो मिनट का मौन रखकर सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर दिलीप श्रीवास्तवए संजय त्यागीए माथुर मंडलए इंद्र कुमार झाए महेंद्र राय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सेक्टर 8 डी में युवक ने लगाई फांसी

बोकारो। बोकारो के सेक्टर नौ हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 8 डी स्थित बंद पड़े मध्य विद्यालय के प्रांगण में 28 वर्षीय युवक श्याम कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले युवक के घर वालो को घटना की सूचना दी।मृतक के पिता कैलाश साहू ने बताया कि सुबह घर से काम पर जाने की बात बताकर निकला थाए उसके घर से निकलने के महज कुछ ही देर बाद पुलिस द्वारा उन्हें बेटा के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। मृतक जोमैटो में डिलीवरी देने का कार्य करता था।आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है अनाधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रेम प्रसंग की चर्चा है।

## विधायक से मिले झारखंड आरक्षी के सफल अभ्यर्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा 2015 के सफल अभ्यर्थियों ने राज्य समन्वय समिति के सदस्य;दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री द्ध सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात कर विज्ञापन संख्या 04ध्2015 के समेकित मेघा सूची जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से लिखित ज्ञापन सौंपा। बता दें कि जेएसएससी द्वारा 2015 में जिला पुलिस बल एवं झारखंड सशस्त्र पुलिस बल के कुल 7129 सीटों का विज्ञापन निकाला गया था। उक्त विज्ञापन में कुल 5 चरणों की प्रक्रियाओं से अभ्यर्थियों को गुजरना पड़ा था। अंतिम चरण में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के उपरांत बचे अभ्यर्थियों की विज्ञापन के अनुसार जिलावार मेघा सूची तैयार कर नियुक्ति कराई गई। परंतु काफी संख्या में पद रिक्त रह गए लेकिन समेकित मेघा सूची अभी तक जारी नही की गई है। योगेंद्र महतो ने सफल अभ्यर्थियों के मांग को मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत जल्द सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया है । मौके पर सफल



### नगर विकास समिति के अध्यक्ष बने अभय

**बोकारो।** स्वयंसेवी संगठन नगर विकास समिति के आगामी कार्यकाल के लिए मार्गदर्शन समिति एवं कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इसमें अभय कुमार मुन्ना एक बार फिर अध्यक्ष बनाए गए। संगठन की मार्गदर्शक समिति में मनोज कुमार . संरक्षक तथा सुरेंद्र प्रसाद सिन्हाए शिव कुमार सिंहए कौशल किशोरए बाल कृष्णा कुमारए अशोक जगनानीए राकेश कुमार मधुए विक्रम महतो शामिल हैं।

## पहाड़ों को संरक्षित करने का लोगों ने लिया संकल्प

**अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर कार्यक्रम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित कर पहाड़ों को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर संस्थान के महासचिव शशिभूषण ओझा मुकुल ने कहा कि हमें प्रकृति और पर्यावरण के पहरेदार पहाड़ों को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। पहाड़ों का हमारे जीवन की रक्षा में बहुत बड़ा योगदान है। अगर ये पहाड़ न हों तो प्रकृति भी अधूरी लगती है। झारखंड के 10 से भी अधिक पहाड़ अवैध कटाई के कारण विलुप्त हो गए हैंए पर अभी भी इनकी कटाई पर सरकार गंभीर नहीं है।उन्होंने कहा कि बोकारो शहर के बगल में स्थित सतनपुर की पहाड़ी भी दबंगोंए जमीन के अवैध कारोबारियों और बिल्डरों के कारण अपना अस्तित्व खो रही हैए क्योंकि इसके आसपास की वनभूमि को इनसबों ने सरकारी पदाधिकारियों की मिलीभगत से कब्जा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर आमजन को संकल्प लेना होगा कि पर्वतों को हम बचाएंगे तथा इसे नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध लड़ेंगे भीए क्योंकि ये पर्वत हमारे जीवन रक्षक हैं।

# नियोजन के लिए ग्रामीणों का हर्ल गेट पर धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** हर्ल उत्पादन कार्य में नियोजन सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर छाताटाँड़ पंचायत की महिलाओं ने मुखिया डौली हाँसदा के नेतृत्व में हर्ल मुख्य द्वार के समीप एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। नेतृत्वकर्ता ने हर्ल प्रबंधन को चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि इसकी शुरूआत एकदिवसीय धरना प्रदर्शन से की जा रही है। इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं का हुजूम सोमवार की सुबह से ही हर्ल गेट पर जमा हो रहे थे। नेतृत्वकर्ता छाताटाँड़ पंचायत की मुखिया डौली हाँसदा ने कहा कि हर्ल में यूरिया उत्पादन से प्रभावित होनेवाले ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन में झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित 75 प्रतिशत के आधार पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। प्रभावित क्षेत्र के आदिवासी व मूलवासी को उर्वरक उत्पादन में प्राथमिकता मिले। हर्ल प्रबंधन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा व चिकित्सा सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। हर्ल के सीएसआर कमेटी में प्रभावित पंचायत के प्रतिनिधि व ग्रामीण को भी स्थान के साथ विकास करना होगा। प्रभावित क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को हर्ल से संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर्ल के सड़क ट्रांसपोर्ट में प्रभावित क्षेत्रों के 90 प्रतिशत लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इनपर प्रबंधन सकारात्मक कदम नहीं उठाती है तो छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



### धरना-प्रदर्शन में थे शामिल

धरना प्रदर्शन में प्रशांत डे, गौतम विद, युगल मल्लिक, पशुपतिनाथ महतो, बलराम महतो, सहदेव हाँसदा, हाबलु मल्लिक, राजेश विद, छाताटाँड़ पंचायत उपमुखिया अंजली देवी, सुनिता देवी, सावित्री देवी, सुनिता कुमारी, शांति देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीण पुरुष व महिला शामिल थे।

एक नजर में

## कतरास कॉलेज में वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट



**कतरास।** सोमवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंगी भूत कॉलेज कतरास कॉलेज में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन कॉलेज के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कतरास कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ जी सी रॉय विनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ एसके सिंह डेवलपमेंट ऑफिसर आरपी सिंह खेल अधिकारी अमूल्य सुमन दो बार पद्मश्री नॉमिनेटेड एवं गोल्ड मेडलिस्ट देवी प्रसाद चटर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रेफरी की जिम्मेवारी मोहम्मद गनी अंसारी गौरव कुमार मिश्रा एवं महेश सिंह ने बखूबी निभाया।

## बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण




**बेरमो।** अर्पिता महिला मंडल रांची के तत्वावधान और भव्या महिला समितिए ढोरी की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना अग्रवाल के नेतृत्व में कायाकल्प पब्लिक स्कूलए मकोली के बच्चों को पुस्तकों व पाठ्यसामग्री का वितरण किया गया । इस अवसर पर बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । श्रीमती अग्रवाल ने बच्चों को उपहार वितरण के साथ साथ घर से लाया हुआ तिलकुट भी खिलाया और उनके सर्वांगीण विकास तथा उज्जवल भविष्य की कामना की ।बच्चों के परिजन भी उनकी प्रगति देख काफी खुश हुए । भव्या महिला समिति की सदस्य सीता साहूए सिम्मी सिंहए अनीता सिंहए कविता झाए श्वेता गुप्ताए नीलम सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रही। कार्यक्रम के आयोजन में शैलेश कुमारए योगेश श्रीवास्तवए पंकज कुमारए जसबीरए राजेन्द्र नोनियाए राम रतन लाल ने योगदान किया।

## पेज एक का शेष

### भारत-चीन में...

**झड़प के बाद हुई फ्लैग मीटिंग :** इस घटना के मद्देनजर तवांग सेक्टर में तैनात भारतीय कमांडर ने शांति और मैत्री का माहौल बनाये रखने के लिए चीन के अपने समकक्ष के साथ निर्धारित व्यवस्था के तहत फ्लैग मीटिंग की। झड़प के बाद दोनों तरफ के सैनिक पीछे हट गये। इसके बाद क्षेत्र में एरिया कमांडर ने शांति बहाल करने के लिए अपने समकक्ष के साथ एक फ्लैग मीटिंग की। अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर में एलएसी के साथ सटे कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों की अपनी-अपनी धारणा वाले एरिया है। इस क्षेत्र में दोनों पक्ष अपने दावे की सीमा तक क्षेत्र में गश्त करते हैं। साल 2006 से यही ट्रेंड हैं। एरिया में क्षेत्र को लेकर तनाव की स्थिति बनी रहती है। कभी-कभी गश्त के दौरान चीनी सैनिक भारतीय दावे वाली सीमा में आ जाते हैं।

**भारत ने खदेड़ दिया :** सेना के सूत्रों के अनुसार चीन के सैनिकों ने तवांग सेक्टर में भारतीय सीमा में प्रवेश की कोशिश की। भारतीय सैनिकों ने इसका मजबूती के साथ कड़ा विरोध करते हुए उन्हें रोक दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर टकराव हुआ और इस संघर्ष में दोनों के कुछ सैनिक घायल हो गये। टकराव के बाद दोनों देशों के सैनिक उस क्षेत्र से पीछे हट गये।

**एलएसी तक पहुंचना चाह रहा था चीन :** खबरों के अनुसार, तवांग में चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी एलएसी तक पहुंचना चाह रही थी। उसके मंसूबे को वहां तैनात भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता और ताकत के साथ विफल कर दिया। इससे पहले अक्टूबर, 2021 में अरुणाचल प्रदेश के यांगसे में भी दोनों देशों के सैनिकों में विवाद हुआ था। वहीं, 15 जून, 2020 की घटना के बाद यह अपनी तरह की पहली घटना है। तब लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो ग्गये थे। उस झड़प में चीन के भी करीब एक सौ सैनिक मारे गये थे।

### 20 वर्षों तक...

**युवाओं को सरकार दे रही आर्थिक सहयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्कूली बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए सभी समुचित कदम उठा रही है। बच्चे अगर मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो सरकार मदद करेगी। यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता देने की योजना सरकार ने शुरू की है। छात्रवृत्ति की राशि में भी इजाफा किया गया है। आदिवासी, दलितों और अल्पसंख्यकों को अब विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक तंगी आड़े नहीं आयेगी । सरकार विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए पूरा खर्च आपको प्रदान करेगी। आप सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने साथ राज्य का भी भविष्य संवारने में सहयोग करें। मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की और जीगा सुसारण होरो मौजूद थे।

**फिर सरकार बनी तो हर खेत को पानी :** श्री सोरेन सोमवार को गुमला के हवाई अड्डा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि अगले चुनाव में अगर झामुमो की सरकार बनती है तो हर खेत को पानी पहुंचाने का काम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, जब हमने सत्ता संभाली तो पूरा देश महामारी से झूज रहा था। रोगजार बंद हो गये, मजदूरों को काम नहीं मिल रहा था, लोग सड़क पर आ गये थे। ऐसी स्थिति में हमने राज्य के मजदूरों को ट्रेन, हवाई जहाज और अन्य संसाधनों से झारखंड लाकर उनका जीवन बचाया और मुफ्त भोजन कराया। उस समय राशन कार्ड होने के बाद भी लोग भूखे मर रहे थे। हमने सभी को राशन की सुविधा उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि कई जन कल्याणकारी योजनाएं हमने चलायी है जिसे राज्यवासियों का विकास हो सके। कार्यक्रम को श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक भूषण तिर्की व जिग्गा सुसारन होरो ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य तरीके से स्वागत किया गया।

### पूजा की जमानत....

**अमित अग्रवाल पर सुनवाई 14 को :** वहीं एक अन्य खबर के अनुसार मनी लांड्रिग मामले में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल भी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सोमवार को सुचीबद्ध मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंद्रेश की खंडपीठ में नहीं हो सकी। अब, 14 दिसंबर को अमित की जमानत पर सुनवाई होगी। दरअसल, अमित अग्रवाल ने हाइकोर्ट में याचिका दायर कर राजीव कैश कांड में इडी द्वारा उसे गिरफ्तार करने की कार्रवाई को चुनौती दी थी।

## स्पीड न्यूज

### बेटी के पिता बने सांसद मनोज तिवारी



नयी दिल्ली। भोजपुरी अभिनेता, गायक और राजनेता मनोज तिवारी के घर एक बार फिर से खुशियों की किलकारी गूंजी है। उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है। मनोज ने ट्वीट कर अस्पताल से पत्नी सुरभि के साथ फोटो शेयर कर बेटी के जन्म की खुशखबरी दी।

### शिवसेना चुनाव चिह्न पर सुनवाई अब 5 को

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र में शिवसेना पर कब्जे की लड़ाई जारी है। सोमवार को चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के विरोधी गुटों की दलीलें सुनने के लिए अगली तारीख पांच जनवरी तय की है।

### न्यायमूर्ति दीपांकर सुप्रीम कोर्ट के जज बने

नयी दिल्ली। बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। यह जानकारी विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी।

### मोदी ने की प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने की अपील

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से राजधानी में स्थापित प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करने और उसे देखने का का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया है, '@ पीएम संग्रहालय में ध्वनि व प्रकाश प्रदर्शन वहां आने का आनंद बढ़ा देगा। अवश्य आइये।'

### शेयर बाजार गिरा

मुंबई। केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में बढ़ोतरी के संकेत से विदेशी बाजारों के कमजोर रुख के दबाव में सोमवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 51.10 अंक फिसलकर 62130 .57 अंक और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 18497 .15 अंक पर सपाट रहा।

### कोटा में तीन कोचिंग छात्रों ने किया सुसाइड

कोटा। राजस्थान के कोटा में 3 कोचिंग स्टूडेंट्स ने सुसाइड कर लिया। इसमें दो स्टूडेंट एक ही हॉस्टल में रहते थे। अभी इस बात का पता नहीं चल सका है कि दोनों दोस्त थे या नहीं। मामला तलवंडी और कुन्हाड़ी इलाके का है। बिहार के सुपौल के अंकुश यादव और गया के उज्जवल तलवंडी इलाके में रहकर कोचिंग कर रहे थे।

## बड़ी कामयाबी : राज्यसभा में केंद्र सरकार का दावा, कहा

# 40 करोड़ लोग आये गरीबी से बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने यूएनडीपी के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2022 का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि 2005-06 से 2019-21 के बीच भारत में 40 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि नीति आयोग की ओर से जारी एमपीआई 2021 की आधारभूत रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी के 25.01 प्रतिशत के 25.1 प्रतिशत लोग अब भी बहुआयामी रूप से गरीब हैं। मालूम हो कि एमपीआइ डेटा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 पर आधारित था, जो महामारी के कारण हुई देरी के बाद 17 जून 2019 से 30 अप्रैल 2021 तक दो वर्षों में आयोजित किया गया था।

**सरकार उठा रही है कई कदम**

उन्होंने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बहुआयामी गरीब के रूप में आबादी का प्रतिशत 32.75 प्रतिशत और 8.81 प्रतिशत है। सिंह ने इस दौरान कहा कि सरकार समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसमें सबका साथ और सबका विकास की प्रतिबद्धता दिखती है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को ऊपर उठाने और उनके उत्थान के लिए कई कदम उठाए हैं। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सरकार देश में गरीबी को कम करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित दोनों तरह की कई योजनाओं को चला रही है।

## 2000 का नोट यानी ब्लैकमनी, इसे तुरंत बंद करना चाहिए : सुशील मोदी



भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने 2000 रुपए के नोट पर पाबंदी लगाने की मांग की है। राज्यसभा में सोमवार को मोदी ने कहा कि बड़े नंबर्स के जो नोट हैं उनसे ब्लैकमनी रखने की संभावना ज्यादा होती है। ऐसे में 2000 के नोट को बंद कर देना चाहिए।

**विकसित इकोनॉमिज में 100 से ऊपर की करेंसी नहीं :** राज्यसभा में सार्वजनिक महत्व के मामलों पर चर्चा के दौरान मोदी ने कहा कि 2000 रुपए के नोटों का इस्तेमाल ब्लैक मनी, आतंकी फंडिंग, ड्रग्स तस्करी और जमाखोरी करने के लिए किया जा रहा है। अगर ब्लैकमनी को रोकना है, तो 2000 रुपए के नोट को बंद करना होगा। 2000 के नोट के सकुर्लेशन का अब कोई औचित्य नहीं है। मोदी ने कहा कि यदि हम अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान जैसी प्रमुख विकसित इकोनॉमिज को देखें, तो उनके पास 100 से ऊपर की कोई करेंसी नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार को इस पर विचार करना चाहिए और इसे धीरे-धीरे बैन करना चाहिए ताकि लोगों को 2000 रुपए के नोट को बदलने के लिए मिल सके।

**रिजर्व बैंक छापना बंद कर चुका है**

बताते चलें कि रिजर्व बैंक 2000 रुपए के नोट छापना बंद कर चुका है। धीरे-धीरे बाजार में भी 2000 के नोट दिखने बंद हो गए हैं। सुशील मोदी ने इस मामले को उठाकर यह भी संकेत दिए कि आने वाले समय में केंद्र सरकार 2000 के नोट पर पाबंदी लगा सकती है।

### राज्यसभा में ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक पास

राज्यसभा में ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 विधेयक पास हो गया है। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 को भी 2010 में संशोधित किया गया था। वहीं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि उजाला योजना के माध्यम से, हमने कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन में प्रति वर्ष 105 मिलियन टन की कमी की है और 129 बिलियन यूनिट ऊर्जा की बचत की है। साथ ही कहा कि हमने इसे पहले ही 30 फीसदी से अधिक कम कर दिया है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन में एक निर्विवाद लीडर है।

### केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आइआइएम और आइआइटी में 11 हजार से ज्यादा रिक्तियां

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईएम और आइआइटी में फैकल्टी के 11 हजार से अधिक पद खाली हैं। यह संख्या केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार, 12 दिसंबर, 2022 को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताई है। मंत्री ने कहा कि रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय स्वायत्त निकाय हैं, जो संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित हैं। उनकी भर्ती प्रक्रिया उनके वैधानिक निकायों द्वारा उनके अधिनियमों, मूर्तियों, नियमों और यूजीसी विनियमों या दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार की जाती है।

## गुजरात में विभागों का बंटवारा हर्ष गृह तो कनुभाई बने वित्त मंत्री



एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में सोमवार को एक भव्य समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

अब गुजरात में भूपेंद्र पटेल के काल का आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। इसके साथ ही सोमवार शाम ही गुजरात सरकार के मंत्रिमंडल का बंटवारा भी हो गया। जिसके तहत बलवंत सिंह को उद्योग मंत्री बनाया गया है। कनुभाई मोहन भाई देसाई को वित्त, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल मंत्री बनाया गया है। वहीं, ऋषिकेश भाई पटेल को स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा, कानून, न्यायपालिका, सांविधिक और संसदीय कार्य मंत्री का भार सौंपा गया है। मालूम हो कि सामान्य प्रशासन, प्रशासनिक सुधार, प्रशिक्षण और योजना, आवास और पुलिस आवास, राजस्व और आपदा प्रबंधन, शहरी विकास और शहरी आवास, पंचायत, सड़क और भवन और राजधानी योजना, खान और खनिज, तीर्थ विकास, नर्मदा और कल्पसर, बंदरगाह, सूचना और प्रसारण, नारकोटिक्स और उत्पाद शुल्क, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सभी नीतिगत मामले और अन्य विषय जो मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं।

## आशीष मिश्रा पर सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत से मांगा जवाब

नयी दिल्ली। लखीमपुर खीरी में किसानों को कार से कुचलने के आरोपी आशीष मिश्रा की बेल की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत से जदवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने लखीमपुर खीरी के एडिशनल सेशन जज से कहा कि वह रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि इस मामले में ट्रायल कब पूरा होगा। यही नहीं शीर्ष अदालत ने यह भी पूछा है कि आखिर मिश्रा को बिना बेल के कब तक जेल में रखा जा सकता है। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'इस अदालत की निगरानी में हम जांच से लेकर आरोप तय होने तक पहुंच चुके हैं।

## विपरीत स्थितियों के बावजूद रुपये में है मजबूती : सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है और स्थिति विपरीत है इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ खड़ी है और तेज गति से आगे बढ़ रही है।

सीतारमण ने लोकसभा में सोमवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि रुपए कहीं भी आईसीयू में नहीं है। उनका कहना था कि जो लोग रुपए को आईसीयू में बताते हैं उन्हें मालूम होना चाहिए की डॉलर और अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपए बेहतर स्थिति में है। जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था आईसीयू में थी उस डावांडोल स्थिति में भी रुपए में मजबूती थी। उन्होंने कहा कि रुपए किस स्तर तक मजबूत है इसका अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था से लगाया जा सकता है जो महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भी तेजी से आगे बढ़ रही है। उनका कहना था कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था गिर रही है लेकिन रुपए इसका सीधा मुकाबला कर रहा है और विपरीत स्थितियों के बावजूद पूरी ताकत के साथ खड़ा है। कई कारणों से रुपए में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं लेकिन प्रवाह बहुत अच्छा है इसलिए विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है।

## कांग्रेस नेता ने पीएम के लिए कहे अपशब्द

पन्ना। कांग्रेस नेता राजा पटेरिया ने पन्ना में 'पीएम की हत्या' की बात कहकर नया बवाल खड़ा कर दिया है। इसके बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के निर्देश पर पन्ना पुलिस ने पटेरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। राजा पटेरिया का कहना है कि मैंने हत्या करने की बात नहीं कही, बल्कि अगले चुनाव में मोदी को हराने की बात कही है। फ्लो में हो जाता है। वायरल वीडियो में वह कह रहे हैं कि मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का, अल्पसंख्यकों का भारी जीवन खतरे में है। संविधान यदि बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो, हत्या इन द सेंस हराने का काम करो।

## काबुल : चीनी होटल में फायरिंग, सभी हमलावर ढेर



एजेंसी

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के शहर-ए-नौ इलाके में एक चीनी होटल पर हमला हुआ है। होटल के अंदर घुसे कुछ हमलावरों ने फायरिंग की जिसके बाद उनके ऊपर जवाबी कार्रवाई भी की गई। कुछ घंटों तक चली इस गोलीबारी में 3 हमलावरों को मार गिराया गया है। वहीं 18 लोग घायल हो गए हैं। हमले के दौरान होटल में कई लोग फंसे थे। गोलीबारी अब खत्म हो गई है। सूत्रों ने बताया कि मध्य काबुल में एक इमारत के अंदर हथियारबंद लोगों ने गोलियां चलाईं जिसमें कुछ विदेशी ठहरे हुए हैं। मध्य काबुल में शहर-ए-नौ इलाके के निवासियों ने कहा कि पहले यहां एक जोरदार धमाका हुआ जिसके बाद गोलीबारी हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमला एक होटल में किया गया जहां आमतौर पर चीनी और अन्य विदेशी रहते हैं। इस हमले के दो वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो में जहां आग की लपटें नजर आ रही हैं, तो वहीं दूसरे वीडियो में ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनी जा सकती है। अभी तक किसी ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी।

## एससी ने सिसोदिया को फटकारा कहा- तो परिणाम भी भुगतना होगा



एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि 'यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे, तो आपको अंजाम भुगतने होंगे।' सिसोदिया ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा उनके खिलाफ दायर किए गए एक आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। सिसोदिया ने सरमा के खिलाफ पीपीई किट खरीद में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। असम के मुख्यमंत्री ने इसको लेकर आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था। यह विषय सोमवार को न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। पीठ ने कहा, 'यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे, तो आपको अंजाम भुगतने होंगे।'

## सीबीआइ ने अमेजन धोखाधड़ी मामले की जांच शुरू की

नयी दिल्ली। सीबीआइ ने दो भारतीय कलाकारों की ओर से अमेरिका में अमेजन के ग्राहकों से कथित तौर पर ठगी करने के मामले में जांच शुरू कर दी है। इसके लिए उन्होंने ग्राहकों के कंप्यूटर पर बाल यौन शोषण सामग्री डाल दी और सुरक्षा के एवज में पैसे की मांग की। अधिकारियों ने कहा कि ई-कॉमर्स दिग्गज के ग्राहक सेवा एजेंट होने की आड़ में ग्राहकों को धोखा देने के लिए अमेजॅन की शिकायत पर एजेंसी ने सुभाल्स आईटी सॉल्यूशंस के सचितानंद तिवारी और आयुष तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, घिसे-पिटे तौर-तरीकों का इस्तेमाल करते हुए।

## बड़ी राहत: 11 महीने के निचले स्तर पर आयी खुदरा महंगाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 11 महीने के निचले स्तर 5.88 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अक्टूबर में यह 6.77 प्रतिशत थी। सोमवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। जनवरी-सितंबर, 2022 के दौरान लगातार 3 तिमाहियों के दौरान औसत मुद्रास्फीति मुद्रास्फीति लक्ष्य के ऊपरी सहिष्णुता स्तर 6 प्रतिशत के ऊपर थी। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान औसत मुद्रास्फीति 6.3 प्रतिशत थी, अप्रैल-जून की अवधि में यह 7.3 प्रतिशत थी और सितंबर तिमाही में यह घटकर 7 प्रतिशत हो गई थी। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन में 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। उससे पहले सरकार ने सोमवार को आरबीआई की उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, जिसमें यह बताया गया है कि केंद्रीय बैंक लगातार तीन तिमाहियों के लिए लक्षित 6 प्रतिशत की ऊपरी सीमा के भीतर मुद्रास्फीति क्यों नहीं रख सका। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में दिए गए एक लिखित जवाब में कहा, 'हां सर, आरबीआई ने सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है, जैसा कि आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45जेडएन और आरबीआई मौद्रिक नीति समिति और मौद्रिक नीति प्रक्रिया विनियम, 2016 के नियमन 7 के तहत अनिवार्य है।'

## नोरा फतेही ने जैकलीन के खिलाफ दर्ज कराया केस



नयी दिल्ली। अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपमानजनक टिप्पणी के लिए सोमवार को साथी कलाकार जैकलीन फर्नांडीज और 15 मीडिया घरानों के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया। उन्होंने मीडिया संगठनों पर टिप्पणियों को 'आगे ले जाने और उसे प्रसारित करने' का आरोप लगाया। फतेही ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी कलाकार और मीडिया संगठन 'एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे थे'। नोरा ने अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में कहा है, शिकायतकर्ता के वित्तीय, सामाजिक और व्यक्तिगत पतन को सुनिश्चित करने के लिए अभियुक्त नंबर 1 द्वारा एक साजिश रची गई थी और उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। जिस टिप्पणी का जिक्र नोरा फतेही ने अपनी शिकायत में किया है, वह जांच की जा रही 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले से जुड़ी है।

**कोर्ट में पेश हुई जैकलीन**

जैकलीन फर्नांडीज 200 करोड़ रुपये के मनी लॉड्रिंग प्रकरण में सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी।




## मां का आशीर्वाद मोरक्को की सफलता का राज



एजेंसी

दोहा। पुर्तगाल को क्वार्टर फाइनल में 1-0 से हराने के बाद अल थुमामा स्टेडियम की पिच पर मोरक्को के फुटबालर सोफियान बोउफाल का अपनी मां के साथ डांस का नजारा दुनिया भर में छा गया है। यह अकेले सोफियान नहीं है जो अपने साथ विश्वकप में मां को लेकर आए हैं।

मोरक्को के कोच वालिक रेगरागुई के निर्देश पर पूरी टीम के सदस्य अपने साथ माता या पिता को लेकर आए हैं। खुद रेगरागुई अपने साथ अपनी मां फातिमा को लेकर आए हैं। ये सभी मोरक्को टीम के बेस विंडहम दोहा वेस्ट बे होटल में रुके हैं। अब तो मोरक्को की टीम और रॉयल मोरक्को फुटबाल फेडरेशन भी मानने लगा है कि कतर में उनके देश की सफलता के पीछे माताओं के आशीर्वाद का बड़ा हाथ है।

**हकीमी की मां ने दूसरों के घरों पर किया काम :** स्पेन को अंतिम-16 में शूटआउट में हराने के बाद मोरक्को के फुटबालर अशरफ हकीमी सीधे स्टैंड में गए और अपनी मां का माथा चूमते हुए उन्हें गले लगा लिया। हकीमी की मां ने उन्हें फुटबालर बनाने के लिए दूसरों के घरों में काम किया। इस काम के जरिए मिली राशि से उन्होंने हकीमी को फुटबाल की ट्रेनिंग कराई साथ ही उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत करने के लिए उचित खुराक भी दिलाई। हकीमी कई मौकों पर अपनी मां के त्याग का उल्लेख कर चुके हैं। यही कारण है कि विश्वकप में अपनी टीम को सफलता मिलने पर वह मां का आशीर्वाद लेने से नहीं चूके।

**टीम बेस होटल में समर कैंप जैसा माहौल :** टीम बेस होटल में माताओं को साथ ठहराने से मोरक्को के कैंप में किसी समर कैंप जैसा माहौल है। उन्हें न तो घर की कमी सता रही है और न ही घर के खाने की कमी महसूस हो रही है।

**कोच ने माताओं को साथ लाने की बनाई योजना :** अमूमन यूरोपीय और अमेरिकी देश के फुटबालर विश्वकप में अपने साथ पत्नियों और प्रेमिकाओं को साथ लाते हैं, लेकिन यह मोरक्को के कोच वालिद रेगरागुई का दिमाग था जिन्होंने विश्वकप में फुटबालरों के साथ माता-पिता को लाने की योजना बनाई।

## भारत ने जीत के साथ शुरू किया नेशन्स कप अभियान

वैलेंसिया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशन्स कप 2022 में चिली को 3-1 से हराकर अपने अभियान की जोरदार शुरूआत की है। भारत के लिये संगीता कुमारी (तीसरा मिनट), सोनिका (11वां मिनट) और नवनीत कौर (32वां मिनट) ने गोल किये। चिली का एकमात्र गोल फर्नांडा विलाग्रन (44वां मिनट) की हॉकी से निकला।

## केंद्रीय अनुबंध खो सकते हैं रहाणे ईशांत और साहा

मुंबई। बीसीसीआइ जल्द ही अगले सीजन (2022-23) के लिए केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर सकता है। इस बार ईशांत शर्मा, ऋद्धिमान साहा और अजिंक्य रहाणे की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जगह खतरे में पड़ती दिखाई पड़ रही है। ये तीनों खिलाड़ी पिछले कुछ समय से टीम में नहीं हैं और बीसीसीआइ इन्हें पूरी तरह से किनारे करने की सोच रहा है। वहीं, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक को प्रमोशन मिल सकता है।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सुपर ओवर में हराया



मुंबई। भारत ने स्मृति मंधाना (79) के विस्फोटक अर्द्धशतक और ऋचा घोष (26 नाबाद) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत रोमांच से भरे महिला टी20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को सुपर ओवर में मात दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथ मूनी (82 नाबाद) और मैकग्रा (70 नाबाद) के विस्फोटक अर्द्धशतकों की मदद से 187 रन बनाये। भारत को जब जीत के लिये आखिरी गेंद पर पांच रन चाहिये थे तब देविका वैद्या ने चौका लगाकर मैच को सुपर ओवर में पहुंचा दिया। स्मृति ने सुपर ओवर में भी एक चौका और एक छक्का लगाकर भारत को 20 रन तक पहुंचाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 21 रनों की रक्षा की जिम्मेदारी रेणुका सिंह को दी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया 16 रन ही बना सका भारत ने इस जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली है।

## इंग्लैंड ने रोमांचक टेस्ट में पाक को 26 रन से हराया

मुल्तान। इंग्लैंड ने सऊद शकील (94) के जुझारू अर्द्धशतक के बावजूद पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में सोमवार को 26 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 355 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान टेस्ट के चौथे दिन 328 रन पर ऑलआउट हो गयी। इंग्लैंड ने 22 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला जीती है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND
REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!